4 रायपुर संभाग
20 करोड़ के लागत से मॉडल बनेगा बलौदाबाजार का...

6 अभिमत
यूनुस को जिम्मेदारी मोदी की मुबारकवाद

09 विविध
तिरंगे के रंग में रंगा बालोद शहर, 351 फीट लंबा...

10 संस्कारधानी
7 महीनों में नहीं सुधर सके हालात...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 13 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-351 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### सीएम साय आज गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले और राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले और राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री साय दोपहर 2 बजे अपने निवास कार्यालय में माई एफ एम रेडियो चैनल के 'एक पेड़ महतारी के नाम' अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर 2.15 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपेड रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 2.55 बजे गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के गौरेला स्थित गुरूकुल खेल मैदान पहुंचेंगे और वहां अपरान्ह 3 बजे आयोजित 'राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जयंती' समारोह में शामिल होंगे।

### हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से अडानी की कंपनियों के शेयर चार प्रतिशत लुढ़के




**मुंबई।** अडानी और हिंडनबर्ग विवाद में पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) प्रमुख माधबी बुच के खिलाफ लगाए गए आरोपों के बाद निवेशकों के सुरक्षित निवेश की ओर रुख करने से अडानी समूह की कंपनियों के शेयर चार प्रतिशत लुढ़क गए। सहमे निवेशकों की सतर्कता से अडानी समूह की कंपनियों अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी टोटल गैस, अडानी विल्मर, अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडानी पोर्ट्स और अडानी एंटरप्राइजेज के शेयरों में कारोबार शुरू होते ही सात प्रतिशत तक की गिरावट आई।

### उतार-चढ़ाव के बाद गिरा बाजार

**मुंबई।** अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधबी बुच और उनके पति धवल बुच पर अदानी समूह के ऑफशोर फंड में हिस्सेदारी रखने के आरोप को लेकर मचे घमासान से सहमे निवेशकों की सतर्कता के कारण उतार-चढ़ाव से गुजरकर शेयर बाजर गिरकर बंद हुआ।

# सिद्धेश्वरनाथ मंदिर भगदड़ में 7 कांवरिया की मौत, 25 घायल

एजेंसी जहानाबाद
www.dailypioneer.com



बिहार के जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र में सावन के चौथे श्रावणी मेले के दौरान बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में हुयी भगदड़ में छह महिला समेत सात लोगों की दबकर मौत हो गयी तथा 25 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि चौथी सोमवारी पर बराबर पहाड़ पर बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए रविवार देर रात श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान हुयी भगदड़ में छह महिला समेत सात लोगों की दबकर मौत हो गयी तथा 25 अन्य घायल हो गये। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गेल्ह विगहा निवासी राजू कुमार की पत्नी सुशीला देवी (42), शिवशंकर नगर निवासी राकेश कुमार की पत्नी किरण कुमारी (24), गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र के मउ बाजार निवासी निवासी पूनम देवी (35), जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के लडौआ गांव निवासी निशा कुमारी (20), परसबिगहा थाना क्षेत्र के खगडीया विगहा निवासी निशा देवी (32),पाली थाना क्षेत्र के महादेवपुर गांव निवासी बबीता कुमारी (42) और नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव निवासी प्यारे पासवान (35) के रूप में की गयी है। घायलों को मखदुमपुर रेफरल अस्पताल और जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव में जुट गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 05 अगस्त को सावन की तीसरी सोमवारी को बिहार में वैशाली जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र में बिजली का करंट लगने से नौ कांवरिया की मौत हो गयी थी तथा तीन अन्य झुलस गये थे।

# देशभर के रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

एजेंसी नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक अस्पताल में एक महिला रेजिडेंट डाक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में देशभर के सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डाक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल का आयोजन फेडरेशन आफ आल इंडिया रेजिडेंट डाक्टर एसोसिएशन ने किया है।रेजिडेंट या जूनियर डाक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को देखते हुए देश के सभी सरकारी अस्पतालों ने व्यापक प्रबंध किये हैं जिससे आपातकालीन सेवायें बाधित नहीं हो। सभी वरिष्ठ डाक्टरों के अवकाश और दौरे रद्द कर दिये गये हैं और उन्हें संबंधित अस्पतालों के विभागों में पहुंचने को कहा गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार ओपीडी, आपरेशन और अन्य सेवाओं को बहाल रखने के लिए उचित उपाय किये हैं। लोक नायक अस्पताल और सफदरजंग अस्पताल में ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी और वार्ड सेवा पूरी तरह से बंद नहीं होंगी। सफदरजंग अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर, जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर, विशेषज्ञ काम करेंगे। शिक्षकों को भी काम करने के लिए कहा गया है। रेजिडेंट डाक्टर दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। इस बीच कोलकाता के संबंधित अस्पताल के प्रमुख ने त्यागपत्र दे दिया है।

## मोदी ने पेरिस ओलंपिक के समापन पर भारतीय दल की सराहना की

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के पेरिस में आयोजित ओलंपिक के समापन पर भारतीय दल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने भारतीय एथलीटों को नायक बताते हुए उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, पेरिस ओलंपिक के समापन पर, मैं खेलों के माध्यम से पूरे भारतीय दल के प्रयासों की सराहना करता हूं। सभी एथलीटों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और हर भारतीय को उन पर गर्व है। हमारे खेल नायकों को उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि भारतीय दल ने पेरिस ओलंपिक खेलों में एक रजत एवं पांच कांस्य पदक सहित कुल छह पदक जीते।

## यूजीसी-नेट 2024 रद्द करने के सरकार के आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग- राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) 2024 को रद्द करने के केंद्र सरकार के आदेश के खिलाफ दायर जनहित याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दी कि पुनर्निर्धारित 21 अगस्त को परीक्षा आयोजित करने के निर्णय में इस स्तर पर हस्तक्षेप करने से पूरी तरह अराजकता फैल जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने परवीन डबास और अन्य की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि परीक्षाएं तय तिथि के अनुसार होनी चाहिए। पीठ ने कहा, हम एक आदर्श दुनिया में नहीं हैं। परीक्षाएं 21 अगस्त को होने दें। विद्यार्थियों के लिए निश्चितता होनी चाहिए। पीठ ने कहा, वर्तमान स्थिति में याचिकाकर्ताओं ने सरकार के निर्णय को चुनौती दी है। लगभग दो महीने बीत चुके हैं। याचिका पर विचार करने से अनिश्चितता बढ़ेगी और परिणामतः घोर अराजकता होगी। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उस समय नीट के मुद्दे के कारण सरकार दोगुनी सावधानी बरत रही थी और प्रश्नपत्र सार्वजनिक होने के आरोपों के कारण यूजीसी नेट परीक्षा को रद्द करने का निर्णय सरकार ने लिया था। शीर्ष अदालत ने परवीन डबास और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि केवल 47 याचिकाकर्ता हैं।

## दिल दहलाने वाली है दुष्कर्म के बाद महिला डॉक्टर की हत्या : प्रियंका गांधी

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि कोलकाता के मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डाक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या दिल दहलाने वाली अत्यधिक गंभीर घटना है और इस तरह के अपराधियों को कठोर सजा दी जानी चाहिए। कांग्रेस महासचिव ने कहा कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना दिल दहलाने वाली है। कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा देश में बहुत बड़ा मुद्दा है और इसके लिए ठोस प्रयास की जरूरत है।

## पीएम ओली ने पीएम मोदी को नेपाल आने का निमंत्रण दिया

पायनियर संवाददाता काठमांडू/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी को नेपाल की आधिकारिक यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री ओली ने भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री के माध्यम से यह निमंत्रण दिया, जिन्होंने सिंह दरबार में उनसे मुलाकात की। मिस्री की यह यात्रा ओली की हाल ही में नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति के बाद दोनों देशों के बीच पहली उच्च स्तरीय बातचीत है। दो दिवसीय नेपाल यात्रा पर आए विदेश सचिव मिस्री ने उप प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री बिष्णु पौडेल से शिष्टाचार भेंट की। वित्त मंत्रालय में आयोजित बैठक के दौरान दोनों ने आर्थिक एवं विकास सहायता, चल रही परियोजनाओं की प्रगति, दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने उपप्रधानमंत्री एवं शहरी विकास मंत्री प्रकाश मान सिंह से भी मुलाकात की, जिस दौरान दोनों पक्षों ने नेपाल-भारत सीमा पर सीमा पार आवाजाही से संबंधित समस्याओं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उप प्रधानमंत्री के सचिवालय के अनुसार नेपाल और भारत के बीच सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर भी चर्चा की गई। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार बैठक के दौरान सिंह ने नेपाल में बुनियादी ढांचे के विकास, भूकंप के बाद पुनर्निर्माण और कोविड-19 प्रतिक्रिया में भारत की सहायता के लिए धन्यवाद दिया। विदेश सचिव मिस्री ने नेपाल की शांति, स्थिरता और समृद्धि का निरंतर समर्थन करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। भारतीय विदेश सचिव मिस्री अपने नेपाली समकक्ष सेवा लामसाल के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को काठमांडू पहुंचे। काठमांडू में उनका पहला दिन काफी व्यस्त रहा। उन्होंने राष्ट्रपति पौडेल, प्रधानमंत्री ओली, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल से शिष्टाचार भेंट की।

## मार्ग क्षतिग्रस्त होने से बालटाल से अमरनाथ यात्रा दूसरे दिन भी स्थगित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में भारी वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत की वजह से सोमवार को दूसरे दिन भी बालटाल मार्ग से अमरनाथ यात्रा स्थगित रही। अधिकारियों ने बताया कि गंदेरबल जिले में बालटाल



आधार शिविर से गुफा मंदिर जाने के लिये यात्रियों के किसी नए जत्थे को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि केन्द्र शासित प्रदेश में हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए मार्ग पर मरम्मत का कार्य चल रहा है, जिससे इसे अमरनाथ यात्रियों के लिये सुविधाजनक बनाया जा सके। अधिकारियों के अनुसार, भारी बारिश के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त होने के बाद छह अगस्त को दक्षिण कश्मीर में पारंपरिक नुनवान पहलगाम की ओर से भी यात्रा स्थगित कर दी गई थी। यात्रा के पहलगाम मार्ग पर पहले से ही आवश्यक मरम्मत और रखरखाव का काम चल रहा है। उल्लेखनीय है कि वार्षिक 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा 29 जून को गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के नुनवान पहलगाम मार्गों से शुरू हुई और 19 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी।

## सीबीआई मामले में केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में शीघ्र सुनवाई के संकेत

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली उनकी (मुख्यमंत्री) याचिका पर शीघ्र सुनवाई का संकेत दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विचार करने का संकेत देते हुये वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी और चंद्र उदय सिंह से मामले से संबंधित एक अनुरोध ईमेल के जरिये भेजने को कहा। दोनों अधिवक्ताओं ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान केजरीवाल का पक्ष रखते हुये उनकी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध का अनुरोध किया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केजरीवाल के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज मुकदमा रद्द करने और जमानत के लिये दायर उनकी याचिकायें पांच अगस्त को खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने अपना आदेश सुनाते हुये कहा था कि सीबीआई के पास केजरीवाल को गिरफ्तार करने का पर्याप्त कानूनी आधार था। न्यायमूर्ति कृष्णा ने कहा था, यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी न्यायोचित कारण के की गयी। उच्च न्यायालय ने तब गुण-दोष के आधार पर इस मामले में कोई निर्णय लेने से इनकार कर दिया, लेकिन निचली अदालत का दरवाजा खटखटाने की छूट दी थी एकल पीठ ने जमानत याचिका पर कहा था कि याचिकाकर्ता को निचली अदालत जाने की छूट है। एकल पीठ के समक्ष सीबीआई के पुलिस अधिक्षक डी पी सिंह ने दलील देते हुए कहा था कि आरोपी केजरीवाल भ्रष्टाचार के इस मामले 'सूत्रधार' हैं और उनके खिलाफ इस मामले में स्पष्ट सबूत हैं। ईडी ने 21 मार्च और सीबीआई में 26 जून 2024 को आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने प्रवर्तन निदेशालय के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को अदालत की अनुमति के बाद 25 जून को पूछताछ और फिर 26 जून को गिरफ्तार किया था।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर सभी नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक आयोजित किए गए थे

## जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में प्रदेश भर में मिले 1.12 लाख आवेदन, 45 हजार मौके पर ही निराकृत

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में विगत 27 जुलाई से 10 अगस्त तक संचालित जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का बेहतर प्रतिसाद लोगों को मिला है। पखवाड़ा के दौरान प्रदेश भर में आयोजित शिविरों में कुल एक लाख 12 हजार आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से करीब 45 हजार आवेदनों को मौके पर ही निराकृत किया गया। दूसरे विभागों से संबंधित आवेदनों को संबंधित विभाग को प्रेषित करने के बाद शेष आवेदनों का परीक्षण कर शीघ्र निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के साथ ही क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों को यथासंभव ज्यादा से ज्यादा आवेदनों को मौके पर ही निराकृत करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने खुद कई शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी थी। राज्य के सभी 184 नगरीय निकायों में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित 15 हजार 700 आवेदन मिले जिनमें से 1200 का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर स्थल पर ही हितग्राहियों को पात्रतानुसार नए आवास की स्वीकृति, आवास आवेदन की त्रुटियों का निराकरण, किस्त का भुगतान तथा अधूरे आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के संबंध में कार्यवाही की गई। पेयजल समस्या से जुड़े 4500 आवेदनों में से 700 का शिविर में ही समाधान किया गया। इस दौरान लोगों की मांग एवं शिकायत के अनुसार नए नल कनेक्शन, पाइपलाइन का विस्तार, पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत, पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याओं को निराकृत किया गया। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, नाली सफाई, पानी निकासी तथा साफ-सफाई से संबंधित शिकायतों का तत्परता से निराकरण किया गया। नगरीय निकायों की टीम द्वारा कचरा एकत्रीकरण एवं उठाव से संबंधित 1500 आवेदनों में से 700 को शिविर स्थल पर ही निराकृत किया गया। निराश्रितों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन में आ रही समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण कर पेंशन की राशि प्रदान की गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन संबंधी प्राप्त 1950 आवेदनों में से निकाय स्तर के 550 आवेदनों को तत्काल निराकृत किया गया। शेष आवेदनों के परीक्षण की कार्यवाही जारी है। नगरीय निकायों में आयोजित शिविरों में सड़क व नाली मरम्मत तथा निर्माण कार्य से जुड़े 14 हजार 500 आवेदनों में से 600 आवेदनों को तत्काल स्वीकृत कर सड़क और नाली मरम्मत के कार्य किए गए। शेष मांगों के अनुरूप नई नाली और सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए पूर्ण प्रस्ताव तैयार कर उचित माध्यम से विभाग को प्रेषित किए जा रहे हैं। नवीन निर्माण कार्यों से संबंधित प्रस्ताव स्थल चयन तथा जांच के उपरांत निकाय के माध्यम से शासन को भेजे जाएंगे। जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान शिविर स्थल पर ही संपत्ति कर के भुगतान की सुविधा मुहैया कराई जा रही थी। नए भवनों के संपत्ति कर एवं संपत्ति निर्धारण संबंधी शिकायतों के निराकरण के साथ ही इनसे संबंधित 600 आवेदनों में से 350 को मौके पर ही निराकृत किया गया। शिविर स्थल पर ही संपत्ति के नामांतरण, नए भवन निर्माण की स्वीकृति तथा नियमितीकरण संबंधी मांगों का यथासंभव निराकरण किया गया। इनसे जुड़े 700 आवेदनों में से 50 का त्वरित निराकरण किया गया। शेष आवेदन जिला कार्यालय या नगर निवेश से संबंधित होने के कारण इन विभागों के समन्वय से निराकृत किए जाएंगे।

## एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते पटवारी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मंगलूराम एवं योगेन्द्र बघेल ग्राम नकटी तिल्दा, रायपुर के निवासी है जिनके द्वारा एसीबी रायपुर



में शिकायत की गई थी कि ग्राम नकटी स्थित भूमि की बिक्री का सौदा दोनो ने आपस में तय किया हैं, बिक्री के लिये सत्यापित बी-1 एवं खसरे में सुधार के लिये पटवारी बृजेश मिश्रा द्वारा दानो से 30 हजार रूपये रिश्वत के रूप में मांग की गई हैं, जिसमें से 10 हजार रूपये उसके द्वारा ले लिया गया है एवं शेष राशि में 10-10 हजार की किश्तो में लेने के लिये सहमत हुआ है। दोनों प्रार्थी पटवारी को रिश्वत नहीं देना चाहता थे बल्कि उसे रंगे हाथों पकड़वाना चाहते थे अतः शिकायत का सत्यापन पश्चात् एसीबी रायपुर द्वारा ट्रेप आयोजित कर 12.08.2024 को दूसरी किश्त 10 हजार रूपये रिश्वती रकम लेते हुये पटवारी बृजेश मिश्रा को रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही की जा रही है।

## जून में औद्योगिक उत्पादन 4.2 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



खनन, विनिर्माण और विद्युत क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन की बदौलत इस वर्ष जून में देश का औद्योगिक उत्पादन साल-दर-साल आधार पर 4.2 प्रतिशत बढ़ा जबकि इसके पिछले महीने मई में यह 6.2 प्रतिशत और पिछले साल इसी महीने में चार प्रतिशत रहा था। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, जून 2023 की तुलना में जून 2024 में खनन क्षेत्र की वृद्धि दर 10.3 प्रतिशत, विनिर्माण क्षेत्र की 2.6 प्रतिशत और बिजली क्षेत्र की वृद्धि दर 8.6 प्रतिशत रही है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के प्रदर्शन को देखते हुए औद्योगिक उत्पादन में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। समग्र आईआईपी में 77 प्रतिशत से अधिक का भार रखने वाला विनिर्माण क्षेत्र वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून अवधि में 3.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, पूंजीगत सामान खंड ने इस साल जून में 2.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि 2023 में इसी महीने में 2.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। जून में उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में 1.4 प्रतिशत की कमी आई। इसी तरह बुनियादी ढांचे और निर्माण से संबंधित वस्तुओं में जून 2024 में 4.4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि देखी गई।

# देशव्यापी नशामुक्ति अभियान के तहत छात्राओं को समाज को नशा मुक्त करने की दिलाई गई शपथ

## कलेक्टर ने किया आहवान कि बेटियां पूरे समाज को नशा मुक्त करने अग्रणी भूमिका निभाएं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com







देशव्यापी नशा मुक्ति अभियान के तहत जे.आर.दानी स्कूल की छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। उन्हें केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग डॉ वीरेन्द्र कुमार ने वर्चुअल रूप से शामिल होकर शपथ दिलाई कि नशे के खिलाफ खड़ी रहेंगी और कि इस अभियान के अंर्तगत एकजुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि देश को नशा मुक्त करने के लिए अपनी क्षमता अनुसार हरसंभव प्रयास करेंगे। साथ ही राज्य मंत्री रामदास अठावले, विभागीय सचिव अमित यादव, कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा, नशा केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार और समाज की समृद्धि को भी प्रभावित करता है। हमारी कोशिश है कि युवा पीढ़ी को इस बुरी आदत से बचाएं और उन्हें एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने छात्राओं के मध्य आयोजित इस कार्यक्रम को आयोजित करने के कारण चर्चा करते हुए कहा कि बेटियां परिवार की धुरी होती हैं, वह अपना स्वयं का घर ही नहीं पूरे परिवार को सम्हालती हैं। बेटियां नशे के प्रति जागरूकता होंगी, तो अपने पूरे परिवार को नशे से दूर रखने में योगदान देंगी। डॉ गौरव सिंह ने कहा कि आज जब इस कार्यक्रम के बाद अपने घर जाएं तो यह संकल्प लेंकर जाएं की अपने घर में और आस पास सभी को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। कलेक्टर ने नशा शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि किसी कथन-शब्द को यह इस रूप में ग्रहण करें यह किसी भी व्यक्ति कि दृष्टिकोण पर निर्भर करता है। हम उसे नकारात्मक रूप से लेंगे तो हमें नुकसान पहुंचाएगा और सकारात्मक रूप में लें तो वास्तव में यह जीवन में बदलाव लाएगा। वास्तव में नशा होना चाहिए आगे बढ़ने का, किसी लक्ष्य को पाने का, पढ़ाई में अच्छे नंबर लाने का, अच्छा कैरियर बना कर देश के प्रति सेवा करने। डॉ सिंह ने कहा कि प्रायः देखा गया है कि सड़क दुर्घटना का कारण नशा होता है। यह उस शरीर को व्यक्तिगत नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ अन्य लोंगो को नुकसान पहुंचाता है। यह हम सबको तय करना होगा कि क्या बुरा है क्या अच्छा है। उन्होंने छात्राओं सहित उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों से आहवान किया कि वे नशे के विरूद्ध इस अभियान में स्वयं भी शामिल हों और आस पास के सभी लोंगो को भी प्रेरित करें और पूरा समुदाय शामिल हो। कार्यकम को जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर, समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक नदीम काजी, मुक्ति भारत अभियान की स्टेट को-ऑडिनेटर प्रियंका यादव, सर्व शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक के.एस. पटले, दानी स्कूल के प्राचार्य हितेश दीवान भी उपस्थित थे। इस दौरान मठपुरैना ब्लाईड स्कूल के छात्रों ने संगीत की प्रस्तुति दी, साथ ही संगी मितान सेवा संस्थान द्वारा नुक्कड नाटक का भी मंचन किया गया। इस पहल से स्कूल की छात्राओं में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ी है और उन्होंने नशे से दूर रहने की दृढ़ प्रतिज्ञा की है।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं माँ बनभौरी परिवार ने किया एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन











पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं माँ बनभौरी परिवार रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 11 अगस्त रविवार को प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक रोसवे रिसॉर्ट रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. नरेश वर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. हरप्रिया साहू एवं, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुलिका उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, ईसीजी का निःशुल्क जाँच किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमृत सरोवरों के निकट किया जाएगा ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 77वां स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक अमृत सरोवर स्थलों में विशेष उत्सव कार्यक्रम के आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में राज्य शासन के महात्मा गांधी नरेगा आयुक्त ने सभी जिला कलेक्टरों को कार्यक्रम आयोजन के संबंध में पत्र लिखा है। अमृत सरोवर, पर्यावरण की स्थिरता और सामुदायिक विकास के प्रति हमारी प्रतिबध्दता का प्रतीक होने के कारण स्वतंत्रता दिवस जैसे ऐतिहासिक समारोह के आयोजन हेतु उपयुक्त स्थल है। इसके तहत अमृत सरोवर स्थलों में ध्वजारोहण के आयोजन उपरांत राष्ट्रीय गान का गायन किया जाएगा। इसके साथ ही आमजन द्वारा ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुये अमृत सरोवर स्थलों को शामिल करते हुये तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। समुदाय के सदस्यों और स्थानीय स्कूल के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक का मंचन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक दिन के प्रभाव को बनाये रखने एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु अभियान चलाकर व्यापक वृक्षारोपण किया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता और हरियाली को स्थायी बनाये रखने हेतु अमृत सरोवर स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा तथा स्वतंत्रता दिवस की महत्ता, पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास आदि बिंदुओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुये सामूहिक परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी परिचर्चा आदि कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

# अचानक पहुंचे संभागायुक्त कावरे एसडीएम और तहसील कार्यालय, जांचे रिकार्ड

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



संभागायुक्त महादेव कावरे ने रायपुर के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय और तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कावरे सुबह 10 बजे एसडीएम कार्यालय पहुंचे और उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से राजस्व प्रकरणों की जानकारी तलब की। उन्होंने राजस्व संबंधी विवादित और अविवादित प्रकरणों का जल्द निपटारा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये ताकि लंबित प्रकरणों की संख्या कम हो और लोगों को सहुलियत मिले। कावरे ने कार्यालयों में आने वाले लोगों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनने और जल्द समाधान करने को कहा ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर ना काटना पड़े। उन्होंने कहा कि आवश्यकता होने पर ही पक्षकार को बुलाया जाकर प्रकरणों पर त्वरित आदेश पारित करें। संभागायुक्त ने बटांकन के लिए अभियान चलाकर निपटारा करने और सीमांकन के प्रकरणों का समय-सीमा में समाधान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कार्यालय में टूटे-फूटे कुर्सी, टेबलों-फर्नीचर की तत्काल मरम्मत कराने को कहा। कावरे ने कर्मचारियों के टेबलों पर पद तथा नाम प्रदर्शित करने वाली पट्टिकायें भी लगाने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने एसडीएम कार्यालय के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को टाईम टेबल बनाकर आवेदकों को बुलाने का सुझाव दिया। उन्होंने आवक-जावक शाखा का भी निरीक्षण किया और रिकार्ड दुरूस्त रखने और स्टॉक पंजी संधारण करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने स्टॉक के वेरिफिकेशन का सुझाव भी दिया। उन्होंने नजूल शाखा के निरीक्षण के दौरान कैश बुक और पंजीकरण रजिस्टर दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने लंबे समय से आदेश के लिए लंबित रखे गए प्रकरणों का भी अवलोकन किया और बिना किसी उचित कारण के आदेश लंबित रखने पर एसडीएम नंदकुमार चौबे को कारण बताओ नोटिस जारी किया। कमिश्नर कावरे ने रायपुर तहसील कार्यालय में कानून गो, वित्त, नाजिर शाखा, डब्ल्यूबीएन, रिकार्ड रूम सहित विभिन्न शाखाओं में संधारित पंजीयों और दस्तावेजों का निरीक्षण किया। संभागायुक्त ने तहसीलदार न्यायालय के प्रकरणों को बारिकी से जांचा और कई प्रकरणों के ऑनलाईन पंजीयन नहीं होना पाये जाने पर तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। कावरे ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों को नामाकन, सीमांकन इत्यादि प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निपटारा करने के निर्देश दिये। उन्होंने आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र भी निर्धारित समय-सीमा में बनाने को कहा।

# मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं सदस्यों ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष आर. एस. विश्वकर्मा एवं सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सदस्यों को उनकी नवीन नियुक्ति के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोग के सदस्य कृष्णा प्रसाद गुप्ता, यशवंत वर्मा, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव, नीलांबर नायक और शैलेन्द्री परगनिया भी उपस्थित थीं।

# बीड़ी एवं खदान श्रमिकों के अध्ययनरत् संतानों से वित्तीय सहायता के तहत छात्रवृत्ति के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित

**रायपुर।** भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन कार्यरत् श्रम कल्याण संगठन, रायपुर परिक्षेत्र द्वारा शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के तहत छत्तीसगढ़ के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइट, लौह, मैग्जीन, कोम अयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत् संतानों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। इस वित्तीय सहायता योजना के अंतर्गत कक्षा एक से उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु एक हजार रूपए से लेकर अधिकतम 25 हजार रूपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक छात्र/छात्राएं नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल https://scholarships.gov.in पर आनॅलाइन आवेदन किया जा सकता है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2024 और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2024 है। ऑनलाइन आवेदन संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए श्रम कल्याण संगठन, रायपु परिक्षेत्र कार्यालय के दूरभाष क्रमांक- 0771-2282409 और मोबाइल क्रमांक- +91-7489824599 एवं ई-मेल आईडी- wcraipur.cg@nic.in या dwc_raipur@rediffmail.com पर किया जा सकता है ।

# नवगठित 5 नगर पालिकाओं और 14 नगर पंचायतों के लिए प्लेसमेंट पर दस-दस पद स्वीकृत, राज्य शासन ने जारी किए आदेश

**रायपुर।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने पांच नवगठित नगर पालिकाओं और 14 नगर पंचायतों में प्लेसमेंट पर दस-दस पदों की स्वीकृति प्रदान की है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने मंत्रालय से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। राज्य शासन ने नवगठित अमलेश्वर, मंदिर हसौद, लोरमी, पंडरिया और बांकी मोंगरा नगर पालिकाओं तथा दाढ़ी, सरसीवा, बेरला, पामगढ़, भिंभोरी, रोहांसी, कोपरा, जनकपुर, पवनी, मरवाही, नरियरा, जरहागांव, लाल बहादुर नगर और पटना नगर पंचायतों के लिए प्लेसमेंट पर दस-दस पद मंजूर किए हैं। इनमें सफाई श्रमिकों के पांच-पांच पद तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर, पंप अटेंडेंट, वाहन चालक, भृत्य और श्रमिक के एक-एक पद शामिल हैं।

# बिलासपुर में विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस

*पर भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन*

**रायपुर।** विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के अवसर पर 14 से 16 अगस्त, 2024 तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी विद्यालय, चिंगराजपारा, बिलासपुर में एक भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाई, केंद्रीय संचार ब्यूरो, रायपुर द्वारा लगायी जा रही है। प्रदर्शनी के साथ ही साथ अन्य कई गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विद्यालयीन छात्र-छात्राएं और स्थानीय नागरिक शामिल होंगे।

# साढ़े 10 बजे की दिव्यांग शिविर 1 बजकर 20 में शुरू 2 बजे लंच कर 5 बजकर 32 मिनट में खत्म

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



स्थानीय प्रशासन के ताम झाम के बाबजूद दिव्यांग शिविर फलॉप साबित हुआ क्योंकि जो दिव्यांग शिविर साढ़े 10 बजे शुरु होना था। वहां डाक्टरों के लेट लतीफ पहुंचने से 1 बजकर 20 मिनट बाद शुरू हुआ और करीब 40 मिनट दिव्यांगो का स्वस्थ परिक्षण कर 2 बजे लंच और उसके बाद पुनः साढ़े 3 बजे स्वास्थ परिक्षण करते 5 बजकर 32 मिनट में खत्म कर दिया गया। जिसके चलते कई दिव्यांगों ने शिविर में भाग लिए बिना ही अपने अपने घर लौट गए और बचे 152 दिव्यांगो ने अपना स्वास्थ परीक्षण कराया। राज्य सरकार के निर्देशानुसार पर समाज कल्याण विभाग के नेतृत्व में जिला के देवभोग आरएमएम कार्यलय पर दिव्यांग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 5 वर्ष से लेकर उम्र दराज पीड़ित भी पहुंच रहे, जिनकी स्वास्थ्य परीक्षण के लिए नेत्र चिकित्सक पीसी पात्रे एवं नाक कान गला के विशेषज्ञ केके सहारे साथ ही मानसिक रोगी विशेषज्ञ डाक्टर अंकुश वर्मा और डाक्टर राजेंद्र निराला के अलावा एचके के चौहान गजेंद्र ध्रुव आर्थो पेडी, मुकेश कुमार हेला गरियाबंद सिविल सर्जन मौजूद थे और जांच टीम द्वारा 152 दिव्यांगों का कान आंख गला सहित अन्य शारीरिक दिव्यांगता की जांच पड़ताल किया इसके अलावा समग्र शिक्षा संकुल स्त्रोत की ओर एसडीएम तुलसी मरकाम सीईओ रवि सोनवानी बीइओ देवनाथ बघेल बीआरसीसी दुल्लूराम सोरी सहित अन्य अधिकारियों ने 7 दिव्यांग को व्हीलचेयर के साथ 1 दिवयंग को लैंप लाइट का वितरण किया मतलब पिछले बार की तुलना इस बार अधिक दिव्यांग शिविर में हिस्सा लेने की बात कही जा रही है। जबकि दूर दराज के कई दिव्यांग शिविर में हिस्सा लिए बिना ही घर लौटने की चर्चा है जबकि जनपद पंचायत द्वारा टेंड से लेकर जलपान सहित अन्य समुचित व्यवस्था किया जा रहा। हालांकि पहुंचे दिव्यांग और परिजनों के लिए काफी कम जगह रहा, तभी दिव्यांग के साथ परिजन शिविर स्थल के अलावा पान ठेला और आजू-बाजू के दुकानों में डॉक्टरों का इंतजार करते रहे।

### व्हीलचेयर मिलने से दिव्यांगो के खिले चेहरे

समग्र शिक्षा विभाग द्वारा एसडीएम तुलसीराम मरकाम सीईओ रवि सोनवानी बीईओ देवनाथ बघेल के हाथों जरूरत मंद 7 दिव्यांगो को व्हीलचेयर वितरण किया गया। इसके अलावा 1 दिव्यांग को लैंप लाइट दिया गया। जिसे प्राप्त कर दिव्यांगो के चेहरे खुशी से खिल उठे क्योंकि इन दिव्यांग को व्हीलचेयर की अतिआवश्यक बताया जाता रहा। बकायदा इसके लिए पंचायत स्तर के जिम्मेदारो से लगातार संपर्क भी किया जाता रहा, लेकिन अब जाकर व्हीलचेयर मिल पाया है जिसके बाद अब थोड़ी बहुत दिव्यांगो राहत होने की बात कही जाती है।

### यह रहें मौजुद

दिव्यांग शिविर की कमान संभालें जनपद पंचायत सीईओ रवि सोनवानी ने सुबह 9 बजे से शिविर स्थल का निरीक्षण करते पुरी व्यवस्था मुहैया करवाने में जुटे रहे दिव्यांग शिविर के दौरान तकनीकि सहायक खुबलाल ध्रुव ग्राम पंचायत सचिव टेकराम बीसी कृष्ण चंद पात्र देवीराम सोनवानी मधु यादव जितेंद्र नेताम गिरीश साहु जयलाल नागेश चितरजन ठाकुर सहित सहायक ग्रेड 3 देवानंद यदु मनीष नागेश के साथ अन्य मौजुद रहें।




# हर घर तिरंगा हर हाथ तिरंगा के तहत साप्ताहिक बाजार में बांटा तिरंगा

पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



हर घर तिरंगा अभियान को जिले में बड़े उत्साह पूर्वक शुरू किया गया। पीएम सेजेस महात्मा गांधी वार्ड के छात्रों एवं शिक्षको द्वारा संपूर्णता अभियान के अंतर्गत साप्ताहिक बाजार लंजोड़ा में हर घर तिरंगा कार्यक्रम किया गया। छात्रों द्वारा पहले नुक्कड़ नाटक की मदद से साक्षरता की अलख जगाई गई और उसके बाद पूरे बाजार में तिरंगा रैली निकाल कर तिरंगा वितरण कर हर हाथ तिरंगा अभियान चलाया गया। नुक्कड़ नाटक बृजेश (रवि) पवार एवं मालती ध्रुव द्वारा निर्देशित किया गया एवं पारस कोर्राम सहायक रहे।

### तीन रंगो का पर्व

इस कार्यक्रम के संचालक अखिलेश गायधने ने बताया कि, तिरंगा मात्र एक ध्वज नहीं अपितु हमारी शान है, उसके महत्व को हर हिंदुस्तानियों को समझना होगा, एवं हमारे इस प्रयास से हम आने वाली पीढी के लिए एक संस्कार भी छोड़ जाएंगे जिसे वे जानेंगे समझेंगे और आगे बढ़ाएंगे। आने वाला स्वतंत्रता का पर्व महज एक अवकाश का दिन ना रहकर एक यादगार दिन ,एक यादगार पर्व बने जिसे हम उत्साहपूर्वक मनाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य देश के हर घर मे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि देश के नागरिकों मे राष्ट्रीय एकता और गौरव को बढ़ाया जा सके इस अभियान में भाग लेकर देश के सभी नागरिक राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपना सम्मान प्रकट करने का अवसर है। अखिलेश गायधने ने बताया की हर घर तिरंगा अभियान के द्वारा देश के नागरिक देशभक्ति के साथ जुड़ रहे हैं और देश के लिए कुछ करने का भाव कृतज्ञ का भाव उनके अंदर बढ़ रहा है। हर घर तिरंगा अभियान हमारा कोंडागांव के शहर और नगर से आगे बढ़कर गांव गांव तक पहुंचेगी और हम सभी को तिरंगे का संदेश देने का प्रयत्न करेंगे।



## एनएसएस के माध्यम से हो रहा हर घर तिरंगा रैली का आयोजन

**कोंडागांव।** राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कोंडागांव के विभिन्न इकाइयों द्वारा जिले के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के प्राचार्य डॉ सीआर पटेल के निर्देशन एवं जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे के नेतृत्व में जिले के विभिन्न राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति का भाव प्रदर्शित किया जा रहा है। जिला संगठक शशिभूषण कन्नौज से मिली जानकारी अनुसार हर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को फहराना है। राष्ट्रीय गौरव और एकता की नई भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने नागरिकों से अपने घरों में तिरंगा फहराने और झंडे के साथ एक सेल्फी क्लिक कर इसे हर घर तिरंगा डॉटकॉम के वेबसाइट पर अपलोड करने का आग्रह भी किया। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न रासेयो इकाइयों में महाविद्यालय व स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा रैली, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, मेहंदी व मानव श्रृंखला के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का प्रतीक हमारा राष्ट्र ध्वज तिरंगा के सम्मान को जन जन को जागरूक करके देशभक्ति के भाव को बढ़ाना है।

# श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार पर श्री राघव मंदिर में किया गया पार्थिव शिवलिंग का सामूहिक महाभिषेक



पायनियर संवाददाता ≺ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर परिवार की सुख शांति समृद्धि एवं मंगलकामनाएं हेतु विक्रम संवत 2081 श्रावण शुक्ल सप्तमी एवं श्रावण मास की चतुर्थ सोमवार की पावन तिथि के सुअवसर पर 12 अगस्त सोमवार को बैलाडीला देवस्थान समिति एवं गायत्री परिवार किरंदुल के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व वर्षों की भांति श्री राघव मंदिर परिसर में पार्थिव शिवलिंग का सामूहिक महाभिषेक देव स्थान समिति के प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ला के माध्यम से नगर परिवार के श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न किया गया।

## मंजू, दीपिका व भारती साहू उत्कृष्ट शिक्षक रत्न अवार्ड 2024 से किए गए सम्मानित

**कोंडागांव।** गुरु मां मिनीमाता पुण्यतिथि के स्मृति में भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा गोंडवाना भवन धमतरी में मुख्य अतिथि मीना भारद्वाज आदर्श शिक्षिका रायपुर, कार्यक्रम के अध्यक्षता सुशीला देवी वाल्मीकि महा संरक्षक भारतीय दलित साहित्य अकादमी धमतरी, विशिष्ट अतिथि राजकुमारी साहू रायपुर, ईश्वरी देवांगन दुर्ग, रंभा देवी जोशी बस्तर के आतिथ्य में अवार्ड 2024 का राज्य अलंकरण साहू समाज की बेटियां मंजू साहू, भारती साहू व दीपिका साहू को उत्कृष्ट शिक्षक र अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि, मंजू साहू सहायक शिक्षक शासकीय नवीन प्राथमिक शाला उमरपोटी दुर्ग, दीपिका साहू, प्रधानाध्यापक शासकीय प्राथमिक शाला कुडकानार बस्तर व भारती साहू प्राधानाध्यापक शासकीय प्राथमिक शाला कोरकोटी धनोरा में पदस्थ है। तीनों अपने-अपने विद्यालय क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित सेवा एवं उत्कृष्ट कर्तव्य निर्वहन के माध्यम से विद्यालय, विद्यार्थी एवं समाज के सर्वांगीण विकास हेतु विशिष्ट दक्षता का परिचय देते हुए राष्ट्र निर्माण की दिशा में अनुकरणीय योगदान का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन किरंदुल द्वारा 15 अगस्त को निकाली जाएगी भव्य तिरंगा यात्रा

पायनियर संवाददाता ≺ किरंदुल
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना से मेटल माईंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल द्वारा प्रति वर्ष की परम्परानुसार 15 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे बीआईओपी विद्यालय से भव्य एवं ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा बाईक एवं स्कूटी रैली के रूप में निकाली जाएगी, जो कि पूरे नगर का भ्रमण करते हुए वापस बस स्टैंड किरंदुल में समापन किया जाएगा। एमएमडब्ल्यूयू के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव ए के सिंह के द्वारा समस्त नगरपरिवार, मातृशक्तियों, सर्व समाज से यह अपील की गई है कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं समरसता की भावनाओं को आम जनमानस तक व्यापक रूप से प्रसारित करने के पावन उद्देश्य में आप सभी सपरिवार सम्मिलित होकर राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव को चरितार्थ करें। एमएमडब्ल्यू यूनियन के कार्यालय सचिव राजेन्द्र यादव द्वारा यह जानकारी दी गई।

## युक्तियुक्तकरण से शिक्षा की गुणवत्ता में आएगी गिरावट-फेडरेशन

**कोंडागांव।** स्कूलों व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। हाई कोर्ट में कैविएट दायर करने के बाद अब सरकार ने नियम निर्देश जारी कर दिया है,सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फे डरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने कहा कि, युक्तियुक्तकरण को लेकर जिस तरह के नियम निर्देश जारी हुए हैं उससे साफ है की 10 से 15 हजार शिक्षक प्रभावित होंगे। कुछ शिक्षक अतिशेष होंगे तो कुछ स्कूल मर्ज होने की वजह से प्रभावित होंगे।शिक्षक संगठनों की मांग थी कि पहले प्रमोशन की प्रक्रिया पूरी होगी उसके बाद युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया हो, लेकिन सरकार की मूड से साफ है की प्रमोशन के साथ ही युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया भी चलेगी। अगस्त से शिक्षा विभाग ने युक्तियुक्तकरण को लेकर 10 पेज का नियम निर्देश जारी किया है, प्राथमिक शालाओं में प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक सहित केवल दो शिक्षकों के न्यूनतम सेटअप से साफ है की राज्य सरकार ने युक्तियुक्तकरण के जरिए स्कूलों में सेटअप बदलने की तैयारी पूरी कर ली है।

# युवा मोर्चा ने निकाली तिरंगा यात्रा बाईक रैली




पायनियर संवाददाता ≺ पखांजूर
www.dailypioneer.com

11 अगस्त को अंतागढ़ विधानसभा स्तरीय तिरंगा यात्रा कार्यक्रम पखांजूर में युव मोर्चा अध्यक्ष शंकर सरकार की नेतृत्व में भव्य मोटर साइकिल रैली निकाली गई है जिसमे विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लठिया, भाजयूमो जिला अध्यक्ष राजा पांडे, भाजपा मंडल प्रभारी विजय कुमार माण्डवी, भाजयूमो जिला उपाध्यक्ष प्रतीक ठाकुर, भाजयूमो जिला मीडिया प्रभारी राजीव श्रीवास के अथित्व में सैकड़ो मोटर साइकिल में राष्ट्र भक्तों ने रैली निकाल कर लोगो में देश प्रेम की संदेश दिया है। देश की आज़ादी का प्रतीक चिन्ह तिरंगा झंडा की सम्मान के लिए लोगो को जागरूक करने की कोशिश रैली के माध्यम से किया है साथ ही देश के लिए बलिदान हुई महापुरुषों को कभी ना भूलने, तिरंगा झंडा हमारा हमेसा ऊँचा रहे की संदेश जन जन तक पहुँचे। इस मौके पर भाजपा जिला पदाधिकारी, भाजपा अंतागढ़ विधानसभा के मण्डल, मोर्चा, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, पदाधिकारी सहित सैकड़ो की संख्या में नागरिक एवं राष्ट्र भक्तों ने उपस्थित होकर रैली में हिस्सा लिया।

# बैलाडीला कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति द्वारा जन्माष्टमी पर किया जाएगा भव्य आयोजन



पायनियर संवाददाता ≺ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौह नगरी किरंदुल में जन्माष्टमी के पावन पर्व के सुअवसर पर फुटबॉल ग्राउंड किरंदुल में प्रति वर्ष की परंपरानुसार भव्य आयोजन किया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री लड्डू गोपाल जी का झूला, आरती पूजन के साथ ही साथ प्रातः 11 बजे से फुटबॉल ग्राउंड किरंदुल में मातृशक्तियों के लिए रस्सा खींच, बच्चों के लिए एकल मटका फोड़ एवं ततपश्चात युवाओं की टोलियों द्वारा रचनात्मक तरीके से मीनार बनाते हुए ऊंचाई पर बंधे दही हांडी लूट की आकर्षक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इन समस्त प्रतियोगिताओं में विजेताओं को आकर्षक नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा तथा दही हांडी लूट में भाग लेने वाली समस्त टोलियों को भी सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उक्त आयोजन हेतु संरक्षक मंडल, पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया है।

## समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी के लिए नए किसानों का पंजीयन और रकबे में संशोधन 31 अक्टूबर तक

**कोंडागांव।** समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी के लिए एकीकृत किसान पोर्टल में 31 अक्टूबर, 2024 तक नए किसानों का पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे के संशोधन की कार्यवाही की जा रही है। एकीकृत किसान पोर्टल में धान एवं मक्का उपार्जन योजना को भी सम्मिलित किया गया है। धान एवं मक्का कृषक को समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का विक्रय करने हेतु एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग भारत सरकार के दिशा-निर्देश अनुसार खरीद कार्यों में पारदर्शिता में सुधार के लिए बायोमेट्रिक आधारित खरीद प्रणाली गत वर्ष अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में भी लागू रहेगी। विगत खरीफ वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों को आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत माना जाएगा एवं इसके लिए विगत खरीफ वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों की दर्ज भूमि एवं धान के रकबे एवं खसरे को राजस्व विभाग के माध्यम से अद्यतन करा लिया जाएगा। यह कार्य एकीकृत किसान पंजीयन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। धान के रकबे का राजस्व विभाग, सहकारिता विभाग से समन्वय कर भौतिक सत्यापन कराया जाएगा।

# बिना कागजात व तीन सवारी वालों पर पुलिस द्वारा की गई चालानी कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ≺ किरंदुल
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय के निर्देश पर एसडीओपी कपिल चंद्रा व थाना प्रभारी प्रह्लाद कुमार साहू के मार्गदर्शन में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु किरंदुल पुलिस टीम द्वारा रविवार देर रात तक रामपुर कैम्प, बीआईओपी स्कूल के समीप वाहन चेकिंग कार्य किया गया। जिसमें बिना कागजात, हेलमेट,नो पार्किंग, पीली बत्ती वाले वाहन व मोटरसाइकिल में तीन सवारी चल रहें 38 लोगों पर 300-300 रु का चालान किया गया।साथ ही तीन सवारी न चलने हेलमेट का उपयोग करने हेतु समझाईश दिया गया। मौके पर सब इंस्पेक्टर दीनानाथ वैष्णव, एएसआई अनिता चौधरी एवम पुलिस बल मौजूद था।

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश शहर में हो रहे चोरी का हुआ खुलासा



पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विक्की कुमार सोनी ने 9 अप्रैल को माकड़ी के साप्ताहिक बाजार में सोना चांदी (ज्वेलरी) दुकान लगाया था। माकड़ी बाजार में दिन में व्यापार करने के बाद शाम 5 बजे घर जाने के लिए सोने एवं चांदी के जेवर को समेट कर 2 लोहे की पेटी में डाला दोनों पेटी को प्रार्थी के एस क्रास कार के डिक्की में रखने के लिए नौकर सुखराम को भेजा तब नौकर सुखराम जेवरात से भी लोहे की पेटी को कार के डिक्की में रखने के बाद जेवर दिखाने वाली प्लेट को कार की डिक्की में डालने के लिए गया, देखा तो ऊपर वाली पेटी जिसमे केवल चांदी के जेवर थे, डिक्की में नही था, चांदी के जेवर लगभग 06 किलो वजन का था जिसकी कीमत 3 लाख रूपयें की हैं। रिपोर्ट पर 10 अप्रैल को थाना माकडी अप.क्रं. 21/2024 धारा 379 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं। पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार के निदेर्शानुसार में सायबर सेल व थाना माकड़ी से टीम गठित किया गया। सायबर सेल व थाना माकडी के टीम द्वारा चोरी के आरोपी को दीगर राज्य ओडिषा, आंध्रप्रदेष, एवं राज्य के अन्य जिलों में लगातार पता तलाष की जा रही थी, इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की चोरी का आरोपी सुदर्शन प्रधान निवासी उडिसा ने अपने साथी को जेल से छुडाने व सामान खपाने के लिए जयपुर की ओर आने की सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से 2 किलो चांदी, 400 ग्राम चांदी के बर्तन, 2 नग छोटी मुर्ति, 5 नग चादी नुमा बडी मुर्तियॅा, 1 नग मोटर सायकल कुल जुमला साढ़े चार लाख रूपये बरामद किया गया।

## जनदर्शन में 18 आवेदन प्राप्त

# तुर्रेबेड़ा की तुलसी को जनदर्शन में तुरंत मिला राशन कार्ड

पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत जब जनदर्शन में लोगों से मुलाकात कर रहे थे। इसी दौरान तुर्रेबेड़ा का परदेशी अपनी पत्नी तुलसी को व्हील चेयर में लेकर पहुंचा। उसने कलेक्टर दुदावत को बताया की तुलसी का नाम राशन कार्ड में दर्ज नहीं होने के कारण इसका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहा है, वहीं तुलसी की तबियत खराब है। इसके इलाज के लिए राशन कार्ड की अभी तत्काल आवश्यकता है। परदेशी और तुलसी की पत्नी की समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर दुदावत ने खाद्य अधिकारी को तत्काल राशन कार्ड में तुलसी का नाम दर्ज कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर दुदावत के निर्देश पर खाद्य अधिकारी ने राशन कार्ड में नाम दर्ज करवाया और कलेक्टर के हाथों इसे दंपत्ति को सौंप दिया गया, जिससे परिवार को खाद्य विभाग की योजनाओं के साथ ही तुलसी के उपचार हेतु आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सहायता मिल सके। सोमवार को जिला कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में 18 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें लंबित मजदूरी भुगतान, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, शाला भवन मरम्मत, वंशावली, स्थायी विद्युत कनेक्शन, वन भूमि सीमांकन, सड़क निर्माण, जाति, निवास प्रमाण पत्र, भूमि विवाद, वन अधिकार पत्र से संबंधित आवेदन मुख्य तौर पर थे। कलेक्टर दुदावत ने आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

# श्रावण माह के चतुर्थ सोमवार को किरंदुल के शिवालयों में हुई विशेष पूजा



पायनियर संवाददाता ≺ किरंदुल
www.dailypioneer.com

श्रावण माह के चतुर्थ सोमवार को भगवान महादेव के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई।12 अगस्त सोमवार को लौहनगरी किरंदुल के अलग अलग स्थानों में स्थित शिवालयों और नगर के गांधीनगर नंदी पर्वत पर स्थित शिव मंदिर पर सुबह से ही शिवलिंग पर जल अर्पण करने हेतु भक्तों का तांता लगा रहा।साथ ही इस अवसर पर विभिन्न शिवालयों में विशेष पूजा अर्चना कर नगर की सुख शांति समृद्धि एवम खुशहाली की कामना की गई।

## कलेक्टर कुणाल दुदावत ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। जिला कार्यालय के भू-तल स्थित सभाकक्ष में उन्होंने भावी पीढ़ी को नशा मुक्त समाज प्रदान करने के लिए एकजुट हो कर इसको समाप्त करने की शपथ दिलाई। उन्होंने नशे को समाज और परिवार के लिए नुकसानदायक बताते हुए समाज को नशामुक्त करना सभी का दायित्व बताया और समाज को नशा मुक्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर काम करने का संकल्प दिलाया।

# 20 करोड़ के लागत से मॉडल बनेगा बलौदाबाजार का आईटीआई, राजस्व मंत्री के प्रयासों से मिली स्वीकृति

## योजना के तहत नई बिल्डिंग,गार्ड रूम, पार्किंग, स्टाफ क्वार्टर का होगा निर्माण, मिलेंगी बेहतर सुविधा

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में छात्राओं को अब उद्योगों की मांग के मुताबिक आधुनिक प्रशिक्षण मिलेगा। क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयासों से प्रदेश में आईटीआई को हाईटेक बनाने की योजना के तहत औद्योगिक नगरी बलौदाबाजार के सकरी स्थित आईटीआई को मॉडल आईटीआई बनाने के लिए नवीनीकरण का काम शुरू होगा. पहले चरण में कंप्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्क मेंटनेंस, इलेक्ट्रिशियन, फिल्टर, मैकेनिक डीजल, वेल्डर, नया बिल्डिग कंट्रक्शन, गार्ड रूम कंट्रक्शन, मोटर कार पार्किंग आदि बनेगा. जिसके तहत कंप्यूटर हार्डवेयर एण्ड नेटवर्क मेंटनेंस के लिए 1 करोड 5 लाख रूपये, इलेक्ट्रिशियन के लिए 75 लाख रूपये, फिल्टर 46 लाख रूपये,मैकेनिक डीजल 44 लाख रूपये,वेल्डर के लिए 53 लाख रूपये,नया बिल्डिग कंट्रक्शन के लिए 3 करोड 44 लाख 59 हजार रूपये, गार्ड रूप कंट्रक्शन के लिए 7 लाख 42 हजार रूपये मोटर कार पार्किंग के लिए 1 करोड 25 लाख 28 हजार रूपये स्टॉफ क्वाटर निर्माण के लिए 11 करोड 75 लाख 56 हजार रूपये, बाउंड्रीवाल एवं मुख्य द्वारा निर्माण के लिए 34 लाख 80 हजार रूपये के कार्य शामिल है। पहले चरण में ये सभी निर्माण कार्य किए जाएंगे।

### क्षेत्रवासियों के लिए एक और उपलब्धि : टंकराम वर्मा

कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने इसे क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि केंद्र सरकार की आईटीआई को मॉडल आईटीआई में बदलने की योजना के तहत प्रदेश आईटीआई को अपग्रेड करने की योजना तैयार की गई है। इसके तहत यहां की आईटीआई को मॉडल आईटीआई का दर्जा मिला है। योजना के पहले चरण में प्रदेश से 160 आईटीआई के लिए 484 करोड का तीन वर्षीय प्रस्ताव स्वीकृत है जिसमें शासकीय आईटीआई बलौदाबाजार हेतु 20 करोड 13 लाख 65 हजार रुपए स्वीकृत हुए है।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का किया जाएगा आयोजन



**भंवरपुर।** फुलझर राज अध्यक्ष जगतराम यादव एवं कार्यकारी अध्यक्ष बालकराम यादव ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष बसना में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। यादवों के आराध्य देव भगवान श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव को महाउत्सव के रूप में आयोजित कर बसना के श्री रामजानकी मंदिर परिसर में यादव समाज द्वारा भव्य रूप से मनायें, जिसमें अनेंकानेक कलाकृतियों के साथ यादव समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा में पारंपारिक राऊत नाचा, किर्तन मंडली, एवं कर्मा पार्टी, भागवत पार्टी, उड़िसा से घन्ट पार्टी, एवं बागबाहरा मिनाक्षी डिजे, श्री राधा कृष्ण की झांकी निकाली जाएगी। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति का आयोजन किया जायेगा। सभी कार्यक्रम में महिलाओं की अग्रणी भूमिका रहेगी, इस महापर्व पर स्थानीय लोगों सहित आस-पास एवं दूरदराज से लगभग 9 से 10 हजार लोगों की उपस्थिति रहेगी एवं फुलझर राज झेरिया यादव समाज बसना-सरायपाली के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रहेगी। साथ ही समस्त यादव बंधुओं के लिए भंडारा भोजन व्यवस्था भी रहेगी साथ ही संध्या में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम गरियाबंद रायपुर की आर्केस्ट्रा की व्यवस्था रहेगी। बैठक में मुख्य रूप से फुलझर राज के पदाधिकारी एवं बसना तहसील के पदाधिकारी एवं केंद्रीय महिला प्रकोष्ठ एवं बसना तहसील महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं सभी परिक्षेत्र अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एवं सभी समाजिक बंधु उपस्थित रहे। यह जानकारी मिडिया प्रभारी ओमप्रकाश यादव एवं अरुण यादव ने दी।

# खट्टी और सेनभांठा के किसानों ने पतोराबांध से नहर में पानी छोड़ने की मांग



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

क्षेत्र में सप्ताह भर से अधिक हो गए है बारिश नही होने से खेत सुखकर फसल मुरझाना शुरू हो गया है सावन माह मे तेज धूप उमस के साथ ही गर्मी भी बढ़ गई है। क्षेत्र मे बारिश नही होने से किसानो को सताने लगे है चींता मानसून पर निर्भर किसानों को झमाझम बारिश की दरकार पड़ने लगा है। ग्राम पंचायत खट्टी के सरपंच मीना तिरथ पटेल उपसरपंच रामेश्वर सिन्हा वहां के किसान धनसिंह सिन्हा रोशन तारक रूपधर साहू सीयाराम यादव भानू पटेल लालसिंह बालकुमार साहू डायमंड साहू एवन साहू हीरालाल पटेल मुकेश विश्राम यादव जग बंधु मोहन गौकरण साहू इत्यादि ने बताया की रोपा बियासी कार्य अभी भी चल रही है। आठ से दस दिनो से बारिश नही होने से खेत सुख गए है इसके कारण खेतो के निंदाई व चलाई नही कर पा रहे है। न ही खाद का छिड़काव नही हो पाना इस स्थिति मे धान का पौधा का बाढ व ग्रोथ नही आ पाएगा। इससे उत्पादन मे कमी होगा वही बागबाहरा विं खंड के अंतिम छोर उड़ीसा सीमा से लगे ग्राम पंचायत खट्टी एवं आश्रित ग्राम सेनभांठा के किसानों ने पतोरा बांध उडीसा से नहर पर पानी छोडने की मांग की है।

# शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की पुण्यतिथि मनाई गई



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय ने छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए, महाविद्यालय में निर्मित मिनीमाता की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर दीपप्रज्वलन के साथ कहा कि मिनीमाता का सेवाभावी व्यक्तित्व हम सभी को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। मिनीमाता ने अपना पुरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया उन्होनें दलितों के नागरिक अधिकारों के साथ, बाल-विवाह और दहेज प्रथा के विरोध में समाज से लेकर संसद तक अपनी अवाज उठाई मिनीमाता मजदुरों के हितों और नारी शिक्षा के प्रति भी जागरूक और सहयोगी रहीं। इस अवसर पर डॉ. सुनीता त्यागी, डॉ. विद्या पाण्डेय, डॉ. सुलेखा राउत, रोशनी लता राकेश, सूर्यकांत साहू, संजय कुमार बघेल, डॉ. तुलाराम साहू, डॉ. मंजू अग्रवाल, वर्षा फ्रेंकलिन, सी. एल. ठाकुर, जगत राम साहू, भुवन सिंह ध्रुव, दीपक कुमार कमलसेन, चैन सिंह ध्रुव, रविकुमार श्रेय, अरविंद ध्रुव, पुनीत राम पैकरा तथा महाविद्यालय की समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।

## कलेक्टर के निर्देश में सड़क सुधार निर्माण कार्य में आई तेजी

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी ने विगत दिनों सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए थे। उनके निर्देशों के अनुरूप बरसात से प्रभावित सड़क सुधार निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है। जिसके तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बलौदाबाज़ार विकासखंड अंतर्गत ग्राम चिचिरदा चौक से गांव तक पहुंच मार्ग में सुधार कार्य किया गया। इसी तरह भाटापारा विकासखंड के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग की सड़क सुरकी मोपका मार्ग धुर्राबांधा प्रवेश एवं बहिर्गमन मार्ग को सुधार किया गया है। इस सड़क की लगातार असमतल होने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इसी तरह मुख्यमंत्री ग्राम ग्राम सड़क योजना के तहत सेमरिया ब से मटिया मार्ग में सुधार कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

# पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना का मासिक बैठक भगवान प्रसाद सेठ की अध्यक्षता में आयोजित

पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना का मासिक बैठक भगवान प्रसाद सेठ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमे अनेक विषयों पर चर्चा किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार संघ द्वारा सभी पेंशनरों से वार्षिक शुल्क जमा करने, भवन निर्माण हेतु सहयोग राशि जिन सदस्यों ने जमा नहीं किया है उन्हे शीघ्र जमा करने आग्रह किया गया। वहीं 75 वर्ष पूर्ण करने वाले वाई.कर का श्रीफल और शाल भेंट कर सम्मान किया गया। इसी तरह नन्दलाल भोई, कमल लोचन प्रधान, पुरुषोत्तम सतपथी के जन्मदिन पर उन्हें श्रीफल एवं शाल भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात पिछले दिनों में जिनका स्वर्गवास हो गया ऐसे पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में मुख्य रूप से भगवान प्रसाद सेठ रासबिहारी प्रधान, कमल लोचन प्रधान, पुरुषोत्तम सतपथी, गुलाब किशोर स्वर्णकार, वैष्णव पात्र, गोकुल नायक, गोवर्धन बीसी, ब्रजराज पुरोहित, युधिष्ठिर कर, सच्चिदानंद त्रिपाठी, बालेश्वर प्रधान, शोभाराम कैवर्त, रामलाल साव, कैलाश चंद प्रधान, प्रमोद मिश्रा, नन्दलाल भोई, त्रिविक्रम प्रधान, अंतर्यामी पाढ़ी, के. सी.साहू, टी. एल.बेहरा, शोभाराम साव, कैलाश चंद प्रधान, मो.इस्माईल, जे. एम. कुरैशी, जी. एन.चौधरी सहित पेंशनर उपस्थित रहे। यह जानकारी गुलाब किशोर स्वर्णकार ने दी।

# शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया


पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। जिसमें इंटेसिफाई आई ई.सी. कैम्पेन के तहत् एच आई.वी./एड्स जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्राओं को इंटेसीफाई आईईसी कैंपेन के माध्यम से युवा वर्ग में एचआईवी/एड्स के रोकथाम की जानकारी बढ़ाने एवं उनके माध्यम से परिचर्चा कर टेक एड्स विडियों युटयुब के द्वारा दिखाया गया। परिचर्चा हेतु जिला अस्पताल बलौदाबाजार से राजकुमार चैबे, योगेश्वर पटेल, कांउसलर द्वारा छात्राओं को एड्स होने के कारण, बचाव व सुरक्षा के उपाय बताए गए। इसी क्रम में अंतराष्ट्रीय हाथी दिवस भी मनाया गया, जिसका प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय द्वारा छात्राओं को हाथी प्रतीज्ञा दिलाकर किया गया। तत्पश्चात् डॉ. रश्मि लता राकेश द्वारा 12 अगस्त को हाथी दिवस के रूप में मनाये जाने के कारण व हाथी की सुरक्षा के सम्बन्ध में छात्राओं से चर्चा की गयी। छ.ग. व भारत में हाथियों की संख्या कम होने के कारण व उनकी सुरक्षा के लिए बनाए गये एप्लीकेशन वन मित्र के बारे में छात्राओं को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. सुनीता त्यागी उपस्थि रहीं, उन्होंने छात्राओं को एन.एस.एस. में सक्रिय भागीदारी करने व युवा शक्ति का उपयोग कर जागरूकता अभियान में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए आह्वान किया।

# प्रतिभा पब्लिक में शाला समिति एवं हाउस पदाधिकारियों की घोषणा

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में नवगठित शाला समिति एवं हाउस प्रमुखों के नाम की घोषणा की गई जिसमें समस्त चुने गए पदाधिकारी छात्र-छात्राएं निम्न है शाला प्रभारी के रूप में गिरजा शंकर चौधरी एवं आयुषी मिश्रा दोनों कक्षा 12वीं विज्ञान से चुने गए ,उपशाला प्रभारी के रूप में विवेक बंजारे एवं शिखा रानी प्रधान क्रमशः 11वीं विज्ञान एवं वाणिज्य चुने गए शाला साहित्यिक प्रभारी हिमानी चन्द्रा एवं आर्यन सलूजा क्रमशः 12वीं विज्ञान एवं 11वीं वाणिज्य संख्या से चुने गए शाला सांस्कृतिक प्रभारी के रूप में शौर्य अग्रवाल 12वीं एवं प्रियंका शर्मा 11वीं वाणिज्य चुने गए,प्रार्थना सभा प्रभारी के रूप में तेजस्विता पटेल एवं पीयूष पटेल क्रमशः 11वीं एवं 12वीं विज्ञान संकाय चुने गए अनुशासन प्रभारी के रूप में जागृति अग्रवाल पल्लवी गोरियार क्रमशः 12वीं एवं 11वीं वाणिज्य संख्याएं तथा चारूनी प्रधान 12वीं विज्ञान संकाय से सामूहिक चुने गए, खेल प्रभारी के रूप में प्रियंका नायक 12वीं एवं गीतांजलि पटेल 11वीं विज्ञान संकाय से चुने गए हाउस प्रभारी के रूप में ग्रीन हाउस से लीजा पटेल 12वीं गीतेश पटेल 11वीं दोनों ही विज्ञान संकाय से जबकि गणेश शामल एवं शिक्षिका आशा नायक मास्टर्स के रूप में चुने गए ब्लूहाउस प्रभारी के रूप में सविता पटेल 12वीं एवं सुखबीर सिंह बग्गा 11वीं वाणिज्य संकाय से तथा मास्टर्स के रूप में शिक्षक सुशील महापात्र एवं मनीष बग्गा चुने गए ,व्हाइट हाउस प्रभारी के रूप में आयुष देवांगन 12वीं विज्ञान तथा महक अग्रवाल 11वीं वाणिज्य संकाय से तथा मास्टर्स शिक्षक जुगल भोई एवं शिक्षिका दीपिका मोहंती चुने गए ,सैफ रन हाउस प्रभारी के रूप में यश अग्रवाल 12वीं के साथ राखी पटेल 11वीं दोनों वाणिज्य संकाय तथा मास्टर्स के रूप में शिक्षक नवीन कर तथा रेणुका त्रिपाठी चुने गए ,सभी चुने हुए पदाधिकारी को प्राचार्य नरहरि पटनायक ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, साथ ही उपप्राचार्य नासिर खान एवं खेल अधिकारी संजय कर के द्वारा उनके सम्मान में बेच प्रदान किए गए, संपूर्ण कार्यक्रम शाला के विद्यार्थियों की उपस्थिति में प्रार्थना सभा में संपन्न की गई, सभा की प्रस्तुति शाला सांस्कृतिक समन्वयक नीलम पाणिग्रही के द्वारा की गई।

## साहू समाज ने दानवीर भामाशाह धाम में हरेली महोत्सव एवं सावन उत्सव का कार्यक्रम धूम धाम से मनाया



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

साहू समाज उत्थान समिति के तत्वाधान में एलआईसी कॉलोनी रोड स्थित दानवीर भामाशाह धाम में हरेली महोत्सव एवं सावन उत्सव का कार्यक्रम बहुत धूम धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में गेड़ी दौड़, मटका फोड़, बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य, महिलाओं द्वारा सोलह श्रृंगार, तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू द्वारा समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान एवं समाज के ब्यापारी साथिओं का सम्मान तथा देश के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीद भरत लाल साहू जी के परिजनों का विशेष सम्मान किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के अवसर पर अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद विश्वदिनी पांडे, साहू समाज शहर जिला युवा प्रकोष्ठ संयोजक देवदत्त साहू, कचना साहू समाज अध्यक्ष मोहन साहू, मोवा साहू समाज अध्यक्ष मोहन साहू, महिला प्रकोष्ठ शहर जिला संगठन सचिव रेखा साहू, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोज साहू, मोवा साहू समाज महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संगीता साहू सहित समाज के समस्त पदाधिकारी गण एवं नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे।

# अ.भा. गोंड समाज 18 गढ़ के बैठक में 16 सदस्यों ने सामाजिक सदस्यता ग्रहण की

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय गोड़ समाज 18 गढ़ सुवरमार राज्य के बाघामुडा सर्कल के आश्रित ग्राम खट्टाडीही में सुवरमार राज स्तरीय बैठक रखी गई। जिसमें सर्वप्रथम गोड़ समाज के इष्ट देव बुड़ादेव का पूजा अर्चन व आरती कर की गई। इसके पश्चात सभा को संचालन करने हेतु सभापति देवसिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया, बैठक में चारों सर्कल अध्यक्ष एवं समाज पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारीयों का अक्षत से टीका लगाकर स्वागत अभिनन्दन किया, साथ ही समजिक प्रकरण का निराकरण किया गया। वहीं बीते दिनों 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव मंडी प्रांगण कोमाखान में धुमधाम से मनाया गया जिसमे अतिथि के रूप मे खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव शामिल हुए। इस अवसर पर समाज ने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए राशी की मांग की जिस पर विधायक यादव ने अपने विधायक निधि मद से 20 लाख रुपए देने की घोषणा किया, उसके लिए समाज के सभी पदाधिकारियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही कसेकेरा सर्कल के आश्रित ग्राम नवागांव (बागबाहरा) के ढेड़ दर्जन संगा डिहार ने एक साथ लिखित मे सभापति को समाज मे सम्मिलत करने हेतु आवेदन सौप कर आग्रह किया, कि हमें भी अखिल भारतीय गोड़ समाज 18 गढ़ सुवरमाल राज्य कसेकेरा सर्कल में सामाजिक सदस्यता के साथ समाज मे रहना चाहते है जिससे हम सब को धोखाधड़ी में इतने दिनों तक सुवरमाल राज कसेकेरा सर्कल से अलग रखा गया था, अब हम 16 संगा डिहार आपके सर्कल में रहने के लिए आग्रह कर रहे है, जिसमें समाज के पदाधिकारियों ने गहन विचार विमर्स करके नवागांव के संगा डिहार को सामाजिक सदस्यता ग्रहण कराया और अक्षत तीलक लगाकर स्वागत किया। जिसमें प्रमुख रूप से नये सदस्यता ग्रहण करने वाले दाऊलाल ठाकुर, कुंवर सिंह ठाकुर, प्यारी ठाकुर, मनहरण ठाकुर, लक्की ठाकुर, विश्राम ठाकुर, निलकंठ ठाकुर, गिरीश ठाकुर, डाक्टर ठाकुर, विदेशी ठाकुर, देवव्रत ठाकुर, मोनो ठाकुर, बली ठाकुर, नाथुराम ठाकुर, झग्गर ठाकुर, बिसहत ठाकुर, आदि ने सदस्यता ग्रहण किया। साथ ही सुवरमाल राज के पदाधिकारी प्रमुख रूप से देवसिग ठाकुर राज अध्यक्ष, रामबती ठाकुर केंद्रीय अध्यक्ष महीला प्रभाग राजु ठाकुर, सुरेन्द्र मांझी, मोहर ठाकुर, ओंकार सिंह ठाकुर अरुण ठाकुर, पुरन ठाकुर, कोमल सोम, दीपक ठाकुर, नारायण सिंह ठाकुर, भारत ठाकुर, केशर ठाकुर, रुपेश्वर ठाकुर, रोहित ठाकुर, मनोज ठाकुर, रघुवीर ठाकुर, नरेश ठाकुर चेतन ठाकुर शंकर ठाकुर, माखन ठाकुर, खेमराज ठाकुर यशवंत ठाकुर, पंचराम ठाकुर चैतराम ठाकुर, विकास ठाकुर, समाज के मीडिया प्रभारी तुफान दीवान के अलावा समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे वही बैठक के संचालन सहसचिव राजू ठाकुर ने की है।

# करमदा सहित अनेक गांवों में स्थिति चिंताजनक : शैलेश त्रिवेदी

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



करमदा जैसे बड़े और महत्वपूर्ण गांव सहितपूरे बलौदा बाजार जिले में डायरिया डेंगू और मलेरिया की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है की इस वर्ष पूरे जिले में अनेक स्थानों पर महामारियों का प्रकोप देखा जा रहा है जो चिंता का विषय है। जिला अस्पताल सहित करमदा के स्कूल में भी मरीज को रखने की व्यवस्था की गई है लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। करमदा जैसे बड़े और महत्वपूर्ण गांव की स्थिति को गंभीरता से लेकर डायरिया के मरीज को सर्वोच्च प्राथमिकता से विशेष टीम गठित करके मदद पहुंचाने की जरूरत है। विष्णु देव साय सरकार को अब अपनी नींद त्याग देनी चाहिए और करमदा और पूरे बलोदा बाजार जिले में युद्ध स्तर पर डायरिया डेंगू मलेरिया के खिलाफ गांव-गांव अभियान चलाने की जरूरत है। सभी मरीजों और पीड़ितों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने की मांग करता हूं। पूरे बलौदा बाजार जिले के सभी गांव को महामारी मुक्त बनाने की दृढ़ प्रशासनिक पहल युद्ध स्तर पर किए जाने की आवश्यकता है। जिले में कई स्थानों पर डायरिया के मामलों में वृद्धि को गंभीरता से लेकर जनजीवन को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए सरकार को तत्काल कदम उठाने चाहिए। साफ और पानी उबाल हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी पीने के लिए जन जागरण अभियान चलाने और करमदा जैसे गांवों में तत्काल मदद पहुंचाने की जरूरत है। डायरिया के लक्षण देखने पर तुरंत ओआरएस का गोल और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पीड़ित को आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध करना चाहिए।

# कलेक्टर ने शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में ली बैठक, समिति को शासन के दिशा-निर्देशों की दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए समिति गठित की गई है। इसी सिलसिले में आज युक्तियुक्तकरण के दिशा-निर्देशों से अवगत कराने शिक्षा विभाग द्वारा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि शालाओं एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण राज्य शासन की प्राथमिकता में है, इसमे किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही यह कार्य पूरी सजगता से किया जाए।

बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक आरपी आदित्य एवं सभी एसडीएम, बीईओ, एबीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप शालाओं में शिक्षकों की उपलब्धता बच्चों के दर संख्या के अनुरूप होनी चाहिए। इसी परिपेक्ष्य में राज्य शासन द्वारा शालाओं एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। विभिन्न स्थानों में एक ही परिसर में अथवा निकट में दो या दो से अधिक शालाएं संचालित है ऐसे शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जाना है। इसी प्रकार अतिशेष शिक्षकों का शिक्षक विहीन एवं एकलशिक्षकीय शालाओं में युक्तियुक्तकरण किया जाना है। शालााओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए है। इसके लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित की गई है जिसमें सीईओ जिला पंचायत, नगर निगम कमिश्नर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सदस्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी सदसय सचिव होंगे। इसी प्रकार विकासखण्ड स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। जिसमें विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सचिव, महिला बाल विकास अधिकारी, सहायक वि. शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक सदस्य होंगे। विकासखण्ड स्तरीय समिति द्वारा युक्तियुक्तकरण हेतु शालाओं का चिन्हांकन एवं सूचीबद्ध किया जाएगा। इसी प्रकार अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन भी समिति द्वारा किया जाएगा। विकासखण्ड समिति यह भी प्रमाणित करेगी कि उनके द्वारा दिए गए जानकारी में कोई भी रिक्त पद छूटा नहीं है। जिला स्तरीय समिति शालाओं की सूची का परीक्षण करेगी जो विकासखण्ड स्तरीय समिति द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। युक्तियुक्तकरण किये जाने वाले विद्यालयों की सूची बनाकर संचालक लोकशिक्षण को प्रेषित करेगी। विकासखण्ड स्तरीय समिति से प्राप्त अतिशेष शिक्षकों की सूची का परीक्षण करना एवं युक्तियुक्तकरण पदस्थापना आदेश जारी करना जिला स्तरीय समितियों के दायित्वों में शामिल होगा।

# तिरंगा रैली में महापौर, यातायात पुलिस अधिकारी व दुर्ग निगम अधिकारी-कर्मचारीगण हुए शामिल

■ **हर घर तिरंगा अभियान का आगाज: हम संकल्प लें कि हर घर,हर गली में तिरंगा फहराएं : महापौर**

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com






देश व्यापी अभियान तिरंगा रैली निगम क्षेत्र में सोमवार को निकाली गई।स्वतंत्रता दिवस के पूर्व देश के सम्मान में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली नगर निगम कार्यालय से प्रारंभ होकर पटेल चौक, जिला हॉस्पिटल, स्टेशन रोड,ग्रीन चौक से राजेन्द्र पार्क होते हुए मालवीय नगर से जेल चौक गौरव पथ से होते हुए निगम कार्यालय पर समापन हुआ।समापन के बाद शपथ दिलाई गई। तिरंगा रैली में महापौर धीरज बाकलीवाल, यातायात डीएसपी सतीश ठाकुर, जावेद अली सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए। शहरवासियों ने तिरंगा के सम्मान रैली का स्वागत किया। रैली में देशभक्ति नारो से शहर के मुख्य मार्ग गूंज उठा. जिससे पूरा शहर का माहौल देशभक्तिमय हो गया।

स्वतंत्रता सेनानी के बलिदान से हमें आजादी मिली। महापौर धीरज बाकलीवाल ने तिरंगा रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगे को हाथ में लेकर अंग्रेजों से स्वतंत्रता सेनानी लड़े। उन्हीं की बलिदान से आज हमें आजादी मिली है।आज उसी देशभक्ति में हम सब रंगे हैं।हम संकल्प लें कि हर घर, हर गली में तिरंगा फहराएं।इस अवसर पर वीपी मिश्रा, जावेद अली, विनोदमांझी, मोहितमरकाम,आर.के.बोरकर, शुभम गोइर,थान सिंह यादव, शोएब अहमद, प्रकाश अहीर, यातायात पुलिस निरीक्षक यशकरण दीप ध्रुव, टी.चौरसिया,उपनिरीक्षकपरिहार,राठौर, सहायकउपनिरीक्षक रमेश कुमार दुबे, एक्का,नंदू यादव, चंद्रिका, सूरज सारथी सहित सैकड़ो बाइक रैली में शामिल थे।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि रैली राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में है।देश के नागरिक होने के नाते हमे राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए।उन्होंने अपील की है कि 15 अगस्त को घरों में तिरंगा लगाएं और दूसरो को भी अपने घरों में तिरंगा लगाने प्रेरित करें।

# हर घर तिरंगा झण्डा अभियान जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com





नगर निगम भिलाई क्षेत्र में प्रत्येक नागरिक के अंदर राष्ट्रीय भावना जागृत करने के लिए हर घर तिरंगा झण्डा अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में तिरंगा कैनवाश स्थापित किया गया है। जहां पर लोग किसी भी भारतीय भाषा में हर घर तिरंगा जय हिन्द लिख सकते है। इसका फोटो सोशल मीडिया में डालकर जनजागरूकता ला सकते है। स्वतंत्रता सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम भिलाई में सेल्फी प्वांइट स्थापित किया गया है। जहां पर नागरिक ध्वज फहराते हुए और तिरंगे के साथ सेल्फी लेना है। उसे हर घर तिरंगा वेबसाईट harghartiranga.com में अपलोड कर सकते है। इसके माध्यम से उन्हे सोशल मीडिया पर प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। प्रमाण पत्रो को सोशल मीडिया पर #HarGharTiranga और #HGTw®wy पर साझा किया जायेगा। तिरंगा सम्मान स्वतंत्रता सेनान सेनानियो और वीरो साथ ही परिवारो को स्थानीय कार्यक्रमो में याद कर सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम अवधि में सभी कार्यालयो, सभी घरो तिरंगा फहराया जायेगा। सभी चौंक-चौराहो पर, महापुरूषो, प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण कर ध्वजारोहण पश्चात देशभक्ति के गीत बजाये जायेगे। नागरिको की सुविधा के लिए तिरंगा झण्डा कार्यालयीन अवधि में पोस्ट आफिस में, नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित झण्डा उपलब्ध है। निर्धारित शुल्क जमा करके प्राप्त कर सकते है। सभी नागरिको को राष्ट्र के सम्मान में तिरंगा प्रतिक्षा लेना है मैं शपथ लेता हूॅ कि मैं तिरंगा फहराउगां अपने स्वतंत्रता सेनानीयों और वीर सपूतो की भावना का सम्मान करूगां और भारत के विकास और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करूगां। दुर्ग के लोकसभा सदस्य विजय बघेल, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव, महापौर नीरज पाल, आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी नागरिको से राष्ट्र के सम्मान में गरिमापूर्ण ढंग से अपने घरो में तिरंगा झण्डा लगाने के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाने की अपील की है।

# सिंगल विण्डो सिस्टम के संबंध में हुई कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा सिंगल विण्डों सिस्टम संस्करण 2.0 का पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव द्वारा किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से उद्यमी और उद्योगपति 90 से अधिक पूर्व स्थापना और पूर्व संचालन की मंजूरी लाइसेंस और अनुमोदन सुगमता पूर्वक प्राप्त कर सकते हैं। इसी तारतम्य में कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में औद्योगिक संघों एवं उद्योगपतियों तथा उद्यमियों की कार्यशाला पिछले दिन गंगरेल में आयोजित की गयी।

इस मौके पर कलेक्टर ने शासन द्वारा दिये जा रहे सुविधाओं के लिए इस सिस्टम का उपयोग करने उद्योगपतियों से अपील कीं उन्होंने कहा कि यह उनके आवेदनों के त्वरित निराकरण में सहायक होगा। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के सुरेन्द्रपुरी गोस्वामी ने पावर पाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से उपयोगकर्ताओं को सिस्टम के प्रत्येक चरण एवं उपयोग करने के तरीके पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने अवगत कराया कि इस संस्करण के माध्यम से उद्योगों को समस्त अनुमति, लाइसेंस एवं सुविधाएं एक ही आईडी एवं पासवर्ड से प्राप्त हो सकेगी। एवं एक बार ही प्रपत्र में दी गयी जानकारी सभी आवेदनों में स्वतः परिलक्षित हो जायेगी। भारत सरकार के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार एवं संवर्धन विभाग के बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान के तहत उद्दाम स्थापित करने से लेकर उसे संचालित करने तक संपूर्ण सुविधा इस मंच से प्रदान होती है। उक्त कार्यशाला में उद्योग संघों द्वारा किये गये जिज्ञासाओं का भी निराकरण किया गया। कार्यशाला में राइस मिल एसोसिएशन, के अध्यक्ष नवीन सांकला, सचिव राजेश गोलछा एवं अनिल चंद्राकर, राहुल महावर, विजय केला, संजय राखेचा, अजय नाहटा, दिलीप बाफ्ना, तथा कोल्ड स्टोरेज संघ के संतोष शाह, प्रकाश चिम्नानी एवं एफआर.के. संघ के रितेश जैन, दीपक गोयल, मधुसूदन अग्रवाल, अमन अग्रवाल सहित 80 उद्यमियों ने भाग लिया।

# कलेक्टोरेट में लगा जनदर्शन



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टोरेट में साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कलेक्टर नम्रता गांधी ने लोगों की समस्या, शिकायत और मांगों को जिले के वनांचल एवं दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों से सुनीं। उन्होंने लोगों की समस्या, शिकायत और मांगों को गंभीरता से सुना और संवेदनशीलता से उन पर कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आज आयोजित जनदर्शन में प्रमुख रूप से किसान सम्मान निधि दिलाने, शिक्षकों का लंबित वेतन, महतारी वंदन योजना का लाभ, एनपीएस की राशि दिलाने, मूलभूत सुविधा दिलाने, प्रधानमंत्री रोजगार योजना सृजन के तहत ऋण दिलाने, नौकरी प्रदाय करने, आंगनबाड़ी बनाने, शौचालय निर्माण की राशि देने, मछलीपालन के लिए तालाब लीज पर देने, स्ट्रीट लाईट मरम्मत, स्वामित्व भूमि पर कब्जा दिलाने, सियान सहायता योजना का लाभ देने, शासन की राशि का दुरूपयोग एवं सरपंच द्वारा धोखाधड़ी करने, स्वतंत्र ग्राम पंचायतबनाने, पट्टा प्रदाय करने, अतिक्रमण हटाने संबंधी कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए।

# लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया जायेगा



पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एएचपी किफायती आवास मोर आस-मोर मकान का आबंटन 13 अगस्त को लॉटरी पद्वति से किया जाना है। जो हितग्राही पहले से 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कर चुके है एवं जिनका पात्र सूची में नाम आया है। वही लॉटरी में शामिल हो सकते है। सभी पात्र हितग्राहियो को दूरभाष से सूचना दे कर लॉटरी सूचना पत्र भी दी गई है। नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में लॉटरी की व्यवस्था की गई है। सभी हितग्राही 11 बजे निर्धारित समय पर अपनी उपस्थिति अवश्य दे। लॉटरी में शामिल क्षेत्र एनार स्टेट (476/630), माईल स्टोन स्कूल के पास (896/546), कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया (335/338) तथा स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद (444) में आवासों का निर्माण किया गया है। हितग्राहियो की सुविधा के लिए विभिन्न बैंको से आवास ऋण उपलब्ध कराने काउंटर भी लगेगे। हितग्राही अपनी इच्छा के अनुसार शेष 90त्न राशि जमा करने के लिए बैंक से संपर्क कर सकते है। बैंको की ब्याज दर एवं अन्य जानकारी पुरी प्राप्त करके ही लोन के लिए अप्लाई करें। हितग्राही स्वतंत्र है, कहीं से भी लोन लेकर या स्वयं की बचत से शेष राशि जमा करके अपना मकान प्राप्त कर सकते है। हितग्राही द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान जमा राशि की रसीद एवं जमा किये गये दस्तावेज साथ जरूर लाये। जिससे लॉटरी के माध्यम से आपको आवास का आबंटन किया जा सके।

# विधायक देवेंद्र यादव के भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल हुए महापौर धीरज बाकलीवाल

■ महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कावड़ियों का किया भव्य स्वागत,हर हर महादेव के उद्घोष से शिवमय हुआ शहरःमहापौर

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग-भिलाई और पूरे छत्तीसगढ़ की जनता, किसान, मजदूर, आम नागरिकों के हित और विकास के साथ ही सभी की सुख-शांति और समृद्धि की कामना लेकर सोमवार को महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में विधायक देवेंद्र यादव की भव्य कावड़ पद यात्रा की शुरुआत की।सुबह 8 बजे हजारों भक्तों के साथ जय-जय महाकाल, बोल बम के जयकारे के साथ दुर्ग के शिवनाथ नदी तट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर से साइंस कॉलेज तक महापौर धीरज बाकलीवाल ने विधायक देवेन्द्र यादव के साथ भगवान भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए कांवड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे थे।शिवनाथ तट पर स्थित शिवालय में भगवान शंकर की आराधना की।शिवलिंग में दूध और जल से अभिषेक किया गया।लगभग 1 हजार से अधिक महिलाएं पुरुष भी कांवड़ यात्रा में शामिल हुए।नंगे पैर सुबह की तेज धूप और गर्मी में महापौर धीरज बाकलीवाल एवं विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व अरुण वोरा के साथ दीपक साहू,संजय कोहले,मनदीप सिंह भाटिया,विजेंद्र भारद्वाज,संदीप वोरा,अल्ताफ अहमद,फ्तेह सिंह भाटिया,विकास यादव,रत्ना नरमदेव विजय चंद्राकर,शाश्वत पांडे सहित हजारों भक्तों के साथ कांवड़ यात्रा में शामिल रहे।कांवड़ यात्रा का पूरे शहर भर में जगह- जगह पर हर चौक में भव्य स्वागत किया गया।शिवनाथ नदी के निकलने के बाद हिंदी भवन सहित गंजपारा चौक में सैकड़ों भक्तों ने कांवड यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में फल- जूस आदि वितरण किए। हिंदी भवन के पास कांवड़ यात्रा करने वालों को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस यात्रा में बेहद आकर्षक झांकी भी है। जिसे देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

पूरा शहर शिवमय हो गया है। चारो आरे सिर्फ हर हर महादेव के जय कारे सुनाई दे रहे हैं। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि सब के जीवन में सुख शांति और खुशहाली आए हर साल सावन माह में हम

# 134 पेंडिंग आवेदनों का निराकरण करने आयुक्त ने दिया टार्गेट, विभाग प्रमुखों की ली बैठक



पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

शिकायत और मांग वाले आवेदनों का निराकरण निगम के अधिकारी निर्धारित समय सीमा में करेंगे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने 1134 आवेदनों का निराकरण करने 10 दिन की मोहलत दी है। उन्होंने निराकृत होने वाले आवेदनों को पोर्टल में दर्ज करने भी कहा है। आयुक्त ने विभाग प्रमुखों से कहा है कि वे जन समस्या निवारण शिविर के पेंडिंग आवेदनों पर गंभीर हो। प्राथमिकता के साथ सभी आवेदनों को निराकृत करे। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि निर्माण संबंधी मांग का पहले स्थल निरीक्षण करे और फ्रि आवेदन पर स्टीमेट तैयार कर उसे शासन को भेजे। आयुक्त ने कहा है कि जिस वार्ड में पाइप लाइन बिछा है और नए नल कनेक्शन का आवेदन है उसे औपचारिकता पूरी कर शीघ्र लगाया जाए। इसी तरह नाली सफाई या कचरा उठाने की शिकायत का निराकरण शीघ्र किया जाए। बैठक में निगम सचिव रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

**सुबह 8 बजे होगा ध्वजारोहण**- आयुक्त मोनिका वर्मा ने बैठक में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की जिम्मेदारी भी निर्धारित की। उन्होंने स्थापित प्रतिमा स्थल की सफाई के निर्देश दिए। साथ ही चौराहा पर देश भक्ति गीत बजाने के निर्देश दिए। अलग अलग कार्य के लिए अधिकारियों। को जिम्मेदारी दी। ध्वजारोहण सुबह 8 बजे मुख्य कार्यालय में होगा।

**सड़क से मवेशी हटाने दिए निर्देश**-आयुक्त मोनिका ने सोमवार को सड़क पर घूमने वाले मवेशी को पकड़ने अभियान चलाने कहा। मुख्य सड़क का निरीक्षण करने दल का गठन की। आयुक्त के निर्देश पर निगम कर्मियों ने 5 मवेशी को पकड़कर गोठन भी पहुंचाया।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने सभी अधिकारी सजगता एवं सतर्कता से करें काम : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अवनीश शरण एवं पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने संयुक्त रूप से एसडीएम एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी सजगता एवं सतर्कता के साथ कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि रेलवे स्टेशन परिसर में पुलिस द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जाए। गुंडे बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने स्कूल की बाउन्ड्री से लगे पान ठेले भी हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान निजात की सराहना की। इसी प्रकार नशे के खिलाफलगातार अभियान जारी रखने कहा। समाज कल्याण विभाग को भी नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला दण्डाधिकारी ने कहा कि जिले में लॉ एण्ड ऑर्डर के लिए चुनौती बन सकने वाले संभावित मुद्दो पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की असमाजिक एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए तत्काल कड़ी कार्रवाई करें। एसडीएम-एसडीओपी, तहसीलदार-थाना प्रभारी संयुक्त रूप से दौरा करें तथा सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी लोगों से सतत संपर्क बनाए रखें। लोगों के बीच विश्वसनीयता बनाए रखें। जिले में शांति व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द्र कायम रहे। कहीं पर सड़क दुर्घटना होने पर जाम की स्थिति नहीं होनी चाहिए। सड़क दुर्घटना के कारण पर ध्यान देने और निराकरण करने की आवश्यकता है ताकि सड़क दुर्घटना में कमी आ सके। उन्होंने कहा कि टीम वर्क से यह कार्य किया जाए। एसपी रजनेश सिंह ने कहा कि सूचना तंत्र को मजबूत बनाए रखें। ऐसी कोई भी असमाजिक गतिविधि जो कानून और व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है इस पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आम लोगों के साथ पुलिस का व्यवहार अच्छा होना चाहिए। अपराधियों के बीच पुलिस का कठोर रूप भी दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आम जनता एवं विभिन्न संगठनों से जितना ज्यादा संवाद होगा उतनी ज्यादा जानकारी मिलेगी जो उपयोगी साबित होगी।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 7वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031, फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV-A, (नियम 8(6) और 9(1) का परंतुक देखें) अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक के साथ पठित**

आम लोगों को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) कॉलम (iii) के अनुसार, को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति/यों कॉलम (iv) के अनुसार जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का कब्जा, प्रतिभूत लेनदार, पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है"** के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) के निम्नवर्णित कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) से कॉलम (i) के अनुसार, प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट अर्थात **www.idfcfirstbank.com** पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्र. सं. | (i) मांग सूचना की राशि | (ii) एग्रीमेंट आईडी | (iii) कर्जदार(रों), सह-कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) का नाम | (v) आरक्षित मूल्य | (vi) ईएमडी राशि | (vii) नीलामी की तिथि एवं समय | (viii) ईएमडी नीलामी की तिथि एवं समय | (ix) निरीक्षण की तिथि एवं समय | (x) प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रु. 13637865.63/- मांग सूचना की तिथि 20.04.2021 | 21405662, 11308116 और 34245604 | गुरूकृपा एंटरप्राइजेज, किशोर कुमार अग्रवाल और नीतेश अग्रवाल | रु. 6787095.30/- | रु. 678709.53/- | 30.08.2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अपा. 01.00 बजे तक | 29.08.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपा. 05.00 बजे तक | 22.08.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपा. 04.00 बजे तक | नाम- विनय सोनी संपर्क नं. 8319378592 नामः संदेश जैन संपर्क नं. 8839140796 |

**(iv) बंधक संपत्ति का पता** : सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि शीट नं. 23, के एच नं. 117/1, प्लॉट नं. 24/1, क्षेत्रफल 1439 वर्ग फीट और शीट नं. 23, के एच नं. 117/1, प्लॉट नं. 24/2, क्षेत्रफल 1024 वर्ग फीट, कुल क्षेत्रफल 2463 वर्ग फीट, जोकि फाफाडीह, पी.सी. नं. 104/48, आर आई सी-रायपुर वार्ड नं. 35, शहीद हेमू कलानी वार्ड, साई नगर, रायपुर (छ.ग.) और चौहद्दीः उत्तर में - रेलवे लाइन, दक्षिण में - रशीख लाल का प्लॉट, पूरब में - खेमा हाउस और पश्चिम में - रोड

अस्वीकरणः कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल संपत्ति की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई हो, तो अचल संपत्ति पर उपस्थित हों।

**हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी**
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.)

दिनांकः 13.08.2024

## संपादकीय

### यूनुस को जिम्मेदारी मोदी की मुबारकवाद

**भारतीय प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को उनके बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का प्रमुख बनने पर मुबारकवाद दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक्स' पर मुबारकवाद देते हुए बांग्लादेश में वर्तमान राजनीतिक उथलपुथल के बीच हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों की दयनीय दशा पर चिन्ता प्रकट की है। मोहम्मद यूनुस ने अपनी ओर से कानून-व्यवस्था बहाल करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस बीच भारत सरकार ने विभिन्न चैनलों के माध्यम से क्षेत्रीय स्थायित्व के लिए अल्पसंख्यकों की स्थिति के बारे में अपनी चिन्ताओं पर जोर दिया है। सीमा पार कर भारत में आने का प्रयास करने वाले सैकड़ों लोगों को सीमा सुरक्षा बल ने वापस भेजा है। बांग्लादेश में स्थिति अस्थिर बनी हुई है क्योंकि विरोध प्रदर्शन की शुरुआत करने वाले छात्रों पर 'दुष्ट तत्व' हावी हो गए हैं जो स्थिति का लाभ उठा कर लूट और आगजनी में लिप्त हैं तथा वे जनता का व्यापक समर्थन जुटाने के लिए अल्पसंख्यकों पर हमले कर रहे हैं। धीरे-धीरे पर निश्चित रूप से बांग्लादेश में राजनीतिक तनाव ने सांप्रदायिक तनावों को भी भड़का दिया है। जनसंख्या का 8-10 प्रतिशत हिस्सा हिंदू अल्पसंख्यक अत्याचारों का बुरी तरह शिकार बने हैं। हालिया खबरों से संकेत मिलता है कि हिंदू मंदिरों, बिजनेसों और घरों पर हमले बढ़ रहे हैं जिससे इस समुदाय में भय और असुरक्षा का माहौल गंभीर रूप ले रहा है।

मोहम्मद यूनुस से प्रधानमंत्री मोदी का संपर्क बांग्लादेश के एक सम्मानित व्यक्ति से संबंध स्थापित करने का सुनियोजित तरीका है



जिनकी अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता और प्रभाव है। मोहम्मद यूनुस से संपर्क कर मोदी बांग्लादेश में मानवाधिकारों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारत के समर्थन का संकेत दे रहे हैं। इसके साथ ही वे हिंदू समुदाय की सुरक्षा और बेहतरी के प्रति अपनी चिन्ता भी प्रकट कर रहे हैं। भारत इस समय दुविधा की स्थिति में है। उसने लगातार शेख हसीना का समर्थन किया है और स्थितियों में आमूल परिवर्तन के बावजूद ऐसा कर रहा है। शेख हसीना अब अपने देश में अलोकप्रिय हो गई हैं, जबकि उनके विरोधी बहुत शक्तिशाली हैं। हसीना को अपने खिलाफ जांच में शामिल होने को कहा जा सकता है जिससे भारत द्वंद्व का शिकार हो सकता है। अच्छी बात है कि मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाया गया है। वे सत्ता के गलियारों में 'बाहरी' व्यक्ति होने के बावजूद एक सम्मानित व्यक्ति हैं और उनका ट्रैक रिकार्ड बेदाग है। कहा जाता है कि चीन और पाकिस्तान ने हसीना के तख्तापलट में सहयोग किया है और वे भारत-बांग्लादेश संबंध खराब करना चाहते हैं, ऐसे में मोहम्मद यूनुस भारत के लिए सहायक सिद्ध हो सकते हैं। उनको तटस्थ रहने के लिए मनाया जा सकता है। राजनीतिक अस्थिरता तथा सांप्रदायिक हिंसा की संभावना शरणार्थी संकट को जन्म दे सकती है। इससे अनेक हिंदू व अन्य अल्पसंख्यक भारत में शरण मांग सकते हैं। इससे भारत का घरेलू राजनीतिक परिदृश्य खासकर पश्चिम बंगाल और असम के सीमान्त प्रदेशों में जटिल हो जाएगा। बांग्लादेश से व्यापार में गिरावट आई है और शरणार्थी संकट बढ़ रहा है। बांग्लादेश बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बनाने में प्रमुख साझीदार है। यह समय गंभीर राजनय का है। प्रधानमंत्री मोदी को शीघ्रातिशीघ्र मोहम्मद यूनुस से मुलाकात करनी चाहिए। हालांकि, ट्विटर राजनय अच्छी शुरुआत है, पर इसके बाद सीधा संपर्क जरूरी हो जाता है। बांग्लादेश में विकास की भावी दिशा भारत के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

# बांग्लादेश : अनिश्चितता व अराजकता

बांग्लादेश अतिवादी इस्लामवाद की लहर व बढ़ती हिंसा का शिकार है। ऐसे में वहां लोकतंत्र के भविष्य तथा क्षेत्रीय स्थायित्व पर सवाल उठ रहे हैं।



हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



बांग्लादेश में उथलपुथल के कारण शेख हसीना को प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे कर भारत में पलायन करना पड़ा। इससे दो सवाल पैदा होते हैं। वे इस स्थिति पर नियंत्रण क्यों नहीं कर सकीं? तथा बांग्लादेश और भारत के लिए भविष्य कैसा होगा?

शेख हसीना छात्रों से संपर्क कर उनको अपने पक्ष में ला सकती थीं क्योंकि उनमें से अधिकांश 'मध्यमार्गी' हैं। इस प्रकार छात्रों के भेदभाव-विरोधी आंदोलन-एडीएसएम के जोर पकड़ने के पहले वे इस्लामवादी कट्टरपंथी अतिवादियों को अलग-थलग कर सकती थीं। वे तर्क दे सकती थीं कि उनकी सरकार ने 2018 में ही 1971 के मुक्ति संग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों के वारिसों को 30 प्रतिशत आरक्षण से वंचित कर चुकी थीं। शुरुआत में छात्रों की यही मांग थी। लेकिन बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने अनेक वारिसों की याचिका पर इसे बहाल कर दिया था। वास्तव में, उनकी सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपील की थी। सर्वोच्च न्यायालय के अपील विभाग ने 21 जुलाई, 2024 को सरकारी नौकरियों में 93 प्रतिशत भर्ती 'मेरिट' के आधार पर करने का निर्देश दिया था और उसने स्वतंत्रता सेनानियों व उनके वारिसों के लिए पांच प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान किया था। इसके साथ ही एक-एक प्रतिशत आरक्षण आदिवासियों तथा दिव्यांगों व यौन अल्पसंख्यकों के लिए किया था। लेकिन इसके बावजूद आंदोलन जारी रखने के दो कारण हो सकते हैं।

पहला, सरकार द्वारा आंदोलनकारियों के प्रति कठोर व्यवहार जिसके कारण बड़ी संख्या में छात्रों व अन्य की मौत हुई थी। यह स्थिति इतनी खतरनाक थी कि छात्र आंदोलन वापस नहीं ले सकते थे और अब वे शेख हसीना के इस्तीफे की मांग करने लगे। दूसरा, इस्लामवादी आतंकी संगठन उनके आंदोलन के साथ नजदीकी से जुड़ गए थे और वे हसीना और अवामी लीग सरकार को सत्ता से हटाने के अपने एजेंडे को पूरा करना चाहते थे। इनमें भारतीय उप-महाद्वीप में अलकायदा-एक्यूआईएस से जुड़ा अंसार-अल-इस्लाम, जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश-जेएमबी, बांग्लोदश जमातुल इस्लामी-बीजेल व उसकी छात्र शाखा बांग्लादेश इस्लामी छात्र शिबिर-बीआईसीएस शामिल हैं। उनका इरादा एक कट्टरपंथी इस्लामवादी सरकार बनाना तथा भारत-विरोधी अवस्थापना स्थापित करना था।

शेख हसीना यह सब जानती थीं और उनको कम से कम चार अवसरों पर बांग्लादेश में आक्रामक छात्र आंदोलन के असर का भी पता था। इनमें पहला 'भाषा आंदोलन' था जिसकी मांग केवल उर्दू के बजाय उसके साथ बांग्ला भाषा को लागू कराना था। उर्दू पाकिस्तान की आधिकारिक भाषा बन गई थी और पश्चिम पाकिस्तान की सत्तारूढ़ अवस्थापना इस पर जोर दे रही थी। पुलिस दमन का सामना करते हुए आंदोलन 21 फरवरी, 1952 को अपने शिखर पर पहुंचा जब देशव्यापी आम हड़ताल का आह्वान किया गया। पुलिस फायरिंग में चार छात्र-रफीक, बरकत, जब्बार और सलाम मारे गए जिनको बांग्लादेश के शहीदों में महत्वपूर्ण स्थान मिला। यह आंदोलन लगातार बढ़ता गया और उसने पाकिस्तान को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में उर्दू के साथ बांग्ला को स्वीकार करने पर मजबूर किया। 1958 में जनरल अयूब खान के सैनिक विद्रोह और सैनिक तानाशाही के खिलाफ फिर छात्र आंदोलन भड़का। अयूब सरकार का चरित्र 23 मार्च, 1962 को बनी फर्जी प्रतिनिधिक सरकार के पीछे छिप नहीं सका था। पाकिस्तानी औपनिवेशिक शासन के खिलाफ मुक्ति संग्राम में भी छात्रों ने प्रमुख भूमिका निभाई थी।

पाकिस्तानी सेना ने ढाका व अन्य विश्वविद्यालयों के परिसरों और हास्टलों पर बर्बर हमले किए थे। रात में किए इस कुख्यात हमले का नाम 'आपरेशन सर्चलाइट' था जिसमें सैकड़ों छात्र 25 मार्च, 1971 की रात मारे गए थे। अंतत: फरवरी-मई, 2013 में ढाका में व्यापक 'शाहबाग स्क्वायर आंदोलन' हुआ था जिसने 1971 के युद्ध अपराधियों के लिए मौत की सजा की मांग की थी। सरकार ने इस पर इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल्स एक्ट, 1973 में किए 2009 के संशोधन के अनुसार इंटरनेशनल क्राइम्स ट्राइब्यूनल गठित करने का फैसला किया। इसका उद्देश्य पाकिस्तानी सेना और रजाकारों, अल बद्र व अल शम्स के लोगों के खिलाफ जांच कर उनके खिलाफ अभियोजन चलाना था जिन्होंने 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान नरसंहार में भाग लिया था।

इन सबको देखते हुए हसीना को नवीनतम छात्र आंदोलन शुरुआत में ही समाप्त कराने का प्रयास करना चाहिए था। लेकिन अब सवाल है कि बांग्लादेश में अब क्या होगा? और भारत को अब क्या करना चाहिए? वर्तमान स्थिति बहुत खराब है। हिंदू मंदिरों पर हमले हो रहे हैं और उनको लूटा जा रहा है। इनमें प्रख्यात ढाकेश्वरी मंदिर भी शामिल है जिसके नाम पर ढाका बसा था। हिंदू दूकानों, बिजनेस अवस्थापनाओं और घरों पर हमले हो रहे हैं। अवामी लीग से जुड़े एक हिंदू पार्षद की हत्या हुई है, अनेक लोग घायल हुए हैं तथा महिलायें यौन हिंसा का शिकार बनी हैं।

शेख मुजीबुर रहमान की मूर्तियां गिराई गई हैं या उनको नुकसान पहुंचाया गया है। अवामी लीग के मंत्रियों, नेताओं और एक्टिविस्टों पर हमले हुए हैं और उनके घरों व बिजनेसों को नष्ट किया गया है। खुलना में अवामी लीग पदाधिकारी मोहसिन रजा समेत तीन की हत्या हुई। शेख मुजीबुर रहमान के जीवन पर फिल्म बनाने वाले मोहसिन रजा और उके बेटे शांतो खान को मार डाला गया। जैसोर में अवामी लीग नेता के एक होटल में आग लगाई गई जिसमें 24 लोग मर गए। अवामी लीग सांसद व पूर्व बांग्लादेश टेस्ट क्रिकेटर माशराफ मुर्तजा का घर नष्ट कर दिया गया। ये इस्लामवादी कट्टरपंथियों का विरोध करने वाले अल्पसंख्यकों, अवामी लीग समर्थकों तथा सिविल सोसाइटी तत्वों पर हुए हमलों के केवल कुछ उदाहरण हैं। सवाल है कि अब चीजें सुधरेंगी या और खराब होंगी। बहुत कुछ अंतरिम सरकार पर निर्भर करेगा जिसका नेतृत्व नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस कर रहे हैं। क्या वे व्यवस्था स्थापित करने में सफल होंगे और वर्तमान हिंसा का कारण बने बीजेल, बीआईसीएस और अंसारुल इस्लाम के समर्थकों पर लगाम लगेगी या स्थिति और खराब होने दी जाएगी। इनमें बेगम खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी-बीएनपी के नेता भी शामिल हैं। मोहम्मद यूनुस न कट्टरपंथी हैं और न घोषित भारत-विरोधी। लेकिन उनके अनेक साथियों की पृष्ठभूमि सवाल खड़े करती है। सेना की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। खबर है कि वहां शेख हसीना-समर्थक तत्वों या ऐसे लोगों का सफाया किया जा रहा है जो शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक व सहिष्णु बांग्लादेश की इच्छा रखते हैं। यह स्थिति अत्यधिक चिन्ताजनक है। अंतरिम सरकार गठन के बावजूद सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह देखना होगा कि भावी संसदीय चुनाव कितने स्वच्छ व स्वतंत्र होंगे। बांग्लादेश की राष्ट्रीय संसद को भंग कर दिया गया है, इसलिए अंतरिम सरकार को जल्द ही देश में संसदीय चुनाव कराने होंगे।

नई दिल्ली ने उचित ही बांग्लादेश की स्थितियों पर गहरी नजर बनाए रखी है। बांग्लादेश में 2001 से 2006 तक शासन करने वाली बीएनपी-जमात नीत गठबंधन सरकार पूरी तरह भारत-विरोधी थी। उसने सक्रिय रूप से भारत के पूर्वोत्तर में सक्रिय अलगाववादी समूहों को न केवल अपने देश में शरण दी थी, बल्कि हथियारों से लैस भी किया था। नई दिल्ली यह बिल्कुल नहीं चाहती है कि बांग्लादेश में ऐसी सरकार बने जो पुरानी सरकार की तरह भारत-विरोधी हो।

इस बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि वे बांग्लादेश की घटनाओं में 'विदेशी हाथ' की संभावनाओं को खारिज नहीं करते हैं। हालांकि, अपने पद को देखते हुए उनको अपने शब्दों के प्रति सतर्क रहना होता है। लेकिन इसके बावजूद यह पूर्णत: स्पष्ट है कि पाकिस्तान की आईएसआई तथा संभवत: चीन का भी इन घटनाओं में हाथ है। पाकिस्तान को अपने ही पाले-पोसे तालिबान से गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और चीन को भी इस्लामवादियों से परेशानी हो रही है। ऐसे में उनको विलियन एस. बैरिंग-गोल्ड की लिमरिक याद करनी चाहिए-'रीगा की एक युवा महिला ने शेर पर सवारी की। यात्रा समाप्त होने पर महिला शेर के पेट में थी और शेर मुस्करा रहा था।' कट्टरपंथी इस्लामवाद रूपी शेर पर सवारी करने वालों को यह सबक याद रखना चाहिए।

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए समग्र दृष्टिकोण

ईशान शिवानंद
(लेखक मानसिक स्वास्थ्य शोधकर्ता हैं)



इस बात को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण हैं कि मन, शरीर और आत्मा सूक्ष्म स्तर पर आपस में जुड़े हुए हैं। यह संबंध हमारे विचारों और भावनाओं को प्रभावित करता है, इसलिए, हमारी भौतिक वास्तविकता और हमारी शारीरिक स्थिति हमारे मानसिक स्वास्थ्य और प्रक्रियाओं को प्रभावित करती है।

सच्चे स्वास्थ्य का संकेत मन और शरीर के बीच सामंजस्यपूर्ण संतुलन से मिलता है। यहां तक कि एक मामूली असंतुलन भी शारीरिक बीमारियों और मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से लेकर खुद और जीवन के साथ अधूरेपन की भावना तक कई तरह की समस्याओं को जन्म दे सकता है। मानसिक स्वास्थ्य के लगभग 80 प्रतिशत मामले निम्न और मध्यम आय वाले देशों में होते हैं। अवसाद और चिंता जैसी स्थितियां दुनिया की लगभग 9 प्रतिशत आबादी को प्रभावित करती हैं और विकलांगता के साथ जीने वाले 10 प्रतिशत से अधिक वर्षों के लिए जिम्मेदार हैं। फार्मास्युटिकल उपचार लंबे समय से मानसिक स्वास्थ्य सेवा की आधारशिला रहे हैं, जो गंभीर मामलों के प्रबंधन और स्थिरीकरण में सहायता करते हैं। ये लक्षित उपचार बायोमार्कर के आधार पर विशिष्ट रोग तंत्र को संबोधित करते हैं, जिससे अधिक व्यक्तिगत उपचार होता है। चिकित्सा प्रौद्योगिकी की प्रगति इन उपचारों की प्रभावकारिता को बढ़ाती है और रोगी के परिणामों में सुधार करती है। हालांकि, अकेले दवा पर निर्भरता अक्सर मानसिक स्वास्थ्य की समग्र प्रकृति को नजरअंदाज कर देती है।

एकीकृत स्वास्थ्य दृष्टिकोण, विशेष रूप से योगिक तौर-तरीकों जैसे भारतीय ज्ञान प्रणालियों में निहित, पारंपरिक दवा उपचारों के लिए एक आशाजनक पूरक प्रदान करते हैं। श्वास क्रिया और ध्यान संबंधी प्रोटोकॉल का संयोजन व्यक्तियों को गैर-निर्णयात्मक जागरूकता की एक उच्च अवस्था में प्रवेश करने में मदद करता है। वे आराम और पाचन या विश्राम की एक शारीरिक स्थिति को सक्षम करते हैं, जो उड़ान-या-लड़ाई तनाव प्रतिक्रिया के विपरीत है। तनाव प्रतिक्रिया में यह रुकावट मन और शरीर के बीच संतुलन और



एकता की भावना को बढ़ावा देने में मदद करती है। योग अभ्यास भी कुछ सिद्धांतों पर आधारित हैं। मानव शरीर एक समग्र इकाई है जिसमें एक दूसरे से अविभाज्य विभिन्न परस्पर संबंधित आयाम शामिल हैं। किसी एक आयाम का स्वास्थ्य या बीमारी अन्य को प्रभावित करती है। दूसरे, प्रत्येक व्यक्ति की ज़रूरतें अद्वितीय होती हैं और उन्हें इस व्यक्तित्व को स्वीकार करने वाले अनुरूप अभ्यासों के साथ संपर्क किया जाना चाहिए। योगिक तौर-तरीके व्यक्तियों को सशक्त बनाते हैं: उनके उपचारक बनने के लिए, स्वास्थ्य की ओर उनकी यात्रा में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए, और स्वायत्तता को बढ़ावा देने के लिए। साथ ही, किसी व्यक्ति के मन की गुणवत्ता और स्थिति उपचार के लिए महत्वपूर्ण है। सकारात्मक मन-स्थिति उपचार को गति प्रदान करती है, जबकि नकारात्मक मन-स्थिति इसे लम्बा खींच सकती है। लगातार योगाभ्यास अवसाद को कम करने में कारगर साबित हुआ है, जिससे सेरोटोनिन के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि होती है और मोनोमाइन ऑक्सीडेज में कमी आती है, जो एक एंजाइम है जो न्यूरोट्रांसमीटर और कोर्टिसोल को तोड़ता है। योग-आधारित हस्तक्षेप हाइपोथैलेमस के सहानुभूति क्षेत्र को बाधित करके अवसादग्रस्तता विकारों, तनाव और चिंता को प्रबंधित करने में भी मदद करते हैं। यह अवरोध तनावपूर्ण उत्तेजनाओं के लिए शरीर की प्रतिक्रियाओं को अनुकूलित करता है और तनाव से जुड़े स्वायत्त विनियामक प्रतिवर्त तंत्र को पुनर्स्थापित करता है। इसके अलावा, योगाभ्यास भय, आक्रामकता और क्रोध के लिए जिम्मेदार क्षेत्रों को बाधित करते हैं, जबकि मस्तिष्क में आनंद केंद्रों को उत्तेजित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप आनंद की स्थिति और कम चिंता होती है। योग और ध्यान के नियमित अभ्यास करने वालों को हृदय गति, श्वसन दर, रक्तचाप और हृदय उत्पादन में कमी का अनुभव होता है।

मानसिक स्वास्थ्य से परे, योगिक प्रोटोकॉल कार्डियोरेस्पिरेटरी प्रदर्शन, मनोवैज्ञानिक प्रोफाइल और प्लाज्मा मेलाटोनिन के स्तर में सुधार करते हैं। यह सिस्टोलिक और डायस्टोलिक रक्तचाप, औसत धमनी दबाव और ऑर्थोस्टेटिक सहनशीलता को काफी कम करता है। योग कार्डियोवैस्कुलर दक्षता और होमोस्टैटिक नियंत्रण को भी बढ़ाता है, जिससे बेहतर स्वायत्त संतुलन, श्वसन प्रदर्शन और समग्र स्वास्थ्य में सुधार होता है। अध्ययनों से पता चला है कि योग-आधारित जीवनशैली में बदलाव कोरोनरी घावों के प्रतिगमन में भी सहायता कर सकते हैं और कोरोनरी धमनी रोग (सीएडी) के रोगियों में मायोकार्डियल परफ्यूज़न में सुधार कर सकते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण पारंपरिक भारतीय ज्ञान प्रणालियों से अंतर्दृष्टि का लाभ उठाता है, जिसमें फार्मास्युटिकल उपचारों को गैर-फार्मास्युटिकल ध्यान प्रथाओं के साथ जोड़ा जाता है। यह तालमेल न केवल तत्काल लक्षणों को संबोधित करता है बल्कि दीर्घकालिक रिकवरी और स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। जैसे-जैसे हम आधुनिक जीवन की जटिलताओं से निपटते हैं, प्राचीन प्रथाओं के ज्ञान को अपनाना महत्वपूर्ण है।

योग और अन्य गैर-आक्रामक तरीकों को अपने मानसिक स्वास्थ्य टूलकिट में एकीकृत करके, हम एक संतुलित स्थिति प्राप्त कर सकते हैं जहाँ मन और शरीर सामंजस्य में काम करते हैं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए केवल गोलियों से ही रास्ता नहीं बनाया जा सकता; कभी-कभी, यह हमारी सांस को खोजने और खुद को उन अभ्यासों में स्थापित करने जितना ही सरल होता है जो हमें हमारे मूल से जोड़ते हैं।

## आप की बात

### हॉकी में सफलता

**पेरिस ओलंपिक** में भारतीय हॉकी टीम ने स्पेन को 2-1 से हराकर भारत के लिए कांस्य पदक जीत कर भारतीयों को अपार खुशी प्रदान की है। सभी भारतीयों के लिए यह ऐतिहासिक अवसर है क्योंकि भारतीय हॉकी ने टोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक अर्जित किया था। पेरिस ओलंपिक में भारत की हॉकी यात्रा शानदार रही। भारत ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को हराया था। उसके बाद अर्जेंटीना को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया था और आयरलैंड को भी हराया था। हालांकि, भारत को एक महत्वपूर्ण मैच में बेल्जियम से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन इसके बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। भारतीय हॉकी टीम ने यह करिश्मा 52 वर्ष बाद करके दिखाया था। भारत ने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड को हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में उसे जर्मनी से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, इसी के साथ ही भारत का गोल्ड मेडल जीतने का सपना भी टूट गया था, पर इस हार के बाद भी भारत ने मनोबल बनाए रखते हुए स्पेन पर जीत दर्ज की। ओलंपिक के बाद संन्यास की घोषणा कर चुके भारत के गोलकीपर श्रीजेश के लिए भी एक यह शानदार और ऐतिहासिक विदाई थी। भारत को अब गांवों तक खेलों को लोकप्रिय बनाने का काम करना चाहिए।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### सरोज देवी का बयान

**खेल** का मतलब है प्रेम, सौहार्द और भाईचारा। ओलंपिक प्रतीक का मतलब ही है पांच महाद्वीपों का मिलन। इस बार ओलंपिक में सबसे भावनात्मक क्षण वो था जब नीरज चोपड़ा की मां सरोज देवी ने अरशद नदीम को लेकर कहा-हम बहुत खुश हैं। हमारे लिए तो सिल्वर भी गोल्ड के ही बराबर है। गोल्ड जीतने वाला भी हमारा ही लड़का है। मेहनत करता है। उनके इस बयान की चर्चा न सिर्फ सरहद के इस पार और उस पार हो रही है, बल्कि पूरी दुनिया में इसे मानवता, सद्भाव एवं जुड़ाव के रूप में देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी बहुत से लोग यह अपनत्व की भावना व्यक्त करने के लिए नीरज चोपड़ा की माता जी की खूब तारीफ़ कर रहे हैं। पूर्व क्रिकेटर शोएब अख़्तर ने लिखा-गोल्ड जिसका है, वो भी हमारा ही लड़का है। ये बात सिर्फ़ एक मां ही कह सकती है। कमाल है। दोनों देशों के मध्य भले ही बंटवारे के बाद आपसी रंजिश, तनाव, युद्ध एवं बैमनस्य वाला माहौल रहा हो, पर इसके बावजूद भारत-पाकिस्तान के बीच अटूट पैतृक संबंध बने हुए हैं। हमारी तहजीब, बोली, पहनावा, रहन-सहनए, संस्कृति व रीत रिवाजों में सबंध बने हुए हैं। तमाम दूरियों के बावजूद सरोज देवी का बयान प्रकाश की किरण की तरह है।

**- जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### बांग्लादेश के कट्टरपंथी

**बांग्लादेश** का जन्म 1971 में भारतीय सेना के शौर्य के गर्भ से हुआ था आज उसी देश के बहुत से लोग मन्दिरों और हिन्दुओं पर हमले कर भारत-विरोधी माहौल बना रहे हैं। खुशी की बात है कि आखिरकार शेख हसीना ने 57 मुस्लिम देशों को छोड़कर भारत को ही अपने लिए सुरक्षित माना। इसका कारण भारत की हजारों वर्ष पुरानी सांस्कृतिक धरोहर पर विश्वास है जिसके चलते भारत ने कभी अपने प्रति विश्वास को आघात नहीं लगने दिया। यह तथ्य भी भुलाया नहीं जाना चाहिए कि 1975 में अपने पिता मुजीबुर रहमान और परिवार के अधिकांश सदस्यों की सैनिक तख्तापलट में हत्या के बाद शेख हसीना को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने भारत में शरण देकर उनकी पूरी सुरक्षा की थी। शेख हसीना 6 साल भारत में रहने के बाद परिस्थितियां अनुकूल होने पर 1981 में बांग्लादेश वापस गई थीं। लेकिन उस देश के मज़हबी कट्टरपंथियों को शेख़ हसीना के रूप में एक उदारवादी नेता पसन्द नहीं है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि पिछले 15 साल में बांग्लादेश का उल्लेखनीय आर्थिक विकास हुआ और वह सबसे तेज प्रगति करने वाले देशों में शामिल था। लेकिन दुनिया भर में भीख मांगने वाले पाकिस्तान-समर्थकों को यह बात पसंद नहीं आई।

**- नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

### बेटियों की भूमिका

**प्रधानमंत्री** ने दिल्ली में नेशनल कैडेट कोर-एनसीसी की रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि कभी बेटियों की भागीदारी केवल सांस्कृतिक आयोजनों तक सीमित रहती थी, लेकिन आज भारत की बेटियां जल,थल, नभ और अंतरिक्ष में भी अपनी क्षमता का लोहा मनवा रही है। वर्तमान में बदलते भारत की तस्वीर का यह यथार्थ है। जीवन के सभी क्षेत्रों में बेटियों की भूमिका लगातार बढ़ रही है। लेकिन इसके साथ ही इन तथ्यों को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि उनको आज भी पुरुष वर्चस्व वाले समाज में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां कार्पोरेट जगत में उनको सर्वोच्च पदों पर समुचित स्थान नहीं मिल रहा है, वहीं अनेक ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों के साथ ही नगरों महानगरों में उनको उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न, धोखाधड़ी व लव जिहाद, आदि का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या का एक समाधान पुलिस, अर्धसैनिक बलों व अभियोजन के साथ न्यायपालिका में नीचे से लेकर ऊपर तक महिलाओं को समुचित स्थान देना है। यदि इनमें महिलाओं को 50 प्रतिशत स्थान मिल जाए तो बेटियों की प्रतिभा और निखरेगी।

**-संजय वर्मा**, मनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम पहुँच कर कांवड़ियों की सेवा की

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने नर्मदा मैय्या मंदिर और जलेश्वर महादेव मंदिर पहुँचकर विशेष पूजा-अर्चना की और छत्तीसगढ़ की समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा मध्यप्रदेश के अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम पहुँचे। अमरकंटक से छत्तीसगढ़ के कबीरधाम भोरमदेव लगभग 180 किलोमीटर दूर कावड़ यात्रा करने वाले सभी कावड़ियों को अपने हाथों से भोजन और प्रसाद परोसा कर उनकी सेवा की। उपमुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान सभी कावड़ियों का हाल-चाल जाना और उनके साथ बैठक कर भोजन- प्रसाद ग्रहण भी किया। इससे पहले लम्बी पदयात्रा तय कर अमरकंटक पहुचे सभी कावड़ियों और भक्तों का उन्होंने हर-हर महादेव और बोल-बम के जयघोष के साथ स्वागत और अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज सुबह नर्मदा मैय्या मंदिर और जलेश्वर महादेव मंदिर पहुँचकर विशेष पूजा-अर्चना की और छत्तीसगढ़ की समृद्धि तथा खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री शर्मा ने मृत्युंजय आश्रम में कांवड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और कवर्धा से अमरकंटक लगभग 180 किलोमीटर की दूरियों के बीच कावड़ियों के कठिनाइयों ने रूबरू भी हुए।उन्होंने कावड़ियों में उनके सुरक्षा के लिए की जा रही पेट्रोलिंग, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मेडिकल टीम और उनके ठहरने की व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी भी ली।

उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक की 150 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि भक्तगणों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। उपमुख्यमंत्री शर्मा के निर्देशानुसार कांवड़ियों के लिए 15 से अधिक स्थानों पर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यात्रा के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। जिनमें 4 पुलिस पेट्रोलिंग टीमें और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस की ड्यूटी शामिल है। पुलिस अधीक्षकों को इस संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं, ताकि कांवड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कांवड़ियों के लिए 20 से अधिक स्थानों पर ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है। अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में निःशुल्क भोजन और रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है, जिसमें दाल-भात, सब्जी, मिठाई जैसे खीर, पुड़ी और हलवा का समावेश है। इन व्यवस्थाओं की निगरानी में बोलबम समन्वय समिति और स्थानीय अधिकारी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारे लिए कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि है। सावन माह के इस पवित्र अवसर पर हमने सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए हैं ताकि सभी भक्तजन बिना किसी कठिनाई के अपनी यात्रा पूरी कर सकें।

# गोस्वामी तुलसीदास जन्मोत्सव पर मानस मनीषियों का हुआ तुलसी अलंकरण से सम्मान

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सपाद लक्षेश्वर धाम सल्धा में जिला मानस संघ के तत्वावधान में आयोजित त्रि-दिवसीय पुज्यपाद गोस्वामी तुलसी दास जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें संघ की विशेष पहल से मानस को जीने वाले वरिष्ठ एवं युवा तथा नारी शक्ति के रूप जुड़कर मानस के प्रचार प्रसार करने वाले मानस पथिकों को विशेष अलंकरण से सम्मानित किया गया। जिसमे

मानस तुलसी अलंकरण में विश्राम प्रसाद मिश्रा बीजाभाट विनय ताम्रकार बेरला रामस्वरूप साहू लेंजवारा अशोक मिश्रा मटका हरिश्चंद्र वर्मा भिंभौरी हरीश दास घोटवाणी डॉ.भगत राम साहू हसदा मिश्रीलाल यदु किरता जगदीश साहू घुरसेना देशू राम साहू पडपोड़ी गोविंद जायसवाल बेमेतरा श्रवण साहू खाती साजा लक्ष्मण चौहान पीपर भट्ठा राजेंद्र साहू नयापारा मेहतरू ध्रुव मटका खेलन साहू बैजलपुर महराज दीन धीवर भिंभौरी को प्रदान किया गया। मानस युवा शक्ति सम्मान में राजा तन्तुवाय बेमेतरा आत्मा राम पटेल साजा शारदा कुमार बेरलाकला धनेश वर्मा बेमेतरा परमानंद पांडे खंडसरा अजय यादव हथमुडी रोशन साहू संड़ी नोहर दास मानिकपुरी बहेरा ओम यादव बहेरा रमेश पाटिल घटिया खुर्द किरण वर्मा बुचीपुर दिलहरन साहू झाल को प्रदान किया गया वहीं मानस मातृ शक्ति सम्मान में कल्याणी सेन बेमेतरा, चंद्रिका वर्मा गोंड़गिरी, किरण दुबे बेमेतरा सविता साहू खाती ममता साहू बीणा साहू कमला साहू मूरता को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मानस कवि के रूप में दिलीप टिकरिहा राम हृदय वर्मा सतीश यदु को सम्मानित किया गया। जिला मानस संघ बेमेतरा द्वारा सपादलक्षेश्वर धाम सलधा मे पूज्य पिताजी स्व. सनत कुमार तिवारी सलधा चंदेरी के स्मृति में माताजी हेमलता सनत तिवारी सरपंच आदर्श ग्राम तुलसी द्वारा प्रदत्त गोस्वामी तुलसीदास जी की विशाल मूर्ति का अनावरण पूज्यपाद दण्डीस्वामी ज्योतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज के करकमलों से किया गया। स्वामी ने अपने आशीर्वाद में जिले में मानस मंडली की प्रस्तुति को सराहा एवं सभी को मन मंदिर में मानस की ज्योति जलाने की अपील की। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भूतपूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल नें मानस संघ की विशेष पहल की सराहना की। वहीं प्रीतम सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला नें सल्धा में मानस भवन बनाने की घोषणा किया विभिन्न मानस संगठनों की ओर से मानस दर्शन जीवन अर्पण प्रमुख दीपक गुहा भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं उपस्थित सभी मानस भक्तों का दिल जीत लिया।

# कलेक्टर पहुँचे प्रेरणा विद्यालय, करियर गाइडेंस के महत्व पर की चर्चा

## सिविल सेवा में सफलता केवल शैक्षणिक योग्यता से नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, और निरंतर प्रयास से ही संभव : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा जिले के ग्राम कठिया मे स्थित प्रेरणा विद्यालय मे आयोजित करियर गाइडेंस कार्यक्रम मे सम्मिलित हुये। इस दौरान उन्होंने स्कूल में बच्चों के करियर गाइडेंस के महत्व पर चर्चा की और उन्हें बताया कि हायर एजुकेशन के बाद क्या कदम उठाने चाहिए। उन्होंने विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी और यह भी समझाया कि सही करियर चुनने के लिए कौन-कौन से पहलूओं पर ध्यान देना जरूरी है। कलेक्टर ने छात्रों को उनके रुचियों और क्षमताओं के आधार पर सही करियर चुनने के लिए प्रेरित किया और आगे की पढ़ाई और करियर में सफलता पाने के लिए उपयोगी टिप्स भी साझा किए। कलेक्टर शर्मा ने बच्चों से सवाल-जवाब भी किए, जिससे वे उनकी सोच और समस्याओं को समझ सकें। उन्होंने छात्रों से उनकी पढ़ाई और करियर से जुड़ी चिंताओं के बारे में बात की और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए। कलेक्टर ने शिक्षा में आ रही परेशानियों से निपटने के लिए कुछ उपाय भी सुझाए, जैसे कि सही समय प्रबंधन, सही मार्गदर्शन का चुनाव, और पढ़ाई के दौरान आने वाली कठिनाइयों का सामना करने के लिए मानसिक रूप से मजबूत बनने के तरीके। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि वे शिक्षा में आने वाली चुनौतियों को एक अवसर की तरह लें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। कलेक्टर शर्मा ने बच्चों के साथ अपने आईएएस बनने की यात्रा को विस्तार से साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने बचपन से लेकर सिविल सेवा में प्रवेश तक के अपने शैक्षणिक जीवन में कठिनाइयों का सामना किया और उन पर विजय पाई। कलेक्टर ने अपनी शिक्षा के दौरान की गई मेहनत, समर्पण और सही रणनीति के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा से लेकर कॉलेज तक विभिन्न विषयों में गहन अध्ययन किया और अपनी रुचि और क्षमताओं को पहचानकर सिविल सेवा की तैयारी शुरू की। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि सिविल सेवा में सफलता केवल शैक्षणिक योग्यता से नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, अनुशासन, और निरंतर प्रयास से प्राप्त की जा सकती है। अपने व्यक्तिगत अनुभवों से उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें सीखने के अवसर के रूप में लेना चाहिए। कलेक्टर ने यह भी बताया कि कैसे उन्होंने विभिन्न परीक्षाओं और चुनौतियों का सामना किया, और सही मार्गदर्शन और मेहनत से अपने लक्ष्य तक पहुंचे। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि अगर वे अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं, तो किसी भी बाधा को पार कर सकते हैं।

# श्री रूद्र महायज्ञ सेवा संस्थान समिति एवं भक्त मां कर्मा गौशाला, करपात्री तीर्थ आनंद धाम अकोला में कांवड़ यात्रा एवं भंडारा का किया गया आयोजन





**कुम्हारी।** समीपस्थ ग्राम अकोला में श्री रूद्र महायज्ञ सेवा संस्थान समिति एवं भक्त मां कर्मा गौशाला, करपात्री तीर्थ आनंद धाम अकोला (बगीचा), के तत्वाधान में भव्य कांवड़ यात्रा एवं विशाल भंडारा का आयोजन आयोजित किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा बढ़ चढ़ कर तन मन और धन से सहयोग किया गया । विगत 65 वर्षों से योगेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण आनन्द धाम अकोला बागीचा में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में श्री रूद्र महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है एवं ग्यारह दिवसीय भव्य मेला लगता है । यहां कार्तिक पूर्णिमा में भी भव्य मेला का आयोजन प्रतिवर्ष होता है। प्रतिवर्ष सावन माह में एक माह का सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होता है जिसमे प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग का पूजन अभिषेक, विशाल भंडारा एवं कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है।

## श्रीसांई धाम कुम्हारी से देव बलौदा तक निकाली गई कांवड़ यात्रा



**कुम्हारी।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी साईं धाम मंदिर व्यवस्थापक प्रमुख पुजारी बाबा जी के मार्ग दर्शन में सुबह से गेरूए वस्त्र धारण किए हुए बड़ी संख्या में नगर के पद यात्री भक्तों के जत्थे ने श्रावण मास के पावन सोमवार को महादेव मंदिर देव बलौदा में जलाभिषेक करने हेतु बोल बम के गगनभेदी जयकारा लगाते हुए पहुंच कर श्रद्धा और भक्ति पूर्वक जलार्पण किया।

# कांग्रेसजनों ने मनाया भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस का 64वां स्थापना दिवस

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार , युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रशांत बोकडे के मार्गदर्शन पर दल्ली राजहरा शहर अध्यक्ष परितोष हंसपाल के नेतृत्व में युवा कांग्रेस व कांग्रेसजनों ने मनाया सबसे बड़े युवा संगठन भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस का 64वां स्थापना दिवस। जहां सर्वप्रथम उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, विधायक प्रतिनिधि रत्तीराम कोसमा , मंडल अध्यक्ष विवेक मसीह, जिला संयुक्त महासचिव विजय जोगदंड , झुग्गी झोपड़ी अध्यक्ष प्रदीप बबलू , अल्पसंख्यक अध्यक्ष रूबी एन्थोनी , ब्लॉक सचिव बसंत साहू, पार्षद रोशन पटेल , स्वप्निल तिवारी, विलियम भावरा , चंद्रप्रकाश बोरकर , किसान मोर्चा अध्यक्ष नोमेश रामटेके के द्वारा महात्मा गांधी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण के पश्चात समस्त उपस्थित युवा कांग्रेसी आकाश सिंह, जसविंदर गिल, अमित मंगर, निहाल, सुधीर, प्रशांत, मोनू, मयंक, धीरज, बन्टी, साहिल, नीलधर, शिवम, खूबलाल खरे, मोनू ठाकुर, लकी एवं अन्य साथियों के द्वारा त्याग, न्याय, शांति, सर्वधर्म समभाव, बीमारियों पर कुठाराघात, महिलाओं की रक्षा के साथ देश को अग्रणी राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को साकार करने की शपथग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष प्रशांत बोकडे ने स्वयं किया। इसके बाद उपस्थित समस्त जनों ने हसदेव अरण्य के नाम पौधारोपण किया।

# जन समस्या निवारण पखवाड़ा में पार्षद टी.ज्योति ने वार्ड की समस्या से अवगत कराया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जन समस्या निवारण पखवाड़ा में पार्षद टी.ज्योति ने वार्ड की समस्या से अवगत कराया गया ताकि वार्ड की समस्या का समाधान हो सके। आवेदन नगर पालिका कर्मचारी भानु प्रकाश घोष, एलएन चंद्राकर व बुद्धिमान सिंह को सौपा गया ज्ञापन जो निम्न है। गरीबी रेखा 2007-08 के अंतर्गत में सर्वे हुआ था उसमें बहुत से गरीब लोगों का नाम छूट गया है जिससे कि शासन का लाभ लेने से वंचित हो रहे हैं इसलिए गरीब लोगों का नाम जुड़ सके जिससे शासन का लाभ मिल सके। महतारी वंदन योजना का लाभ कुछ महिलाएं लेने में वंचित हो रही है पुनः आवेदन आमंत्रित किया जाए जिससे शासन की योजनाओं का महिलाओं को मिल सके। वार्ड क्रमांक 26 में एक मितानिन की नियुक्ति हुई है जनसंख्या अधिक होने के कारण आम जनता को असुविधा हो रही है अतः एक और अतिरिक्त मितानिन की नियुक्ति करने की कृपा करें। आत्मानंद विद्यालय का बाउंड्री वॉल मरम्मत के समय तोड़ दिया गया था जिससे बस्ती क्षेत्र प्रभावित हो रहा है अतः तत्काल बाउंड्री वॉल बनवाया जाए। वार्ड क्रमांक 26 में नाली निर्माण कार्य हुआ था जिसमें विभिन्न स्थानों में स्लैब की आवश्यकता है जिससे कि आवागमन बाधित हो रही है अतः आपसे निवेदन है कि नालियों में स्लैब की व्यवस्था करवांए की । दल्ली राजहरा नगर में एपीएल निःशक्त जनों को शासन की पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है अतः एपीएल निःशक्तजनों को पेंशन प्रदान करने की कृपा करें। वार्ड क्रमांक 26 में दो बोर खनन का कार्य किया गया था परंतु बोर में मोटर व पाइप लाइन विस्तारीकरण नहीं होने के कारण आम जनता को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है व आवागमन में भी असुविधा हो रहा है अतः आपसे निवेदन है कि फौव्वारा चौक व कमल मोटर के सामने बोर में मोटर व पाइप लाइन स्तरीकरण किया जाए। वार्ड क्रमांक 26 में नए बिजली पोल में लाइट की व्यवस्था नहीं है नए बिजली पोल में हाई एलईडी लाइट की व्यवस्था किया जाए जिससे की रात में वार्ड वासियों को परेशानी ना हो सके व जगह चौक चौराहे में भी हाई वोल्ट लाइट लगाया जाए। पीएचसी विभाग द्वारा सभी वार्ड के गलियों में खड्डा खोदकर पाइपलाइन विस्तार किया गया है जिससे आवा गमन में परेशानी हो रही है और ना ही पाइपलाइन में पानी उपलब्ध कराया गया है अतः आपसे निवेदन है जल आवर्धन योजना का तत्काल चालू किया जाए। आत्मानंद विद्यालय में शिक्षकों की कमी हो रही है व आत्मानंद विद्यालय में बच्चों को शिक्षकों की कमी होने पर शिक्षा ग्रहण करने में परेशानी हो रही है।

# 15 दिवस के भीतर कार्य पूर्ण करें अन्यथा होगी शख्त कार्यवाही : कलेक्टर

## कार्यों को गंभीरता से लेकर समिति प्रभारियों व राईस मिलर्स को समन्वय कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में जिले के सभी राईस मिलर्स की बैठक लेकर कस्टम मिलिंग एवं धान उठाव की समीक्षा बैठक ली । कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कस्टम मिलिंग अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय पर कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों या कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। इसका मतलब है कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने कर्तव्यों का समय पर पालन नहीं करता है या कार्यों में देरी करता है, तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कार्यों मे लापरवाही बरतने वालों पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस निर्देश का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाना और सुनिश्चित करना है कि कस्टम मिलिंग एवं धान उठाव की प्रक्रियाओं का पालन समय पर और सही तरीके से किया जाए। यह भी सुनिश्चित करता है कि कस्टम मिलिंग, और धान उठाव कार्य बिना किसी बाधा के संचालित हों, ताकि किसानों और आम जनता को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने अधिकारियों/कर्मचारियों और राईस मिलर्स को 15 दिवस के भीतर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये है। इसका मतलब है कि उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूरी तरह से और बिना किसी कमी के पूरा करना होगा। इसके साथ ही कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि 15 दिनों के भीतर ये कार्य पूरे नहीं होते हैं, तो संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। इससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी और दक्षता सुनिश्चित होगी, और यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि धान उठाव, कस्टम मिलिंग के कार्य समय पर और प्रभावी ढंग से पूरे हों। बता दें कि जिले में कुल 125 राईस मिलर्स पंजीकृत हैं, जिनके माध्यम से समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का कस्टम मिलिंग कार्य कराया जा रहा है । वर्तमान में जिले के सभी राईस मिलर्स को भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने अनुबंध किया गया है तथा उनके द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य किया जा रहा है। मिलर्स द्वारा चावल जमा कार्य में हमालों की कमी की समस्या से अवगत कराया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में खरीदी केंद्रों से धान उठाव की समीक्षा बैठक में बताया गया की जिले में अब तक 934687 मिट्रिक टन धान उपार्जन किया गया है। कस्टम मिलिंग अंतर्गत चावल उपार्जन की समीक्षा में पाया गया की जिले में फोर्टिफाईड एफसी.आई. अरवा अंतर्गत 206086.5 मे.टन लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमे धान उठाव का अनुपातिक चावल 205766 मे.टन, चावल जमा 65408.99 मे.टन, चावल जमा हेतु शेष 140357 मे.टन है 7 इसके पश्चात् फोर्टिफाइड एफसी आई उसना का जिले में 51712.2 मे.टन लक्ष्य निर्धारित की गई थी जिसमे धान उठाव का अनुपातिक चावल 50967 मे.टन, चावल जमा 25923.13 मे.टन, चावल जमा हेतु शेष 24044 मे.टन हुई है 7 इसके अलावा नागरिक आपूर्ति निगम मे कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन की समीक्षा अंतर्गत नान अरवा का 3697.12 मे.टन लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमे धान उठाव का अनुपातिक चावल 3697 मे.टन, चावल जमा 3049.64 मे.टन, चावल जमा हेतु शेष 647 मे.टन हुई है एवं नान फोर्टिफाइड अरवा अंतर्गत 98076.45 मे.टन लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमे धान उठाव का अनुपातिक चावल 98074 मे.टन, चावल जमा 72434.56 मे.टन, चावल जमा हेतु शेष 25639 मे.टन हुई है।

# प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा हिट एण्ड रन मोटर एक्सीडेंट मामले में ली गई बैठक

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के अध्यक्षता में हिट एण्ड रन मोटर एक्सीडेंट एवं आगामी नेशनल लोक अदालत 21 सितम्बर 2024 के सफल आयोजन हेतु मॉनिटरिंग सेल की बैठक में अधिक से अधिक संख्या में राजस्व प्रकरण के निराकरण के संबंध में कलेक्टर रणबीर शर्मा, उमेश कुमार उपाध्याय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी की उपस्थिति में बैठक ली गई। उक्त बैठक में प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में 06 क्लेम कम्पनसेशन प्रकरण निराकृत किये गये है। प्रधान जिला न्यायाधीश ने पीड़ित पक्ष की ओर से क्लेम कम्पनसेशन में क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन पेश करने की प्रकिया का पालन सुनिश्चित करने एवं एक्सीडेंट के परिणामस्वरूप हुई मृत्यु अथवा गंभीर चोट के लिए कम्पनसेशन निर्धारित कर समय-सीमा में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने हेतु क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को निर्देश दियें। साथ ही मोटरयान एक्सीडेंट स्कीम 2022 अनुसार क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को संबंधित थाने से फर्स्ट एक्सीडेंट रिपोर्ट (एफए.आर.) एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा दुर्घटना होने की सूचना प्राप्ति के एक माह के भीतर ही संबंधित पुलिस अधिकारी / थाना प्रभारी द्वारा एफए.आर. की प्रति क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को प्रेषित करने और पीड़ित पक्ष को उसके क्षतिपूर्ति, दावा अधिकार के संबंध में समस्त जानकारी उपलब्ध कराने हेतु पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया है। अध्यक्ष द्वारा जनमानस में इस स्कीम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया जिससे अधिक से अधिक संख्या में पीड़ित पक्ष इसका लाभ ले सकें।

# पति की हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका पति कमरे में मिली दोनों की लाश, जांच में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





रायगढ़ जिले में एक मकान में पत्नी की खून से सनी हुई लाश और उसके बगल में ही फाँसी के फंदे में पति की लटकती लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुडूमकेला नवाडीह में सोमवार की सुबह एक मकान में पंचराम माझी 40 साल की फांसी के फंदे में लटकती हुई एवं बिस्तर में उसकी पत्नी धरमकुमारी माझी 34 साल की लाश खून से सनी हुई हालात में मिली है। मकान में पति पत्नी की लाश मिलने की जानकारी मिलते ही धरमजयगढ़ एसडीओपी सिद्धांत तिवारी, घरघोड़ा थाना प्रभारी अमित तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

**इस तरह पता चला पूरा मामला**-सोमवार की सुबह काफी समय तक पंचराम के घर का दरवाजा नही खुलने और दरवाजे में दस्तक देने के बावजूद अंदर से किसी प्रकार का जवाब नही आने के बाद मोहल्लेवासियों ने जब सीढ़ी लगाकर अंदर देखा तो उनके पैरो तले जमीन सरक गई। बिस्तर में पत्नी की लाश तो उसके बगल में ही उसके पति की लाश फांसी के फंदे पर लटक रही थी। जिसके बाद गांव के ग्रामीणों ने पुलिस को इस घटना से अवगत कराया।

**पत्नी की हत्या कर पति ने लगाई फाँसी**-बताया जा रहा कि बीती रात पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और फिर गुस्से के आकार पति ने धारदार टांगी से अपनी पत्नी के गले मे वार कर उसे मौत के घाट उतार कर खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**शराब पीने का आदि था मृतक**-मृतक के आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि मृतक पंचराम मांझी की हालत बीते कुछ दिनों से ठीक नही है और वह अधिक मात्रा में शराब पीने लगा था उसने अपनी पत्नी को क्यो मारा इसकी उन्हें जानकारी नही है।

**पहले भी जान देने की कोशिश कर चुका था मृतक**-इस संबंध में धरमजयगढ़ एसडीओपी सिद्धांत तिवारी ने बताया कि प्रारभिक जांच में पता चला है कि पंचराम इससे पहले भी आत्महत्या करने की कोशिश करते हुए कुंए में कूद गया था जिसे आसपास के लोगों के द्वारा बचा लिया गया था। लेकिन बीती रात उसने अपनी को मौत के घाट उतारने के बाद खुद भी फांसी के फंदे पर झुल गया। पुलिस इस मामले को जांच में ले लिया है।

**बच्चों सिर से उठा माता-पिता का साया**-बताया जा रहा है कि पंचराम मांझी के एक बेटी और एक बेटा है। रविवार की सुबह दोनों बच्चे अपनी नानी के घर गए हुए थे और इस दरम्यान रात में यह घटना घटित हो जाने के बाद दोनों बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है।

# पेट्रोल पंप व्यवसायी से हुई लाखों रुपए की लूट के आरोपियों को कोरबा पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले के ग्राम रामपुर थाना करतला जंगल मार्ग में 5 अगस्त की शाम पेट्रोल पंप संचालक सक्ती निवासी संतोष कुमार गोयल के साथ डण्डा मारकर 4 लाख रुपये की लूट के मामले में एक महिला सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है,इस संबध में कोरबा जिला एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि मुख्य आरोपी भरतलाल श्रीवास 32 वर्ष, निवासी कसईपाली जोबी करतला में सैलून संचालक है। उसने रायगढ़ निवासी विकास तिर्की 24 वर्ष के साथ मिलकर अंजाम दिया। वह अपहरण के मामले रायगढ़ जेल में निरुध्द था और भरतलाल भी 2021 में लूट के मामले में जेल में था। दोनो में पहचान व दोस्ती हुई। लूट की योजना बनाई और 5 अगस्त को दोनों संतोष गोयल के पेट्रोल पंप में 50 रुपये का पेट्रोल भराया और विकास को संतोष को दूर से दिखाया। इसके बाद संतोष के सक्ती लौटने के दौरान विकास को भरत ने सूचना दी और विकास ने लूट किया। इसके बाद तीनों ने रुपये बांटे। भरत अपनी प्रेमिका आंगनबाड़ी सहायिका रमिला राठिया के साथ नकटीखार में एक घर में रुका था। पुलिस ने पूर्व रिकार्ड के आधार पर भरत को तलाशा व महिला के साथ पकड़ा। तीनों ने मिलकर रुपये खर्च किये थे। 4.43 लाख के सामानों सहित नगदी की रिकवरी कर ली गई है। विकास ने अपनी बहन के खाते में 50 हजार रुपये जमा कराया था। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पूरे मामले पर कोरबा पुलिस ने बताया कि प्रार्थी संतोष कुमार गोयल पिता रामकला गोयल उम्र 55 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 03 राजापारा सक्ती, थाना सक्ती, जिला सक्ती छ.ग., के द्वारा दिनांक 05.08.2024 को 05.30 बजे करीबन अपने पेट्रोल पंप की बिक्री राशी 4,80,000 रूपये को एक सफेद झोला में रखकर अपनी मोटर सायकल से अपने घर सक्ती जा रहा था की बजरंगबली मंदिर के आगे अंधरीकोना मोड़ के पास पहुंचा ही था कि एक अज्ञात व्यक्ति इसके मोटर सायकल के साथ साथ दौड़ने लगा तथा आगे बढ़कर एक गेंड़ा (डण्डा) से इसके सिर में मारा तो बैलेंस बिगड़ने से गिरने पर तीन-चार गेंड़ा (डण्डा) और मारा तथा सफेद झोला में रखे पैसा को झोला सहित लेकर जंगल की ओर भाग गया।

# विश्व हिंदू परिषद के 60 वें स्थापना दिवस पर जिले में होंगे विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



विश्व हिन्दू परिषद जिला कार्यकारणी की बैठक सकती के माँ भीमेश्वरी देवी बेरी वाली मंदिर आहूत की गई, जिसमें परिषद का 60 वा स्थापना दिवस मनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। अबकी बार जिले के सभी सातों प्रखंडों में 24 अगस्त से 1 सितंबर तक स्थापना दिवस पर कार्यक्रम रखा जाएगा। इस दौरान विहिप के स्थापना का उद्देश , उपलब्धि एवं उसके सोशल एवं सेवा कार्य से समाज को अवगत कराया जाएगा, बैठक में रानी अहिल्या बाई जयंती, वीरांगना दुर्गावती जयंती, दुर्गा अष्टमी एवं पंच परिवर्तन से संबंधित विषयो पर भी चर्चा की गई। बैठक में नये पदाधिकारीयो एवं दायित्वो की घोषणा की गई , जिसमें जिला सेवा प्रमुख बुधराम बरेठ , जिला सहमंत्री गजाधर चंद्रा , जिला उपाध्यक्ष हेमंत सोनी, जिला धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिवदयाल चंद्रा एवं जिला सहसत्संग प्रमुख अशोक यादव को बनाया गया, बैठक में प्रांत धर्माचार्य संपर्क सहप्रमुख विनय मोहन परासर, दुर्गावाहिनी प्रांत सह सयोजिक प्रीति दुबे, विभाग मंत्री विजय राठौर, विभाग विशेष संपर्क प्रमुख ललित साहू, मातृशक्ति संयोजिका सुनीता सोनसरे, जिला अध्यक्ष शिव कुमार जायसवाल,जिला मंत्री सुदामा चंद्रा, मातृ शक्ति संयोजिका रंजिता चौकसे सहमंत्री शिव कुमार साहू, उपाध्यक्ष गजाधर चंद्रा, जिला धर्म प्रसार प्रमुख राजेंद्र गिरी गोस्वामी,विधि प्रमुख विश्वनाथ सोनसरे, सत्संग प्रमुख नरेंद्र राठौर, जिला बाल संस्कार दुर्गा वाहिनी प्रमुख तनिसा मिश्रा, सक्ती नगर सयोजिका दुर्गावाहिनी करीना देवांगन, जिला सह समरसता प्रमुख प्रेमलाल गबेल, सक्ती प्रखंड सत्संग प्रमुख रवि पटेल, नारायण चौहान, कुंजबिहारी साहू, हलधार सिदार, सुरेंद्र टंडन, गणेश चंद्रा एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# कलेक्टर-एसपी ने कानून व्यवस्था के संबंध में ली बैठक

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में कानून व्यवस्था की सुचारू रूप संचालन को लेकर राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में अवैध रेत खदानों पर संयुक्त रूप से राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग के द्वारा कार्यवाही की जाए। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटना के कारण कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है। अतः दुर्घटना जन्य स्थान (ब्लेक चार्ट) का चिन्हाकन कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्ति करने कहा। उन्होंने प्रतिबंधित क्षेत्र में भारी वाहनों के आवागमन से सड़क जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हुए सड़कों की आवश्यक मरम्मत कार्य कराये जाने एवं साथ ही मार्ग पर बेरियर लगाये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्रो में दुकानो के आगे समान निकालकर आवागमन एवं पार्किंग में व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा उसे चिन्हाकित कर सड़क पर स्थित साइन बोर्ड एवं समान को हटाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसील मुख्यालय पर धरना स्थल का चयन करने, ध्वनि प्रदुषण को लेकर जांच करने एन.एच. से बाईपास के के मार्गों पर दुर्घटना की जानकारी प्राप्त होते ही आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिए। बैठक मे अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, एसडीएम, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# शहर में नालंदा लाइब्रेरी एवं ऑडिटोरियम निर्माण की मांग की क्षेत्र वासियों ने

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



जिले के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ शासन से मांग की है की राजधानी रायपुर में जिस तरह से विद्यार्थियों के लिए नालंदा लाइब्रेरी की स्थापना कर नालंदा परिसर को विकसित किया गया है, वैसे ही शक्ति शहर में भी ऐसी ही एक बड़ी लाइब्रेरी की स्थापना हो, जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए विद्यार्थी तैयारी कर सकें तथा पिछले दिनों छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के अनेकों स्थानों पर नालंदा लाइब्रेरी की तरह ही लाइब्रेरी की स्थापना हेतु स्वीकृति दी है, किंतु इस स्वीकृति में शक्ति शहर का नाम गायब है,एवं शक्ति जिले के विद्यार्थियों का कहना है कि इस जिले के विभिन्न ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र से लगभग 15त्र विद्यार्थी रायपुर में जाकर अलग-अलग कोचिंग सेंटरों तथा शैक्षणिक संस्थानों में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी करते हैं, तथा शक्ति शहर में भी ऐसी लाइब्रेरी की स्थापना होने से उन्हें जहां अपने क्षेत्र में ही यह सुविधा मिलेगी तो वहीं आर्थिक रूप से भी उन्हें बोझ नहीं पड़ेगा वहीं शक्ति शहर में आए दिन होने वाले छोटे-बड़े कार्यक्रमों के लिए सरकारी स्तर पर एक भी ऑडिटोरियम नहीं है,तथा शक्ति को जिले का दर्जा मिले 2 साल हो चुके है, किंतु आज स्थिति यह है कि यदि कोई भी कार्यक्रम हो तो उसके लिए टेंट लगवाना होता है ।

# नगर पंचायत अड़भार में निकली आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत तिरंगा यात्रा

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत अड़भार द्वारा छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग रायपुर के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 9 अगस्त से 15 अगस्त तक नगर पंचायत क्षेत्र में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय के दिशाद्द निर्देशन में 11 अगस्त को शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई, इस यात्रा का नेतृत्व नगर पंचायत अध्यक्ष दिशु बनियाराम रात्रे ने किया, तथा इस यात्रा में जहां नगर पंचायत के राजस्व निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, विकास देवांगन सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं निर्वाचित पार्षद मौजूद रहे, तो वहीं तिरंगा यात्रा को लेकर लोग इसमे बढ़-चढ़कर इसमें शामिल हुए,तथा लोगों में काफी उत्साह देखा गया, इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष दिशु बनियाराम रात्रे ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में नगर पंचायत क्षेत्र में यह कार्यक्रम हो रहा है, एवं इस अवसर पर तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़, मैराथन, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा सम्मान एवं तिरंगा मेला आयोजित किया जा रहा है, तथा इस अवसर पर 11 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे तिरंगा यात्रा निकली एवं नगर पंचायत कार्यालय परिसर में उपस्थित सभी अधिकारी- कर्मचारी एवं नागरिकों को तिरंगा ध्वज फहराने का भी संकल्प दिलाया गया, एवं इस कार्यक्रम में जहां महिलाएं भी काफी संख्या में उपस्थित थी तो वहीं नगर पंचायत के पार्षद गण मौजूद रहे।

# वन्यप्राणियों के शिकार के लिये बिछाये करंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

■ चार दिनों बाद झाड़ियों में मिला शव

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के जंगल में वन्यप्राणियों के शिकार के लिये बिछाये गए करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने दो नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के पूर्वांचल क्षेत्र में स्थित बलभद्रपुर गांव के जंगल में एक अधेड ग्रामीण सुग्रीव धनवार 60 साल निवासी नटवरपुर की वन्यप्राणियों के अवैध शिकार के लिये बिछाये गए करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही चक्रधर नगर पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**शराब पीने गया था मृतक**-बताया जा रहा है कि मृतक सुग्रीव धनवार अपने भाई के साथ 07 अगस्त की शाम पड़ोस के गांव भलभद्रपुर शराब पीने गया था वहां से लौटते समय रात में वह वन्यप्राणियों के शिकार के लिये बिछाए गए करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद उसका भाई घर जाकर परिजनों को घटना से अवगत कराया और फिर सुबह परिजनों के साथ घटना स्थल पहुंचे तब मौके पर उसका शव गायब था, काफी खोजबीन करने के बावजूद उसका शव नही मिला था।

**झाड़ियों में छिपाया था शव**-करंट की चपेट में आने से सुग्रीव की मौत हो जाने के बावजूद मृतक का शव घटना स्थल से गायब था इस लिहाज से चक्रधर नगर पुलिस तीन दिनों तक मृतक की पतासाजी में जुटी हुई थी इसी दौरान गांव में पूछताछ में पता चला कि गांव के कुछ युवकों के द्वारा अवैध तरीके से वन्यप्राणियों को शिकार किया जाता है। इस सूचना के बाद पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में कड़ाई से पूछताछ शुरू की तो उन्होंने मृतक के शव को जंगल के भीतर झाड़ियों में छुपाने की बात कहते हुए पुलिस को शव तक लेकर पहुंचे।

**पहले भी हो चुकी है इस तरह की घटना**-बताया जा रहा है कि जिला मुख्यालय से लगे हुई कई गांवों में कुछ ग्रामीणों के द्वारा अवैध तरीके से वन्यप्राणियों का शिकार किया जाता रहा है। करंट की चपेट आकर इंसान की मौत होनें के बाद ही इस घटना का पता चल पाता है। इससे पहले भी अवैध रूप से लगाये गए करंट से बंगुरसिया, बाध पाली, रेगड़ा, तराइ माल क्षेत्र में भी इस तरह की घटना घटित हो चुकी है।

# ट्रेलर से कुचलकर युवक की दर्दनाक मौत, तमनार क्षेत्र के हुंकराडीपा चौक में फिर हुआ हादसा, चक्काजाम करके ग्रामीण कर रहे मुआवजे की मांग

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में रविवार की शाम तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आकर सड़क पार कर रहे एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हुकराडीपा चौक के पास रविवार की शाम 4 बजे तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एव्ही 3857 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे फोन में अपने परिजनों से बात कर रहे युवक मधु बगरती 33 साल निवासी झारसुगडा ओडिसा को अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही तमनार पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**परिजनों से बात कर रहा था मृतक**-बताया जा रहा है कि मृतक मधु बगरती तमनार क्षेत्र में रहते हुए गाडी चलाने का काम करता था। घटना के बाद वह अपनी गाड़ी को खड़ी कर सड़क किनारे अपने परिजनों से वीडियो काल में बात कर रहा तभी तमनार के तरफसे डोंगामहुआ तरफ जा रही ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

**मौके पर जुट गई भारी भीड़**-सड़क हादसे में एक युवक की मौत की खबर लगते ही देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई और घटना के गांव के ग्रामीण आक्रोशित हो गए और मृतक के परिजनों के आने के बाद ही शव को उठाने की जिद पर अड़ गए हैं। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना था कि भारी वाहनों के तेज रफ्तार वाहन चलाने की वजह से आये दिन इस तरह की घटना घटित हो रही है। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों के साथ-साथ लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार भी मौके पर चक्काजाम में बैठी हुई थी।

**आरोपी चालक गिरफ्तार**-बताया जा रहा है कि सड़क किनारे युवक को कुचलकर मौत के घाट उतारने के बाद आरोपी ट्रेलर चालक मौके से भागने की फिराक में थे जिसे गांव के ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़कर तमनार पुलिस के हवाले कर दिया है।

## निरीक्षण के बाद वित्त मंत्री ओपी ने की घोषणा , प्रथम चरण में 1.67 करोड़ के निर्माण कार्यों की मिली मंजूरी

# प्रदेश के मॉडल मंडी के रूप में विकसित होगा पटेलपाली सब्जीमंडी

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ के पटेलपाली की थोक सब्जी और फल मंडी को माडल मंडी के रूप में वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी की पहल से विकसित किया जाएगा। इसके लिए प्रथम चरण में 1 करोड़ 67 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी कल सुबह मंडी परिसर के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने थोक सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात कर चर्चा की और पटेलपाली में होने वाले निर्माण और मरम्मत कार्यों के बारे में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली और इस संबंध महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि पटेलपाली मंडी सब्जियों और फलों के लिए रायगढ़ जिले का प्रमुख व्यापारिक केंद्र है। इसे मॉडल मंडी के रूप में तैयार कर यहां आने वाले किसानों के लिए तमाम जरूरी बुनियादी सुविधाएं तैयार की जाएंगी। जिससे किसानों को सुविधाजनक माहौल मिलने के साथ ही उनके व्यापार को भी बढ़ावा मिले। उन्होंने पटेलपाली मंडी में चबूतरे में स्टांप कांक्रीटीकरण करने के निर्देश दिए, जिससे चबूतरे मजबूत और आकर्षक बनें। इसके साथ ही चबूतरे के ऊपर कवरशेड बनाने के निर्देश दिए। गेट से अंदर आने वाली सड़क को बीटी रोड बनाने के लिए कहा। परिसर में एक बड़ा गोदाम और किसान सदन तथा कैंटीन भी तैयार करने के निर्देश उन्होंने दिए। इसके साथ ही यहां पर एटीएम शुरु करने के लिए भी कहा। वित्त मंत्री ओ.पी.चैधरी ने अधिकारियों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि पटेलपाली थोक सब्जी और फल मंडी का कायाकल्प कर इसे मॉडल मंडी के रूप में विकसित किया जाएगा। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के प्रयासों से इसके लिए 1 करोड़ 67 लाख रुपए की स्वीकृति छ.ग.राज्य कृषि विपणन बोर्ड से मिली है। जिससे यहां आने वाले किसानों और सब्जी और फल के क्रेता-विक्रेताओं को सभी जरूरी सुविधाएं यहां मिल सके। स्वीकृति उपरांत अब निविदा की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किए जायेंगे। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, प्रभारी सहायक आयुक्त महेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी व थोक सब्जी विक्रेता संघ के पदाधिकारी और व्यापारी सहित कृषकगण उपस्थित रहे।

**इतने काम स्वीकृत**-पटेल पाली मंडी के लिए स्वीकृत कार्यों में 07 छायादार चबुतरा का मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य किया जायेगा। परिसर में निर्मित सी.सी.रोड की मरम्मत के साथ यहां वाहनों की पार्किंग का निर्माण भी इसमें शामिल है। पटेल पाली सब्जी मंडी प्रांगण में स्ट्रीट लाईट एवं हाई मास्क लाईट की मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य किया जायेगा। इसके अलावा मेन गेट, चेक पोस्ट स्थापित करने के साथ काऊ केचर, बूम बेरियर और परिसर में सी.सी.टी.वी.कैमरा लगाने का कार्य व कम्प्यूटर सेट, तड़ित चालक लगाने का काम होगा। यहां 100 टन का धरमकांटा कम्प्यूटर सेट व अन्य जरूरी उपकरणों के साथ लगाया जाएगा।


# कार्यालय सेनानी/खेल अधिकारी, प्रथम वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई

निविदा विज्ञप्ति क्रमांकः-प्रथम बटा./छसबल/भि/खेल/135/2024 दिनांक 08/08/2024

## // निविदा आमंत्रण सूचना //

सेनानी/खेल अधिकारी प्रथम वाहिनी छ.स.बल भिलाई जिला दुर्ग की ओर से निर्माताओं एवं उनके अधिकृत विक्रेताओं से निम्नाकिंत सामग्री क्रय करने हेतु 02 लिफाफा पद्धति में (लिफाफा ''अ'' में टेक्निकल बीड एवं लिफाफा ''ब'' में फायनेंसियल बीड) मोहरबंद निविदाएं रजिस्टर्ड डाक स्पीड पोस्ट/हाथो-हाथ आमंत्रित की जायेगी है। कोरे भावपत्रक इस कार्यालय से आवेदन पत्र प्रस्तुत कर (वर्तमान जीएसटी भुगतान चालान/03 वर्ष का आयकर/वाणिज्य कर चुकता एवं अधिकृत विक्रेता का प्रमाण पत्र सहित) कोरे निविदा पत्रक की राशि **''8443 - सिविल जमा राशियां, 103-प्रतिभूति जमा''** के अन्तर्गत सेनानी, प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई जिला-दुर्ग छ.ग. के नाम पर चालान के माध्यम से जमा कर कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त किया जा सकता है। सीलबंद लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/पता लेख किया जाना आवश्यक है।

| क्र. | सामग्री का नाम | अमानत राशि | कोरे निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|
| 01 | विभिन्न खेल टीम हेतु ट्रेकसूट, जूता, मोजा, टी-शर्ट/नेकर एवं अन्य खेल सामग्री। | 45,000/- (Fourty Five Thousand Rupees ) | 450/- (सात सौ पच्चास रूपये) |

01- निविदा पंजीयन बिक्री की अन्तिम तिथि - 09.09.24 सोमवार समय 17:00 बजे
02- निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि - 10.09.24 मंगलवार समय 15:00 बजे
03- निविदा खोलने की तिथि - 11.09.24 बुधवार समय 15:00 बजे
04- निविदा खोलने का स्थान - कार्यालय सेनानी/खेल अधिकारी प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई

**नोट :-** 1. किन्ही कारणों से यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित किया जाता है, तो दूसरे कार्यालयीन दिवस पर निविदा खोली जावेगी।
2. डाक द्वारा भेजा गई निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

G-242501769/3

सेनानी/खेल अधिकारी,
प्रथम वाहिनी छसबल भिलाई

# तिरंगे के रंग में रंगा बालोद शहर, 351 फीट लंबा तिरंगा लेकर स्कूली छात्राओं में निकाली विशाल रैली

## कलेक्टर ने नशामुक्ति अभियान में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



भारत सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा के आयोजन से बालोद शहर राष्ट्र ध्वज तिरंगे के रंग में रंगा था। इस स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने देश के प्रधानमंत्री द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा हैं। वही 15 अगस्त के पहले पीएम के अपील का साफअसर जिला मुख्यालय बालोद में भी देखने को मिला। इस अभियान को लेकर नगरवासियों में उत्साह देखा गया और जिला मुख्यालय बालोद के सरदार पटेल मैदान से 351 फीट लंबा तिरंगा लेकर विशाल रैली नगर के प्रमुख चौक चौराहे एवं मार्गो से होकर निकली। इतना ही नही ड्रोन में तिरंगा फहराकर आयोजित कार्यक्रम में चार चांद लग गए। जो कि आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुरजनराम भगत सहित नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू, जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, राकेश यादव एवं लीला लाले शर्मा, केसी पवार, सौरभ लुनिया, राजू पटेल, कमलेश सोनी, के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों सहित विशाल संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं, विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर बालोद शहर का भ्रमण किया। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा का भव्य एवं विशाल कार्यक्रम 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दूस्तान हमारा' जैसे सुमधुर गीत तथा 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' जैसे नारों से देश भक्ति वातावरण से साराबोर हो गया था। समारोह में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नशामुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों सहित छात्र-छात्राओं, आम नागरिकों सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति अभियान में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने की शपथ दिलाई।

**महिला स्वच्छाग्राही ने किया झंडारोहण-** इस अभियान को लेकर बालोद जिले के कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जो कि 15 अगस्त तक चलता रहेगा। इसी के तहत विशाल झंडा रैली निकाली गई थी। जिसमें सभी स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। और लोगों को अपने देशभक्ति के भावना से परिपूर्ण होने के लिए और आजादी कर लिए जितने भी वीर शहीदों ने बलिदान दिया है, उनसे अवगत कराने के लिए तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। वही भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि इस देशव्यापी अभियान में स्थानीय लोगो ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया है तथा यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान के माध्यम से आजादी की लड़ाई में शहीद हुए जवानों को भी याद किया गया। वही आपको बता दे कि इस तिरंगा रैली अभियान के दौरान प्रशासन की एक अच्छी पहल भी देखने को मिली। अभियान की शुरुआत जिले के स्वच्छाग्राही महिलाओ से झंडारोहण करवाकर किया गया। वही इस दौरान स्कूली बच्चो ने 351 फीट के तिरंगा को पूरे शहर भर में भ्रमण कर लोगो को आजादी के इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाने का संदेश दिया।

**तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे हुए शामिल-** उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में अतिथियों के द्वारा भारत माता की पूजा-अर्चना कर एवं राष्ट्र ध्वज फहराकर एवं राष्ट्रगान के पश्चात् विशाल तिरंगा यात्रा को रवाना किया गया। तिरंगा यात्रा सरदार पटेल मैदान से प्रारंभ होकर घड़ी चौक होते हुए पुराना बस स्टैण्ड, सदर रोड, मधु चौक, जय स्तंभ चौक से होते हुए वापस सरदार पटेल मैदान में तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में नगर के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं, स्वच्छता दीदियों सहित समाज के सभी वर्गो के लोगों की उपस्थिति से कार्यक्रम देश भक्ति के रंग में पूरी तरह से रंग गया था। इस विशाल तिरंगा यात्रा का शहरवासियों ने भी आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान भारत माता के लिए आकर्षक रथ भी सजाया गया। जिसमें भारत माता रूपी बालिका द्वारा तिरंगा ध्वज के साथ नगर भ्रमण किया गया। तिरंगा यात्रा में चल रहे लोगों पर नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

# आयुक्त ने जोन 3 क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर पंचर दुकान में रूककर टायरों में भरा जमा हुआ पानी तत्काल खाली करवाया

- आयुक्त ने सभी पंचर दुकानों से टायरो में भरा जमा हुआ पानी तत्काल खाली करवाना सुनिष्चित करने के निर्देष दिये

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने नगर निगम जोन 3 क्षेत्र के वार्डो के निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग के किनारे एक पंचर दुकान में पहुंचकर उसका अवलोकन किया एवं वहां बडी संख्या में रखे हुए टायरो में भरा एवं जमा हुआ पानी देखकर उसे तत्काल खाली करवाने के निर्देष संबंधित दुकान संचालक को दिये। साथ ही आयुक्त ने दुकान संचालक को आगे भी यह ध्यान रखना सुनिश्चित करने कहा कि मानसून के दौरान किसी भी टायर में अथवा कही भी जमा व भरा हुआ पानी नहीं होना चाहिए। उन्होने सफाई व्यवस्था बनाये रखने सहयोग देने कहा। आयुक्त ने अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन 3 कमिश्नर जसदेव सिंह बाबरा, कार्यपालन अभियंता राकेश अवधिया, शरद ध्रुव, अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में जोन 3 के वार्डो के निरीक्षण के दौरान पंचर दुकान को देखकर वहां पहुंचकर बड़ी संख्या में सडक किनारे रखे टायरों का निरीक्षण किया तो उसमें सभी टायरों में पानी को जमा हुआ एवं भरा हुआ पाया। आयुक्त ने मच्छरजनित रोग डेंगू से सुरक्षा हेतु जनजागरण अभियान निरंतर चलाकर सभी पंचर दुकान संचालकों से सभी टायरों को देखकर उनमें जमा व भरा हुआ पानी खाली करवाने अभियान चलाने के निर्देष स्वास्थ्य अधिकारी एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को दिये है। आयुक्त ने कहा कि दुकानदारो को यह बताये कि डेंगू का मच्छर साफव ठहरे हुए जमा पानी में पनपता है। इसे रोकने कोई भी कही पर भी पानी का भराव और जमाव कदापि न होने दें। साथ ही अपने घरो, दुकानों एवं आस पास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का ध्यान अवश्य रखे। पानी का जमाव अथवा भराव होने पर तत्काल इसकी सूचना संबंधित नगर निगम अथवा निगम जोन कार्यालय में देवें ताकि जल का जमाव की समस्या तत्काल दूर कर डेंगू से बचाव प्रभावी तरीके से जनसहभागिता से सुनिश्चित किया जा सके।

# झरना वर्मा बनी विनायक सिटी की सावन क्वीन

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com






भाटागांव के विनायक सिटी रेजिडेंशियल सोसाइटी में सावन के पावन महीने में सावन उत्सव मनाने की पुरातन परंपरा के अंतर्गत रविवार को विनायक सिटी के महिला मंडल के द्वारा पावन सावन उत्सव का आयोजन किया गया था। इस उत्सव में समस्त महिला बहनों ने एक दूसरे को सावन की बधाई दिए और झूला झूलकर पारंपरिक गानों पर नृत्य कर उत्सव का आनंद लिए। तत्पश्चात महिला समूह के द्वारा प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे सही उत्तर देने वाली को पुरस्कृत किया गया। अंत में सावन उत्सव का मुख्य कार्यक्रम सावन क्वीन प्रतियोगिता में सावन क्वीन चुना गया जिसकी विजेता रही झरना वर्मा। सभी महिलाओं के द्वारा झरना को सावन क्वीन बनने की हार्दिक बधाई देकर पूर्व सावन क्वीन शर्मा के द्वारा वर्तमान विजेता का ताजपोशी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं के द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर सभी को पौधे वितरण किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में विनायक सिटी की महिलाएं मौजूद रही।

# आईटीसी सनफीस्ट ने बच्चों के लिए लॉन्च किया पौष्टिक बिस्किट सुपर एग्ग एंड मिल्क

## बच्चों को अंडे और दूध के सेवन के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




सनफीस्ट हमेशा से ही ग्राहकों को कुछ नया और खास अनुभव प्रदान करने के लिए मशहूर रहा है। इसी कड़ी में आईटीसी सनफीस्ट ने मुर्गी और गायों के बीच अपनी अनोखी कॉन्फ्रेंस की अयोजना की है। इस कॉन्फ्रेंस में प्रतिनिधियों के बीच एक चर्चा हुई, जहां उन्होंने अच्छा पोषण प्रदान करने में उनके योगदान पर जोर देते हुए बच्चों के लिए दूध और अंडे को अधिक आकर्षक बनाने की चुनौतियों पर विनोदपूर्वक प्रकाश डाला। सम्मेलन में साधारण बातचीत के बाद, एक बड़ी पैनल चर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा में विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां भी शामिल हुईं। यहां उपस्थिति मशहूर हस्तियों में मदन मोहन मैती, चेयरमैन, नेशनल एग कोऑर्डिनेशन कमेटी पश्चिम बंगाल, डॉ. दुलाल चंद्र सेन, वाइस चेयरमैन, आईडीए पूर्वी क्षेत्र, डॉ. अनन्या भौमिक, क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट एवं लाइफस्टाइल कंसल्टेंट, सेलिब्रिटी मॉम कोनिका बनर्जी, अर्चना सिन्हा, को-फाउंडर एवं सीईओ, नरिशिंग स्कूल्स उपस्थित थी। पैनल ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों के विकास के सालों में अंडा और दूध दोनों ही बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। ये दोनों विटामिन ए, डी, ई, आयरन आदि जैसे कई अन्य पोषक तत्वों के साथ प्रोटीन का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। पैनल ने बच्चों के लिए दूध और अंडे के सेवन को और अधिक रोमांचक बनाने के नए तरीकों को विकसित के तरीकों पर भी चर्चा की। इसी तरह की जानकारी के आधार पर और बाजार में अंडे एवं दूध से तैयार बिस्किट की कमी को देखते हुए, आईटीसी सनफीस्ट ने अपने नए प्रोडक्ट इनोवेशन, सनफीस्ट सुपर एग एंड मिल्क बिस्किट विथ 'गुडनेस ऑफप्रोटीन' को लॉन्च किया है। इस बिस्किट को आईटीसी की प्रोडक्ट डेवलपमेंट टीम ने बहुत ही सावधानीपूर्वक के साथ किया है।

# अप्सरा आइस क्रीम्स ने की अपनी 53वीं सालगिरह पर मुस्कान लॉन्च की घोषणा

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




लोगों के चेहरों पर खुशी और मुस्कुराहट लाने की एक कोशिश में अप्सरा आइसक्रीम्स ने एक अनोखी पहल मुस्कान को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पहल 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ब्रैंड की 53वीं सालगिरह पर शुरू की जा रही है।इस अवसर पर बात करते हुए, अप्सरा आइसक्रीम्स के संस्थापक भागीदार नेमचंद शाह ने कहा, ''मुस्कान का मुख्य मकसद समाज के विभिन्न वर्गों तक खुशियाँ पहुँचाना और हमारी 53वीं सालगिरह भी मनाना है। यह लॉन्च 78वें स्वाधीनता दिवस पर 15 अगस्त को होगा और हम सभी के लिये यह बड़े गर्व की बात है। उन लोगों के चेहरों पर मुस्कुराहट देखने के लिये हम सचमुच उत्साहित हैं और उनका दिन यादगार बना देंगे। हमें समाज को उसके उपकारों के बदले कुछ लौटाने और उनके जीवन को खुशियों से भरने पर बड़ा यकीन है।''अपने विचार रखते हुए, अप्सरा आइसक्रीम्स के प्रबंध भागीदार . केयूर शाह ने कहा, ''पूरा जोर समाज के विभिन्न स्तरों तक पहुँचने पर दिया जा रहा है। यह बड़े गर्व का विषय है कि हम अपनी वर्षगांठ 78वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर मना रहे हैं। इस पहल का लक्ष्य जरूरतमंद लोगों को खुशियाँ और मुस्कुराहट देना और सामाजिक जिम्मेदारी के लिये अप्सरा की प्रतिबद्धता दिखाना है। अप्सरा आइसक्रीम्स एक स्थापित और भरोसेमंद ब्रैंड है, जो बाजार में पाँच दशकों से अधिक समय से उपस्थित है। यह ब्रैंड अपनी शुरूआत से ही ग्राहकों को उच्चतम गुणवत्ता की आइसक्रीम्स दे रहा है।

# गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने मानसून ऑफर्स की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, जो इब्लू रेंज के इलेक्ट्रिक 2 और 3-व्हीलर्स का निर्माण करती है, अपने ईवी दोपहिया रेंज इब्लू फियो और इब्लू फियो एक्स पर विशेष मानसून ऑफर की घोषणा की है। ग्राहक अब इन इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों इब्लू फियो एक्स और इब्लू फियो पर 10,000 की विशेष छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिससे इनकी एक्स-शोरूम कीमत 99,999 रुपये से घटकर 89,999 रुपये हो गई है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ और डायरेक्टर, हैदर अली खान ने इस ऑफर को लेकर अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए कहा, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स में, हमारा संकल्प है कि हम अपने ग्राहकों को टिकाऊ और नवीनतम गतिशीलता समाधान प्रदान करें। इब्लू फियो और इब्लू फियो एक्स पर इस मानसून ऑफर के साथ, हम न केवल अपने उत्पादों को और अधिक किफायती बना रहे हैं, बल्कि अधिक लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। यह पहल एक हरित भविष्य की दिशा में एक कदम है और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने की हमारी दृष्टि के साथ मेल खाती है। यह सीमित समय का ऑफर पर्यावरण-अनुकूल यात्रा को एक व्यापक दर्शक वर्ग के लिए अधिक सुलभ और किफायती बनाने के उद्देश्य से है। इब्लू फियो और इब्लू फियो एक्स अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं, जिनमें लंबे समय तक चलने वाली बैटरियां, कुशल मोटर्स और स्मार्ट फीचर्स शामिल हैं जो संपूर्ण राइडिंग अनुभव को बढ़ाते हैं। इन मॉडलों को सभी आयु वर्ग के यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो सुविधा, प्रदर्शन और स्थिरता का एक सहज मिश्रण प्रदान करते हैं। ग्राहक इस रोमांचक ऑफर का लाभ उठाने और गतिशीलता के भविष्य का अनुभव करने के लिए देशभर में निकटतम गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स डीलरशिप पर जा सकते हैं। मानसून ऑफर 31 अगस्त 2024 तक मान्य है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स जुलाई 2019 में गोदावरी ईमोबिलिटी के रूप में लॉन्च की गई, गोड़ावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स (इब्लू रेंज के ईवी उत्पादों के निर्माता) का उद्देश्य लाखों लोगों को स्वरोजगार प्रदान करना और अपने अत्याधुनिक ई-मोबिलिटी समाधान के साथ देश में कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है। यह सिद्धार्थ अग्रवाल और महेन्द्र अग्रवाल का सपना है, और इसे एक गैर-प्रदूषित, टिकाऊ यात्रा प्रदान करने के दृष्टिकोण के साथ स्थापित किया गया था, जो ईवी उत्पादों की एक संपूर्ण रेंज पेश करता है। गोड़ावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स की खासियत यह है कि यह भारत में ईवी स्पेस में लीज़िंग मॉडल लॉन्च करने वाली पहली कंपनियों में से एक है।

# लिटिल पैट्रियट्स फैंसी ड्रेस शो की मेजबानी करेगा एमिटी इंटरनेशनल स्कूल




पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, रायपुर 15 अगस्त, 2024 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में, लिटिल पैट्रियट्स फैंसी ड्रेस शो का आयोजन करने जा रहा है। यह रोमांचक कार्यक्रम स्कूल के परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 3 एज ग्रुप (2.5 से 3.5, 3.5 से 4 और 4 से 6) के बच्चे भाग लेंगे। तीनों एज ग्रुप से 3-3 विजेता घोषित किए जाएंगे। विजेताओं को अवॉर्ड और नकद पुरस्कार दिया जाएगा। लिटिल पैट्रियट्स फैंसी ड्रेस शो छोटे बच्चों के लिए अपनी रचनात्मकता और भारतीय विरासत पर गर्व व्यक्त करने का एक शानदार अवसर है। प्रतिभागियों को पारंपरिक पोशाक, स्वतंत्रता सेनानियों, भारतीय सुपरहीरो जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों और भारत की विरासत के प्रतीकों, हमारी समृद्ध संस्कृति को जीवंत करने का मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध अभिनेता अभिनव चतुर्वेदी, जयश्री अरोड़ा और एक प्रमुख टेलीविजन व्यक्तित्व-लाइफ कोच डॉ. वंदना वडेरा शामिल रहेंगे। इस शो के तीन विजेताओं को नकद पुरस्कार मिलेगा। साथ ही, बच्चों को देशभक्ति और सामुदायिक जुड़ाव के लिए भी मोटिवेट किया जाएगा। एमिटी रायपुर ने युवा सितारों को लिटिल पैट्रियट्स फैंसी ड्रेस शो के लिए आमंत्रित किया है।

# एथर एनर्जी ने रायपुर में अपने पहले फैमिली स्कूटर रिज़्टा की 100 यूनिट्स वितरित कीं

## रायपुर में रिज़्टा का मूल्य 99,311 रुपये से शुरू होता है

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत के इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माताओं में से एक, एथर एनर्जी ने आज रायपुर के होटल ग्रांड केनयन में आयोजित एक भव्य डिलीवरी कार्यक्रम में 100 एथर रिज़्टा फैमिली स्कूटर्स की डिलीवरी की। नए लॉन्च किए गए रिज़्टा की रायपुर में यह एक ही दिन में की गई अब तक की सबसे बड़ी डिलीवरी है। इस अवसर पर रवनीत सिंह फोकेला, चीफ बिज़नेस ऑफिसर, एथर एनर्जी ने कहा, अपने पहले फैमिली स्कूटर, रिज़्टा के लॉन्च के बाद रायपुर में इस स्कूटर के लिए हमें बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। हम शहर में अपने ग्राहकों को 100 रिज़्टा स्कूटर सौंपते हुए बहुत उत्साहित हैं। हमने अपना पहला फैमिली स्कूटर उन ग्राहकों के लिए बनाया है, जो अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर में कम्फर्ट, सुविधा और सुरक्षा चाहते हैं। इसलिए यह रायपुर के ग्राहकों के लिए उपयुक्त है। यह एक भरोसेमंद और व्यवहारिक स्कूटर है, तथा दैनिक उपयोग के लिए उत्तम है। इसमें अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और फीचर्स हैं, जो शहर में राइडिंग के अनुभव को बेहतर बनाते हैं। रिज़्टा दो मॉडलों और तीन वैरिएंट्स में उपलब्ध है। रिज़्टा एस और रिज़्टा जेड में 2.9 किलोवॉट की बैटरी और टॉप-एंड मॉडल रिज़्टा एस में 3.7 किलोवॉट की बैटरी है। 2.9 किलोवॉट वैरिएंट से 123 किलोमीटर की अनुमानित आईडीसी रेंज और 3.7 किलोवॉट वैरिएंट से 159 किलोमीटर की रेंज मिलती है। रिज़्टा की सीट विशाल और आरामदायक है। इसमें 56 लीटर का विशाल स्टोरेज मिलता है।

# अपच की समस्या को नजरअंदाज न करें

**रायपुर।** हेलीअन द्वारा भारत के नंबर 1 ओटीसी एंटेसिड, इनो ने एसिडिटी से तेज और प्रभावशाली राहत के लिए इनो की शक्ति और असली जीरा, अजवाइन एवं काला नमक के गुणों के साथ नया 3-इन-1 वैरिएंट लन्च किया है। इन नए वैरिएंट्स में इनो की शक्ति के साथ विश्वसनीय प्रातिक तत्वों के गुण हैं, जो 3 बीमारियों एसिडिटी, गैस और अपच से राहत प्रदान करते हैं। इस नए लन्च के बारे में अभिनेता कालिदास जयराम ने कहा, जश्न के मौके, खासकर दक्षिण भारत की भव्य शादियाँ बहुत खास होती हैं। इनमें खूबसूरत सजावट से लेकर आशीर्वाद कार्यक्रम तक सब कुछ, विशेष रूप से भोजन कार्यक्रम बहुत भव्य होता है। यहाँ पर अलग-अलग स्वाद के व्यंजन बनाए जाते हैं। तीखा इमली चावल, मुलायम मैसूर पाक, बिसी बेले बाथ देखकर कोई भी खुद पर काबू नहीं रख सकता। इतना सारा खाने के बाद एसिडिटी भी हो सकती है। तेजी से राहत प्रदान करने की इनो की विरासत अब इनो 3-इन- 1 में उपलब्ध है, जो एसिडिटी और पाचन की अन्य समस्याओं से तुरंत राहत देती है, ताकि जश्न की खुशी में कोई रुकावट ना आए।

# कोलंबिया की दिशा केशरवानी को पी एच डी की उपाधि



**रायपुर।** कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी की दिशा केशरवानी को उनके द्वारा "डेवलपमेंट एंड कैरेक्टराइजेशन ऑफ़ नैनो कर्रिएर सिस्टम ऑफ़ डिआसेरें फॉर टोपिकल एप्लीकेशन" विषय पर किये गए शोधकार्य के लिए छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा पी एच डी की उपाधि प्रदान की गई है दिशा केशरवानी ने अपना शोध कार्य श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज भिलाई की प्रोफेसर एवं डायरेक्टर डॉ. स्वर्णाली दास पॉल के मार्गदर्शन एवं कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी के प्रोफेसर डॉ त्रिलोचन सतपथी तथा ट्राइबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रिषि पालीवाल के सह मार्गदर्शन में संस्थान के प्राचार्य शिक्षकगणों एवं प्रबंधन ने नेहा दुबे को अशेष बधाइयाँ प्रेषित की है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् खैरागढ़, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

क्रमांक/746/ई-टेण्डर/न.पा.प./लो.नि.वि./2024 खैरागढ़, दिनांक 12/08/2024

### // द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत शौचालय निर्माण हेतु ऑनलाईन ( ) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 157486 | Construction of "TOILET BLOCK TYPE-1 (10 SEATER) FOR ASPIRATIONAL TOILET UNDER SWACHH BHARAT MISSION 2.0 (URBAN)" AT Khairagarh (2nd Call) | 28.20 | 27.08.2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेन्ट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, खैरागढ़



## कार्यालय जनपद पंचायत डोंगरगांव जिला-राजनांदगांव

क्रमांक/1146/ज.पं./स्था./2024-25

डोंगरगांव, दिनांक- 07/08/2024

कार्यालय जनपद पंचायत डोंगरगांव का नीलामी सूचना क्रमांक/958/ ज.पं./स्था./2024-25 डोंगरगांव दिनांक 22/07/2024 के द्वारा जनपद पंचायत व्यवसायिक परिसर (नव निर्मित दुकान) की नीलामी दिनांक 07/08/2024 दिन बुधवार को दोपहर 12:00 बजे से जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया था जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। अगामी नीलामी विधिवत सूचना पृथक से दी जावेगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत डोंगरगांव

# 7 महीनों में नहीं सुधर सके हालात... पीडब्लूडी जिम्मेदार, कंस्ट्रक्शन कंपनी ने धीमी गति से काम किया, सब इंजीनियर ने अनदेखी की

## हल्दी कुम्हालोरी सड़क का मुद्दा गरमाया, पूर्व सांसद ने किया था भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


हल्दी से सुरगी-कुम्हालोरी सड़क... जान जोखिम में, सड़क के दोनों ओर साइकिल चल पाना भी मुश्किल, भारी वाहनों का खतरा बना हुआ है
कीचड़ से सनी सड़क में पैदल चल पाना भी दूभर, राजनीतिक बयानबाजी पर भी ग्रामीणों में आक्रोश
देर रात तक चक्काजाम की रणनीति बनाते रहे ग्रामीण
हल्दी से सुरगी-कुम्हालोरी की सड़क पर फिर रसाकसी
पीडब्लूडी ने शुरु करवाई मरम्मत लेकिन ग्रामीण संतुष्ट नहीं, मान-मनौव्वल भी जारी



पायनियर लगातार

सुरगी से हल्दी-कुम्हालोरी सड़क निर्माण में अब लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार घिरते जा रहे हैं। निर्माण कार्य में तकनीकी और व्यवहारिक त्रुटियों के चलते इस सड़क की दुर्दशा में सुधार नहीं आ सका है। अब तक जितना काम पूरा किया जाना चाहिए था ठेकेदार की गति उससे पिछड़ी हुई है।

सड़क के काम की गति पिछड़ने के कारण बारिश से पहले पूरे किए जाना वाला जरुरी निर्माण नहीं हो सका है। 15 जून के बाद मॉनसून के चलते निर्माण कार्य बंद कर दिया गया। तब तक एक बड़े हिस्से में सड़क मजबूत नहीं हो सकी थी। अब जब बड़े वाहनों की आवाजाही यहां लगातार जारी है तो जो निर्माण हो सका था वह भी ध्वस्त हो गया है।

निमार्णाधीन सुरगी से हल्दी-कुम्हालोरी सड़क की दुर्दशा को लेकर ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए एसडीएम अतुल विश्वकर्मा ने तत्काल पीडब्लूडी को सड़क मरम्मत के लिए आदेशित किया था। इन निदेर्शों के बाद 9 अगस्त से यहां मरम्मत का काम शुरु किया गया। संयोग से इन दिनों से ही बारिश थमी हुई है जिसके चलते सड़क को दुरुस्त कर पाना मुमकिन हुआ है। गौरतलब है कि, इस स्टेट हाइवे पर मौजूद कई गांवों में अब भी कीचड़ और बड़े गड्ढों के चलते चल पाना भी दूभर है। इस समस्या से ग्रसित ग्रामीणों का जब गुस्सा फूटा तो उन्होंने जिला प्रशासन को चक्काजाम के लिए अल्टीमेटम दे दिया। लोगों की नाराजगी को देखते हुए तत्काल यहां काम तो शुरु कर दिया गया लेकिन इससे भी राहम मुमकिन नहीं दिख रही है।

### धीमी गति से चलता रहा निर्माण

पीडब्लूडी के अधिकारियों और ठेकेदार मिलेनियम कंस्ट्रक्शन ने धीमी गति से सड़क निर्माण का कार्य शुरु किया। यही नहीं आबादी वाले हिस्सों में सड़क का निर्माण शुरु ही नहीं किया गया। इस बीच मॉनसून के चलते काम बंद हो गया। इससे प्राथमिक तौर पर जो राहत ग्रामीणों को मिलनी थी वह नहीं मिल सकी। ग्रामीणों का कहना है कि, स्टेट हाइवे में गांव से होकर गुजरने वाली सड़कों पर पहले काम किए जाने की जरुरत थी। इसके इतर विभाग और ठेकेदार ने दूसरे हिस्सों में काम शुरु कर दिया।

### सब इंजीनियर जिम्मेदार चेतावनी के बाद जागा विभाग

हल्दी-कुम्हालोरी सड़क निर्माण को लेकर खड़े हुए विवाद में विभागीय उदासिनता बड़ी वजह है। निर्माण कार्य देख रहे विभागीय सब इंजीनियर कनक बघेल को हटाने की मांग भी की जा रही है। पीडब्लूडी पर आरोप लग रहे हैं कि वे कंस्ट्रक्शन कंपनी को सहूलियत देने के लिए निर्माण की गति तेज करने पर जोर नहीं दे रहे हैं। सब इंजीनियर ने भी बारिश से पहले जरुरी निर्माण को लेकर योजनाबद्ध तरीके से काम को आगे नहीं बढ़ाया। उन्होंने ठेकेदार को मनमुताबिक काम करने की छूट दी। कुल मिलाकर ठेकेदार के साथ ही सड़क की मौजूदा दशा के लिए सब इंजीनियर भी जिम्मेदार हैं।

### हो-हल्ले से भाजपा नाराज

हल्दी-कुम्हालोरी सड़क को लेकर भाजपा ने विपक्ष में रहते पदयात्रा कर इसे अपनी प्राथमिकता बताया था। सरकार बदलते ही सड़क के लिए स्वीकृति को लेकर आवाज उठने लगी तो तत्काल इस काम को आगे बढ़ाया गया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने फरवरी 2024 में इस निर्माण का भूमिपूजन किया था। अब इस निर्माण कार्य को लेकर जिस तरह की खबरें सामने आ रही है उससे भाजपा नेता भी नाराज बताए जा रहे हैं।

### गुणवत्ता को लेकर भी सवाल

मिलेनियम कंस्ट्रक्शन इस स्टेट हाइवे में लगभग 10 किमी की सड़क के निर्माण में जुटी हुई है जिसकी लागत 16 करोड़ रुपए है। इस कार्य को लेकर अब जो तस्वीरें सामने आ रही हैं उसमें गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाया जा रहा है। निर्माण आगे बढ़ाने से पहले सड़क की मौजूदा स्थिति की जांच जरुरी बताई जा रही है। डीबीएम में इस्तेमाल किए जा रहे मटेरियल की क्वॉलिटी को लेकर कई तरह की बातें सामने आ रही है। दूसरी ओर निर्माण के दौरान भी सब इंजीनियर साईट से दूर हैं। इसके चलते भी सामग्री की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## जागव-वोटर 'जाबो' कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 संपन्न कराए जाने के लिए फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली व पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया जाएगा। निर्वाचन नामावली शुद्ध एवं त्रुटि रहित बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली को तैयार करने एवं मतदान प्रक्रिया को सरलता से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार अभियान की योजना बनाई गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) संजय अग्रवाल ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कर फोटोग्राफी संकलित करने जागव-वोटर 'जाबो' कार्यक्रम के लिए जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन रश्मि सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही नगर पालिकाओं एवं जनपद पंचायत के लिए अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत आयुक्त नगर पालिक निगम अभिषेक कुमार गुप्ता, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकान्त शर्मा, नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी दादु सिंह, नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी सचिन गुप्ता, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी तनुजा मांझी, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या ठाकुर, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीन कुमार, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिल्पा देवांगन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## लाल बहादुर नगर तहसील में हुई सर्वाधिक 42 मिमी वर्षा

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 812.6 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 14.7 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 42 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 15.3 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 42 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 33.8 मिमी, छुरिया तहसील में 6 मिमी, कुमरदा तहसील में 1.7 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 4.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## हरिहारनों को वनांचल साहित्य सृजन सम्मान



पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

साहित्य, शिक्षा व कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु नगर के लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार, गीतकार, शिक्षक, रंगकर्मी, मंच संचालक गजेन्द्र हरिहारनो दीप को वनांचल साहित्य समिति मोहला जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के द्वारा 11 अगस्त को गोटाटोला में आयोजित सम्मान समारोह में वनांचल साहित्य सृजन सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि हरिहारनो को तीन बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान मिल चुका है। इन्हें देशभर में विभिन्न साहित्यिक, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं व शासकीय विभागों के द्वारा भी सम्मान प्राप्त हो चुका है। इस उपलब्धि पर साहित्यकारों, ईष्टमित्रों एवं परिजनों सहित नगर के सुधिजनो ने बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

## 15 अगस्त गुरूवार को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के आदेशानुसार स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 15 अगस्त दिन गुरूवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुमार्ना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

## मूर्तिकला में कान्हा, गीतापाठ में सोहम, दौड़ में तेजल प्रथम



पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के ग्राम खुज्जी में 2 दिवसीय संकुल स्तरीय बौद्धिक एवं खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा आयोजित इस संकुल स्तरीय खेल में अलग अलग विधाओं में आसरा, अजुनी, मोहड़, आमगांव, खुज्जी, टेडसरा, तुमड़ीबोड, स्कूल के प्रतिभागी बच्चे शामिल हुए थे। सशिमं आसरा की छात्रा तेजल साहू 200 मीटर दौड़ में अव्वल स्थान पर आई।सरस्वती शिशु मंदिर आसरा बालक वर्ग खो खो में प्रथम, कबड्डी में द्वितीय,रंगोली में हर्षा कंवर प्रथम, गीता पाठ में सोहम साहू प्रथम, मूर्तिकला में कान्हा प्रथम, 200 मीटर दौड़ में संदीप एवं दीपिका प्रथम, ऊंची कूद में वेदांत द्वितीय, लम्बी कूद में दानेश्वर द्वितीय, फुगड़ी में सिद्धि द्वितीय, ऊंची कूद में मुनेश प्रथम, कुर्सी दौड़ में जागेश द्वितीय स्थान पर रहे। खेल प्रशिक्षक आचार्य पालन दास साहू एवं प्रधानाचार्य भगवानदास साहू ने विजेताओं को बधाई दी।

## मुक्तिधाम का निर्माण 4 सालों से अधूरा

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत सिंगपुर के ग्रामीणों ने 14वें, 15वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि में सरपंच-सचिव द्वारा मिलीभगत कर भ्रष्टाचार किए जाने के आरोप लगाते हुए सूक्ष्म जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री के नाम की गई शिकायत में सरपंच पर गबन, गुणवत्ताहीन निर्माण के भी आरोप लगाए हैं। पूर्व सरपंच डिगेन्द्र सिन्हा ने बताया कि, गांव के विकास के लिए पंचायत को प्राप्त होने वाले विभिन्न मदों में सरपंच अनुसूईया बाई वर्मा और सचिव ने मिलीभगत कर गबन किया है। इसे लेकर ग्रामीण आक्रोशित है। यही नहीं आश्रित ग्राम मोहबा में सीसी रोड के निर्माण में भारी गड़बड़ी की गई है। इसमें बारीक डस्ट एवं गिट्टी का इस्तेमाल किया गया है। अभी से यह सड़क उखड़ने लगी है। इसी तरह सिंगपुर में मुक्तिधाम का निर्माण कार्य भी गुणवत्ताहीन है। यह निर्माण विगत 4 वर्षों में भी पूरा नहीं हो पाया है।

## शहर में स्वतंत्रता दौड़ आज

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 14 अगस्त 2024 को सुबह 7.30 बजे से जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान से प्रारंभ होगा। स्वतंत्रता दौड़ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान से प्रारंभ होकर गौरव पथ रोड से वीआईपी रोड होते हुए भदौरिया चौक दिग्विजय स्टेडियम के सामने से वापस वीआईपी रोड होते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान में समाप्त होगी। स्वतंत्रता दौड़ में जनप्रतिनिधि, स्कूली विद्यार्थी, खिलाड़ी, खेल संघ के पदाधिकारी, शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। नगरवासियों से 14 अगस्त 2024 को सुबह 7.30 बजे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम खेल परिसर मैदान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वतंत्रता दौड़ को सफल बनाने की अपील की है।

## जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने चयन प्रक्रिया के लिए आयु वर्ग एवं तिथि की घोषणा की

- 17 अगस्त को अंडर- 14 व 16 एवं अंडर 19 दिनांक 18 अगस्त को

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा सत्र 2024-25 हेतु विभिन्न आयु वर्गो हेतु जिला क्रिकेट टीम की चयन प्रक्रिया की तारीख की घोषणा की गई है जिसके अनुसार जिला क्रिकेट संघ राजनांदगांव द्वारा दिग्विजय स्टेडियम में विभिन्न आयु वर्गो की जिले की टीम की चयन प्रक्रिया का आयोजन रखा गया है। जिसके तहत आगामी 17 अगस्त 2024 को अंडर-14 व अंडर-16 तथा 18 अगस्त 2024 को अंडर-19 की जिले की टीम की गठन हेतु चयन प्रक्रिया का आयोजन रखा गया है। उक्त चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी।

अंडर-14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए कट ऑफ डेट दिनांक 01/09/2010 से 31/08/2012 तक अर्थात जिन खिलाड़ियों का जन्म 01/09/2010 व 31/08/2012 के बीच हुआ है वे ही भाग ले सकते है। इसी तरह अंडर-16 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए कट ऑफ डेट दिनांक 01/09/2009 से 31/08/2011 के मध्य तथा अंडर- 19 के लिए 01/09/2006 के बाद हुआ है वे ही उक्त चयन प्रक्रियाओं में भाग ले सकते है। चयन प्रक्रिया में शामिल खिलाड़ियों का चयन एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकताओं द्वारा किया जाएगा।

उक्त आयु वर्गो की चयन प्रक्रिया में शामिल होने हेतु खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीयन होना आवश्यक है जिन खिलाड़ियों का पंजीयन नही हुआ है वे आवश्यक दस्तावेजों (पिछले 6 वर्षो की अनुसूची, आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र सभी की मूल प्रति तथा 1 पासपोर्ट साइज फोटो) के साथ सायं 4 - 6 बजे के बीच दिग्विजय स्टेडियम में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि राजनांदगांव जिला में निवासरत विभिन्न आयु वर्गो के क्रिकेट खिलाड़ियो का पंजीयन किया जा रहा है। यदि कोई खिलाड़ी वर्तमान में किसी कारणवश पंजीयन कराने में असमर्थ है तो वह खिलाड़ी ट्रायल दिनांक को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा कर शामिल हो सकता है। ट्रायल दिनांक को खराब मौसम होने की स्थिति में चयन प्रक्रिया संबंधित जानकारी मोबाइल नं. 9399645345 पर ली जा सकती है ताकि खिलाड़ियो को असुविधा का सामना न करना पड़े।

## आडिटोरियम में आज शाम संगीतमय आयोजन

**राजनांदगांव।** आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम देश भर में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के तहत शहर में भी हर घर तिरंगा अभियान चलाने तिरंगा यात्रा एवं तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में कल दिनांक 13 अगस्त दिन मंगलवार को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में संध्या 5 बजे से नगर निगम द्वारा सुर और साज, तिरंगे के साथ देश भक्ति संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत देश प्रेम की भावना अभिव्यक्त करने पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में शाम 5 बजे निगम द्वारा आयोजित देश भक्ति से परिपूर्ण संगीतमय कार्यक्रम में पार्षदों, जन प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओं व देश प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

## बुचीभरदा के प्रभावित किसानों के साथ कलेक्टर से मिले कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार

# कृषि दवा के दुष्प्रभाव से झुलस गई एकड़ों की फसल, बैन और मुआवजे की मांग की

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सुरगी क्षेत्र के बुचीभरदा के किसानों की एकड़ों की फसल खरपतवार नाशक के दुष्प्रभाव के चलते बर्बाद हो गई है। कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने सोमवार को इस विषय को लेकर प्रभावित किसानों के साथ कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि, एनर्गो और आसम नाम के खरपतवार नाशकों का इस्तेमाल बुचीभरदा के किसानों ने अपने खेत में किया था। विक्रेता द्वारा बताई गई मात्रा में उपयोग किए जाने के बाद अब उनकी फसल दवाई के दुष्प्रभाव से जल गई है। फौरिया तौर पर ऐसे जो मामले सामने आए हैं उससे लगभग 10 एकड़ की फसल को नुकसान पहुंचा है। कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने कलेक्टर को बुचीभरदा के प्रभावित किसान राहुल साहू, युवराज साहू, चंद्रहास मंडावी और चिनेश साहू की फसल के नमूने और तस्वीरें दिखाते हुए बताया कि उक्त ग्रामीणों को रासायनिक कृषि दवा के इस्तेमाल से बड़ी क्षति पहुंची है। जिस दवा से खरपतवार खत्म होने थे उससे पूरी फसल झुलस गई है। किसान बता रहे हैं कि उन्होंने स्वाल कंपनी के आसम और क्रिस्टल कंपनी के एनर्गो का इस्तेमाल किया था। मुदलियार ने कहा कि, ये संवेदनशील विषय है। उक्त रासायनिक दवाएं जिले भर के कृषि केंद्रों में बेची जा रही है। जिस तरह बुचीभरदा में फसलें झुलस गई हैं आशंका है कि जिले भर में फसल पर इसके इस्तेमाल से किसानों को बड़ी क्षति हो सकती है। उन्होंने तत्काल इस रासायनिक कृषि दवा के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग भी की है। ग्रामीणों के साथ कलेक्टर से चर्चा कर मुदलियार ने तत्काल मामले की जांच और किसानों को मुआवजे के लिए अपनी मांग रखी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रकरण को संवेदनशील मानते हुए जांच की बात कही है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि, प्रभावित फसल और दवा की जांच कर तात्कालिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बुचीभरदा के प्रभावित किसान राहुल साहू, युवराज साहू, चंद्रहास साहू, चिनेश साहू के साथ ही प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव चेतन भानुशाली, ग्रामीण टीकाराम साहू, भूपेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### विक्रेता ने कहा, सिर्फ बुचीभरदा में शिकायत

प्रभावित किसानों ने सुरगी के जैन कृषि केंद्र से 2 अगस्त को यह कृषि दवा खरीदी थी। कृषि केंद्र के संचालक दिलीप जैन ने बताया कि, हमने क्षेत्र में करीब 220 किसानों को यह खरपतवार खत्म करने की दवा बेची है लेकिन कहीं से ऐसी शिकायत नहीं आयी है। बुचीभरदा के किसानों ने ही फसल झुलसने की बात कही है..। कंपनी के एजेंट और मैंने जाकर खेत का निरीक्षण किया है। हो सकता है कि किसानों ने ज्यादा मात्रा में दवा का उपयोग किया हो।

## उच्च उपज, जलवायु अनकूल एवं जैव-सुदृढ़ वाली 109 नई किस्म की फसल जारी

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली द्वारा विकसित किए गए उच्च उपज, जलवायु अनुकूल एवं जैव-सुदृढ़ वाली 109 नई किस्म की फसल को जारी किया। जिसमें 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाज के बीज जारी किए गए। वही बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागानों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में भी शामिल हैं। इस दौरा प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से भी बातचीत की। इस पहल का उद्देश्य कृषि उत्पादकता और किसानों की आय को बढ़ाना है।

इसके अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा 109 किस्मों के विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा द्वारा जारी किये गये किस्मों के बारे में कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. अतुल रामेश्वर डांगे, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास, प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष गौरव शुक्ला, कार्यक्रम सहायक जितेन्द्र मेश्राम ने अपने-अपने विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

# अस्पताल और हाईस्कूल से वंचित है सीमावर्ती क्षेत्र साईटांगरटोली जो भी विकास हुआ बीजेपी ने किया, कांग्रेस से छलावा ही मिला

## शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी झारखंड पर निर्भर हैं ग्रामीण

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ और झारखंड के अंतिम छोर में बसा गांव साईंटांगर टोली अब भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित गांव है। यहां रोजगार के साधन शून्य हैं। अस्पताल और शिक्षा जैसी सबसे आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को झारखंड में आश्रित रहना पड़ता है। टीकाकरण और छोटी-मोटी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भी उन्हें 5 किलोमीटर पीछे लोदाम आना पड़ता है। वर्तमान में ग्राम पंचायत की आबादी 2500 से अधिक है। ग्रामीणों की ओर से यहां उप स्वास्थ्य केंद्र और बच्चों की शिक्षा के लिए हाईस्कूल की मांग की जा रही है, लेकिन शासन की ओर से अबतक इन समस्याओं पर कोई मदद नहीं मिली।

### अस्पताल बड़ी जरूरत

मूलभूत सुविधाओं में स्वास्थ सुविधा को सबसे पहला स्थान दिया गया है। बिना अच्छा स्वास्थ के शारीरिक और मानसिक विकास संभव नहीं है। साईंटांगर टोली एक उप स्वास्थ्य केंद्र से भी उपेक्षित है। यहां बुजुर्ग, जवान या बच्चे किसी की तबीयत बिगड़ने पर ईलाज के लिए या तो गुमला ले जाया जाता है या फिर किलोमीटर पीछे लोदाम लाया जाता है। प्रसुताओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### स्कूल का भी अभाव

साईं टांगरटोली के शिक्षित वर्ग में शामिल युवक नौशाद ने बताया कि यहां स्वास्थ केंद्र के बाद सबसे अधिक जरूरत हाईस्कूल की है। यहां मीडिल तक स्कूल है। दूर स्कूल होने की वजह से बहुत से विद्यार्थियों की पढ़ाई आधे में छूट रही है। नौशाद ने कहा, वे कॉलेज तक पढ़े हैं और उनकी चाहत है कि साईटांगर टोली के युवक पढ़ाई करें और कोई अच्छा काम करें।

### स्किल डेव्लपमेंट जरूरी

साईंटांगर टोली के युवाओं का कहना है उन्हें स्किल डेव्लपमेंट की ट्रेनिंग की आवश्यकता है। यहां ट्रेनिंग का कोर्स भी मुहैया नहीं कराया गया। कौशल विकास कर सभी अच्छे कार्य की ओर जाना चाहते हैं।

### वोट बैंक बनकर रह गया गांव

मुस्लिम बाहुल्य साईंटांगर टोली के निवासी सदियों से राजनीति गलियारों के लिए वोट बैंक बनकर रह गए। वरिष्ठ व्यक्तियों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, कांग्रेस को जितना समर्थन मिला उतना सहयोग हमें नहीं मिला। उन्होंने यह भी कहा, गांव में सामुदायिक भवन, कब्रिस्तान की बाउंड्री का काम, सड़क स्कूल भवन, आंगनबाड़ी आदि के कार्य बीजेपी की सरकार के दौरान ही किया गया है।

### 2500 की आबादी का नियम

स्वास्थ केंद्र खोले जाने के लिए शासन के द्वारा निर्धारित गाईडलाइन के संबंध में जानकारी मुख्य स्वास्थ एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपीन इंदवार ने देते हुए कहा, नियम तो 3000 की जनसंख्या में स्वास्थ केंद्र खोलने का है लेकिन विशेष परिस्थितियों में 2500 की जनसंख्या में भी अनुमति मिल जाती है।

# अनंत विभूषित जगदगुरू रामानंदाचार्य स्वामी नरेन्द्राचार्य जी महाराज का एक दिवसीय प्रवचन, दर्शन एवं समस्या मार्गदर्शन का कार्यक्रम कल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वामी नरेन्द्राचार्य जी महाराज ऐसे सद्गुरु हैं, जिनकी वाणी, स्पर्श व सानिध्य में शक्ति है। पूरी मानव जाति को प्रेम, सदभावना, दया एवं शांति का संदेश देने वाले तथा हर व्यक्ति के मन में अध्यात्म व सात्विकता की ज्योति जलाने वाले जगद्गुरू नरेन्द्राचार्य जी महाराज आने वाले वर्षों में पूरे विश्व का मार्गदर्शन करने वाले धर्म गुरू होंगे तथा उनका स्व-स्वरूप संप्रदाय सारे विश्व में अग्रणी होगा। स्वामी जी के दो गुरुमंत्र तुम जियो और दूसरों को जीने में सहायता करो। सपने में भी किसी का बुरा मत सोचो। तुम्हारा कल्याण होगा। इस असुरक्षित विश्व में मार्गदर्शन के साथ साथ एक दृढ़ आधार की आवश्यकता है। आप कहीं भी रहे, अफ्रीका के घने जंगल में अथवा किसी महासागर में, कहीं भी हों, मैं सदैव तुम्हारे साथ हूँ, आप मुझे भक्ति दें, मैं आपको स्थैर्य दूंगा, ऐसा कहने वाले स्वामीजी के ये विचार ही नहीं अपितु आप इसे अपने जीवन में आजमाकर देखिये, फिर इन पर आस्था और विश्वास करिये। जगद्गुरू देश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व मे साल भर भ्रमण कर अपने अमृत वाणी से प्रवचन कर मुक्ति का मार्ग दिखाते हैं। भक्तों की समस्याओं का मार्गदर्शन करते हैं। इसी कड़ी में अनंत विभूषित जगदगुरू रामानंदाचार्य स्वामी नरेन्द्राचार्य जी महाराज का एक दिवसीय प्रवचन, दर्शन एवं समस्या मार्गदर्शन का कार्यक्रम



14.08.2024 दिन बुधवार को निरंजन धर्मशाला, होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल के बाजू में, वी.आई.पी. रोड, रायपुर में आयोजित है।

कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे प्रारंभ होकर सायं 5:00 बजे समाप्त होगा। इस कार्यक्रम में जगद्गुरू के मुखारविन्द से दिव्य प्रवचन किया जावेगा। तत्पश्चात् जगद्गुरू द्वारा हजारों भक्तों की समस्याओं के समाधान हेतु मार्गदर्शन दिया जावेगा। इस दिव्य भव्य आयोजन में सहभागी बनकर पुण्य अर्जित करने का यह स्वर्ण अवसर है। आप सभी से विनम्र निवेदन है कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर इस स्वर्ण अवसर का लाभ उठायें। समस्या मार्गदर्शन पर्ची दिनांक 14 अगस्त 2024 को सुबह 7:00 से 8:00 बजे के बीच कार्यक्रम स्थल पर मिलेगी।

# अपने विधानसभा क्षेत्र में राम विचार नेताम ने की तिरंगा यात्रा की शुरुआत

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07 के विधायक एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने रामानुजगंज वाड्रफनगर मार्ग पर स्थित अटल चौक से तिरंगा यात्रा कि शुरुआत की जो पेट्रोल पंप रोड होते हुए लरंगसाय चौक से हो कर चांदनी चौक पर स्थित भारत माता प्रतिमा के पास पहुंचे जहां पर उन्होंने माल्यार्पण का धूप दीप प्रज्वलित करते हुए आरती वंदन कर प्रसाद वितरण किया गया। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए राम विचार नेताम ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्रव्यापी आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत पूरे देश में की गई है इसी घड़ी में आज तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई। उन्होंने उपस्थित जनों से आवाहन किया कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को स्वतंत्रता दिवस के दिन समय से अपने घरों पर स्थापित करते हुए निर्धारित समय पर ही उनको सम्मान पूर्वक निकले ताकि ध्वज का सम्मान बना रहे। पूरे देश में 15 अगस्त के दिन स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। सभा समाप्ति के बाद राम विचार नेताम ने काका लरंगसाय कम्युनिटी टाउन हॉल में आम जनता से मुलाकात कर उनके दुख दर्द से वाकिफ हुए और उन्होंने कहा कि आपकी जो भी समस्याएं हैं उसका समाधान किया जाएगा। काफी लंबे समय के बाद अपने नेता राम विचार नेताम को अपने बीच पाकर लोग हर्षित नजर आए। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष चंदा सिंह,ज़िला महामंत्री अश्वनी गुप्ता,जिला सह मीडिया प्रभारी अजय यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अशर्फी यादव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# जशपुर एसपी सिंह ने पशु तस्करों से 2 करोड़ के 22 वाहन किए जब्त, जिसमें 18 पिकअप शामिल

## 36 प्रकरणों में 43 आरोपी गिरफ्तार, 431 गौवंश तस्करों से मुक्त

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

एसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनवरी 2024 से अब तक गौ तस्करों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कुल 36 प्रकरणों में 43 आरोपियों को गिरफ्तार कर 431 गौवंश को तस्करी होने से बचाया गया है।

### 2 करोड़ के वाहन जब्त

गौ तस्करों द्वारा तस्करी करने में अधिकतर पीकअप वाहन एवं ट्रक का प्रयोग करते हैं, इस दौरान पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही कर तस्करों से पीकअप वाहन -18, छोटा हाथी-02, ट्रक-01 एवं अल्टो कार 01 नग को जप्त किया गया गया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 02 करोड़ रू. है। गौ तस्करी में प्रयुक्त अधिकतर वाहन का रजिस्ट्रेशन झारखंड राज्य में हुआ है।



### झारखंड नंबर की है गाड़ियां

गौ-तस्करी में प्रयुक्त सर्वाधिक थाना लोदाम द्वारा पीकअप वाहन क्र. JH 01 FA 4057, JH 01 FJ 2568, JH 01 FE 9799, JH 01 EL 5986, JH 02 AS 5243, JH 01 FP 1270, जे.एच. 01 एफपी/2421, JH 01 EH 4830, JH 19 E 7954, JH 01 ET1457, JH 01 FF 4925, JH 19 E 7804, JH 03 L 9806, MH 12 TRE 0797 एवं आल्टो कार JH 10 W 2209, थाना कुनकुरी द्वारा पीकअप वाहन क्र. JH 01 EX 8675 एवं JH 01 FC 5480, थाना नारायणपुर द्वारा पीकअप वाहन क्र. JH 01 FE 7395, थाना तुमला द्वारा पीकअप वाहन क्र. OD 16 A 2018 एवं छोटा हाथी वाहन क्र. JH 01 E 9753, थाना कांसाबेल द्वारा ट्रक क्र. JH 01A क्र 7060, चौकी मनोरा द्वारा पीकअप वाहन क्र. JH 01 FM 4170 को जप्त किया गया है।

### राजसात की कार्यवाई करेंग कलेक्टर

पुलिस द्वारा गौ तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को लगातार जप्त करने एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने पर उन्हें निश्चित ही बड़ी आर्थिक छति हो रही है, अब वे वाहनों में तस्करी करना कम कर दिये हैं। जशपुर पुलिस द्वारा निरंतर इनके सप्लाई चेन को निरंतर ध्वस्त किया जा रहा है। गिरफ्तार हुये गौ तस्करों को तस्करी का धंधा छोड़ कर अन्य दूसरे व्यवसाय से जुड़ने हेतु कहा जा रहा है। कलेक्टर जशपुर की ओर गौ तस्करी में जप्त वाहनों की राजसात करने की प्रक्रिया के लिए भेजा गया है।

जशपुर पुलिस की इस कार्यवाही से गौ तस्करों पर निष्चित् रूप से बड़ा आर्थिक चोट पहुंचा है, जशपुर पुलिस का गौ-तस्करों के विरूद्ध लगातार अभियान जारी रहेगा, तस्करी का नेक्सस को पूरी तरह ध्वस्त करना उद्देष्य है। गिरफ्तार हुए पशु तस्करों को तस्करी का धंधा छोड़ कर अन्य दूसरे व्यवसाय से जुड़कर अच्छा सामाजिक जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

-शशिमोहन सिंह, एसपी जशपुर

# कलेक्टर डॉ. मित्तल ने लिया जिले के सभी नगरी क्षेत्र के सीएमओ की बैठक

## नगरीय क्षेत्र में विकास एव निर्माण कार्यों की ली जानकारी



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कालेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी नगरी क्षेत्र के सीएमओ की बैठक लेकर उनसे नगरीय क्षेत्र में विकास एव निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कुनकुरी, पत्थलगांव, जशपुर के सीएमओ से बस स्टैंड हेतु जानकारी ली एवं प्रस्ताव प्रेषित करने को कहा। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने बगीचा सीएमओ को नदी के तट पर चौपाटी का प्रस्ताव और गौरव पथ का प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी सीएमओ को को एस टी पी , डब्लू टी पी निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुनकुरी जशपुर में ई लाइब्रेरी नालंदा परिसर निर्माण के लिए शासन के निर्देश अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम जशपुर को दीनदयाल उपाध्याय संस्कृतिक भवन निर्माण स्थल चयन करने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर हरि ओम द्विवेदी सहित सभी सीएमओ उपस्थित थे।

# जब संवाद होता है, तब समाधान निकलता है, संवाद से ही संभावनाओं का विस्तार होता है : विधायक गोमती साय

- विधायक ने कोतबा जनदर्शन में समस्याओं का जल्द निराकरण करने दिया आश्वासन

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जब संवाद होता है, तब समाधान निकलता है। संवाद से ही संभावनाओं का विस्तार होता है।उक्त बातें कोतबा नगर में पहली बार जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने जनता के बीच कही उन्होंने सोमवार को कोतबा के कारगिल चौक स्थित कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से क्षेत्रवासियों के साथ वार्तालाप कर समस्याएं सुनी, साथ ही समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कराने का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया कार्यक्रम में हाईस्कूल पारा की कुछ महिलाओं ने छठ घाट निर्माण की मांग रखते हुए व्रतियों को होने वाली परेशानी से अवगत कराया गोमती साय ने आवेदन पत्र स्वीकार करते हुए जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया कार्यक्रम के दौरान कोतबा के सभी भजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमे प्रमुख रूप में साँवरिया अग्रवाल, उमाशंकर भगत, हेमवती भगत, अजय गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्कूल के तिरंगा रैली में शामिल हुई विधायक

प्यारे बच्चों के साथ आजादी के इस अमृतमहोत्सव मे आयोजित तिरंगा यात्रा मे विधायक गोमती साय सम्मिलित हुई। छोटे बच्चे हाथों में उत्साह के साथ तिरंगा लिये रैली में देशभक्ति गीत गाते हुये कारगिल चौक तक रैली निकाली इस दौरान विधायक गोमती साय ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा का उद्देश्य राष्ट्र के प्रतीक तिरंगा के प्रति प्रेम भाव जगाना है। हमें देश मे शहिद होने वाले वीरों के गाथाओं को जन जन तक पहुँचना हैं. ताकि लोगों में देश प्रेम की भावना प्रगट हो।

# कलेक्टोरेट परिसर में समूह की दीदियों ने सजाया पंडाल

## तिरंगा और राखियां की बिक्री से एक ही दिन में किया 30 हजार का कारोबार

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर अवनीश शरण के मार्गदर्शन में अभियान को सफल बनाने में सभी विभाग जुटे हैं। 9 अगस्त से 15 अगस्त तक स्वंत्रता सप्ताह के तहत विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं, इसी कड़ी में कलेक्टोरेट परिसर में हर घर तिरंगा अभियान के लिए चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में सबसे पहले हस्ताक्षर कर कलेक्टर ने अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने परिसर में स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर उनसे तिरंगा ध्वज भी खरीदा। स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा कलेक्टरेट परिसर में लगाए गए स्टॉल का कलेक्टर अवनीश शरण ने निरीक्षण किया और दीदियों से बिक्री के विषय में जानकारी ली। श्री अवनीश शरण ने दीदियों से ध्वज भी खरीदा। इस मौके पर उन्होंने हर घर तिरंगा के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ भी किया। कलेक्टर ने सभी से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की। कलेक्टरेट परिसर में स्टॉल लगा रही स्व सहायता समूह की दीदियों ने बताया कि उनके समूह द्वारा धान से बनी राखी और तिरंगा ध्वज का स्टॉल के जरिए बिक्री की जा रही है, जिसके प्रति लोगों का अच्छा रुझान देखने को मिल रहा है और कलेक्टरेट आने वाले लोग धान से बनी राखी काफी पसंद कर रहे हैं और तिरंगा ध्वज खरीदने बड़ी संख्या में लोग पंहुचे। उन्होंने बताया कि अब तक 500 के लगभग राखियां बनाई गई हैं, जिनमें 100 से अधिक बेची जा चुकी है। कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए स्टॉल से उनका अच्छा कारोबार हुआ और उन्होंने 1500 तिरंगा बेचकर लगभग 28000 का कारोबार किया साथ ही राखी बेचकर भी अच्छी कमाई हुई। उल्लेखनीय है कि बिहान योजना के माध्यम से जिले की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हो रही हैं और विभिन्न आजीविका स्त्रोतों से अपनी आय बढ़ा रही हैं।

## प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम ने संगठन के विस्तार एवं मंडल कमीशन के 40 अनुशंसाओं पर अपना अभिव्यक्त प्रस्तुत किया

# ओबीसी महासभा ने मंडल कमीशन अनुशंसा दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




ओबीसी महासभा जिला जांजगीर चांपा के तत्वाधान में मंडल कमीशन अनुशंसा दिवस पिछले दिनों ओबीसी महासभा के जिला कार्यालय पीआरजी काम्प्लेक्स स्टेशन रोड जांजगीर में आयोजित हुआ जिसमें जिले भर के ओबीसी महासभा के कार्यकर्ता सदस्य उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यास कश्यप विधायक जांजगीर चांपा, जयाकांता हरिशंकर राठौर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास सभापति, जनक राम साहू प्रदेश महासचिव, पुनेश्वर देवांगन, हरीश साहू संभाग अध्यक्ष,तेज प्रताप सिंह राठौड़ संभाग उपाध्यक्ष सम्मिलित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकेश राठौर प्रदेश अध्यक्ष महाकाली संगठन, ओबीसी राधेश्याम प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा , कुसुम कमल काका जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर मंजू राठौर क्षत्रिय राठौर समाज सम्मिलित रहे। विशिष्ट अतिथि हरीश साहू जिला प्रभारी, योगेश गोपाल सचिव जिला अधिवक्ता संघ, रविंद्र राठौर जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक व्यास कश्यप ने ओबीसी समाज के सभी लोगों को एक साथ होकर आगे आने की बात कही और अपना पूरा समर्थन सहयोग देने की बातें की। प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम ने संगठन के विस्तार एवं मंडल कमीशन के 40 अनुशंसाओं पर अपना अभिव्यक्त प्रस्तुत किया एवं महिला संगठन को सशक्त बनाने की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। योगेश साहू मूल निवासी के राष्ट्रीय सदस्य ने भारत के आजादी से लेकर आज तक की जितनी भी घटनाएं सामाजिक स्तर पर घटी उन सभी का विस्तार से चर्चा किया एवं बताया। संभाग अध्यक्ष हरीश साहू एवं तेज प्रताप राठौड़ संभाग उपाध्यक्ष ने संभाग स्तर पर ओबीसी महासभा को और संबल प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया। हरीश गोपाल जिलाध्यक्ष ने सभी सदस्यों से तन मन धन से सहयोग करने की अपेक्षा की और संगठन के विस्तार को पूरे जिले के ग्राम स्तर तक ले जाने और जल्द से जल्द सदस्यता अभियान का रूपरेखा तैयार कर इस अभियान को शुरुआत करने की बात कही। लोकेश राठौर प्रदेश अध्यक्ष महाकाली संगठन ने ओबीसी समाज को हर संभव सहायता प्रदान करने की बात कही और जहां भी आवश्यकता आए वहां उपस्थित रहने की बात कहीं। हरीश साहू जिला प्रभारी ने मंडल कमीशन की अनुशंसाएं एवं बीपी मंडल की जीवनी के बारे में बताया तथा ओबीसी प्रतिनिधित्व के बारे में अपनी जानकारी बताई साथ ही साथ समाज के शैक्षणिक राजनीतिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए जो अच्छा हो सके वह करने पूरे समाज से अपील की। मंडल कमीशन अनुशंसा दिवस मे मुख्य रूप से लंबित राष्ट्रीय जनगणना 2021, मंडल कमीशन के अनुशंसाएं, पिछड़ा वर्ग की सामाजिक आर्थिक राजनीतिक एवं शैक्षणिक लोगों की महत्वाकांक्षा, 52त्न जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी की बात , काका कालेकर आयोग की रिपोर्ट की जन जागरूकता के भाव के कारण, पिछड़े वर्गों के विद्यार्थी महिला सरकारी कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति एवं पिछड़ा वर्ग के सामाजिक राजनीतिक शिक्षण एवं आर्थिक पिछड़ेपन का कारण एवं समाधान का उपाय इन विषयों पर अपनी अपनी बात रखी जाएगी उक्त मंडल कमीशन अनुशंसा दिवस के कार्यक्रम में महेंद्र कुर्मी विकास देवांगन परदेसी कश्यप सावित्री यादव राजेश सोनी जीवन लाल यादव प्रमोद सोनी प्रदीप यादव अनुराग राठौर संजय साहू जीतराम साहू बलराम साहू विवेक यादव आदि ओबीसी समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस का आयोजन 29 अगस्त को

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस 29 को किया जाना है। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट में बैठक ली। इस मौके परनोडल अधिकारी प्रिया कंवर ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यकम का उद्देश्य सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय विद्यालयों, अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, मदरसों, निजी स्कुलों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों में 1 साल से 19 साल तक की आयु वर्ग के सभी बच्चों का स्वास्थ्य एव पोषण का स्तर, एनीमिया की रोकथाम बौद्धिक विकास तथा शाला में उपस्थिति में सुधार हो सके। जिले के ग्राम एवं शहरी क्षेत्रों के बच्चों को कृमिनाशक की दवाई मितानीन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य अमला आंगन बाडी कार्यकर्ता के सहयोग से खिलाया जायेगा। जिले में 1 से 19 साल तक के लक्षित बच्चों की संख्या लगभग 3 लाख 13 हजार 371 है। उन्होंने बताया कि एलबेन्डाजॉल 400 मि.ग्रा. की दवाई 1 साल से 2 साल तक बच्चों को आधी गोली चम्मच में घोल कर एवं 2 से 3 साल तक के बच्चों को 1 पूरी गोली घोलकर अथवा चबाकर तथा 19 साल तक की आयु वर्ग के बच्चों को 1 गोली पूरी चबा-चबाकर खाने को दिया जायेगा। यह दवाई कड़वी नही होती है, इस दवाई को सेवा प्रदाता अपने सामने में खिलायेगें। बैठक में कृमि संक्रमण से शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया कि कृमि बच्चों में कुपोषण के मुख्य कारक है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403